ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 13 जून 2024
वर्ष 34, अंक 137, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा 2

अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल 14

कठुआ में मारे गए आतंकी, एक जवान भी शहीद

जम्मू, एजेंसी

कठुआ के सैदा सुखल गांव में मोर्चा संभाले जवान। ● एजेंसी

- आतंकवादियों से मुठभेड़ में छह सुरक्षाकर्मी हुए घायल
- हथियार, गोला-बारूद, एक लाख नकदी जब्त

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे एक आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में बुधवार को मार गिराया। इस दौरान एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराया गया।

हालांकि मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान जम्मू सांबा कठुआ रेंज के डीआईजी सुनील गुप्ता और कठुआ के एसएसपी अनायत अली चौधरी के वाहनों पर कई गोलियां लगीं लेकिन अधिकारी सुरक्षित बच निकले। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट कठुआ के सैदा सुखल गांव में बुधवार अपराह्न पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में दूसरे आतंकवादी को मार गिराया गया। बताया कि मंगलवार देर रात आतंकवादियों ने गांव में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। जिसमें मध्य प्रदेश के निवासी सीआरपीएफ के जवान कबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया।

जम्मू क्षेत्र के एडीजी आनंद जैन ने कहा कि दो आतंकवादी जो हाल में सीमापार से घुसपैठ करके आए थे, रात आठ बजे (मंगलवार) के आसपास गांव में दिखाई दिए। एक आतंकवादी ने पुलिस दल पर हथगोला फेंकने की कोशिश की लेकिन मुठभेड़ में उसे मार गिराया गया। मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है।

खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75% पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट का पड़ा असर

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत और मई, 2023 में 4.31 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 8.70 प्रतिशत थी। कुल मुद्रास्फीति में फरवरी, 2024 से लगातार कमी आई है। यह फरवरी में 5.1 प्रतिशत थी और अप्रैल, 2024 में घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि सीपीआई मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे। इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसमें पहली तिमाही में इसके 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

निफ्टी नए उच्चस्तर पर, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा

- बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

मुंबई/नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 149.98 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 177.1 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बढ़कर 429.32 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

एक नजर

गैंगस्टर जयेश पुजारी पर अदालत में हमला

बेलगावी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आलोक कुमार को धमकी देने वाले कुख्यात गैंगस्टर जयेश पुजारी ने बुधवार को कर्नाटक में बेलगावी जिला अदालत में पेशी के समय पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए। फिरौती की मांगों और गडकरी के नागपुर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए कुख्यात पुजारी ने न्यायाधीश के समक्ष अपना मामला पेश करने का मौका नहीं दिए जाने पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया तो वहां मौजूद अधिवक्ताओं और लोगों ने पुजारी से मारपीट शुरू कर दी।

राष्ट्रपति ने खारिज की आतंकी की दया याचिका

नई दिल्ली। करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्वारा 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। उच्चतम न्यायालय ने तीन नवंबर, 2022 को आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

कुवैत में रिहाइशी इमारत में लगी आग, भारतीयों समेत 41 की मौत

हादसा : छह मंजिला इमारत में रहते थे 160 लोग, सभी एक ही कंपनी के कर्मी

दुबई, एजेंसी

कुवैत में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को लगी भीषण आग में 41 लोगों के मारे जाने की आशंका है। खाड़ी देश से मिल रही खबरों के अनुसार, मरने वालों में अधिकांश भारतीय है। अधिकारियों ने बताया कि आग बुधवार तड़के कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत के रसोईघर से लगी। बताया जा रहा है कि इमारत में करीब 160 लोग रहते थे, जो एक ही कंपनी के कर्मचारी हैं। कुवैत अपराध-विज्ञान विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान के मुताबिक मृतकों की संख्या 35 से अधिक हो गई है। 15 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया जिनमें से चार की बाद में मौत हो गई। मृतकों में अधिकतर भारतीय हैं, जिनकी उम्र 20 से 50 वर्ष के बीच है। बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमन कर्मी भी घायल हुए हैं। अधिकतर की मौत सोते समय धुएं के कारण दम घुटने से हुई। कुवैत में भारतीय दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा कि कुवैत सिटी में आग लगने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। खबर है कि 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं। हमारे राजदूत मौके पर गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।

कुवैत के मंगाफ क्षेत्र स्थित छह मंजिला इमारत में आग लगने के बाद मौके पर आग बुझाने में लगीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां। ● एजेंसी

भारतीय राजदूत आदर्श स्वैका ने दुर्घटनास्थल मंगाफ का दौरा किया और अस्पताल भी गए जहां अग्निकांड में घायल भारतीय कर्मचारियों का उपचार चल रहा है। 'कुवैत टाइम्स' की खबर के अनुसार, कुवैत के पहले उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने पुलिस को मंगाफ इमारत के मालिक, इमारत के चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को जांच पूरी होने तक गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। मंत्री ने कहा कि जो कुछ हुआ वह कंपनी और भवन मालिकों के लालच का परिणाम है। 'अरब टाइम्स' के मुताबिक, कुवैत नगर पालिका के महानिदेशक इंजीनियर सऊद अल-दब्बौस ने कई प्रमुख अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन कुवैत रवाना

नई दिल्ली। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भीषण आग में झुलसे भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

हरदोई में बालू से भरा ट्रक झोपड़ी पर पलटा, 4 बच्चों समेत 8 की मौत

संवाददाता, मल्लावां/हरदोई

बिल्हौर-कटरा हाईवे पर झोपड़ी पर पलटा ट्रक। ● अमृत विचार

- सड़क किनारे झोपड़ी में सो रहा था परिवार, जेसीबी की मदद से शवों को बाहर निकाला
- बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर 2 के पास हुआ हादसा

अमृत विचार : बुधवार तड़के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 के पास सड़क किनारे झोपड़ी में रह रहे एक परिवार पर बालू से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो पुरुष, दो महिला और चार बच्चे शामिल हैं। जेसीबी, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। हादसे की खबर सुनते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह और एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी मौके पर पहुंचे। डीएम ने बताया कि ड्राइवर अवधेश पुलिस की गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार रात दो बजे के लगभग बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 निवासी अवधेश (45) पुत्र रामपाल, उसकी पत्नी सुधा (42), बेटी सुनैना (12), कोमल (7) व चार वर्षीय बुद्धू अपने डेरे (झोपड़ी) के बाहर चारपाई पर सोए हुए थे। जबकि पास में दूसरी चारपाई पर अवधेश की बेटी हीरो (25) उसका पति बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कासुपेट निवासी करन (26) उसकी पुत्री बिट्टो (6) और 2 वर्षीय बेटा बिहारी सो रहे थे। इसी बीच बालू से ओवरलोड ट्रक चुंगी नंबर-2 स्पीड ब्रेकर के पास पहुंचते ही सो रहे लोगों के ऊपर पलट गया, सभी लोग बालू के नीचे दब गए। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और किसी तरह बिट्टो को खींचकर बाहर निकाला, लेकिन बाकी लोग दबे रहे। सूचना पर एसएचओ मल्लावां निर्भय सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जेसीबी व क्रेन की मदद से बालू हटवा कर ट्रक के नीचे दबे आठ लोगों को बाहर निकलवाया और एम्बुलेंस-108 से सीएचसी मल्लावां भेजा, लेकिन रास्ते में ही सभी की मौत हो चुकी थी। बिट्टो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर ड्राइवर अवधेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर पहुंचीं राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मृतकों के परिजनों को अधिक से अधिक राजकीय सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

निर्धारित समय में मिलेगा नया बिजली कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर निगम क्षेत्र में 3 दिन, नपा में 7 व ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन तय

अमृत विचार : प्रदेश के लोगों को अब निर्धारित समय में नया बिजली कनेक्शन मिलेगा। नगर निगम क्षेत्र में 3 दिन, नगर पालिका क्षेत्र में 7 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन की समय सीमा तय की गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत आदेश जारी किए हैं।

कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कनेक्शन के लिए जहां बिजली लाइन बनाने की आवश्यकता नहीं है, वहां तय अवधि में कनेक्शन दे दिया जाए। वितरण लाइन के विस्तार या नया ट्रांसफार्मर लगाने के मामलों में 90 दिन के भीतर नया कनेक्शन दिया जाए।

29,820 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

लखनऊ। प्रदेश में बुधवार को फिर बिजली मांग का पिछला रिकार्ड टूट गया। अधिकतम मांग बढ़कर 29,820 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने यह मांग पूरी कर नया रिकार्ड बनाया। बिजली आपूर्ति के मामले में प्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में नंबर वन पर पहुंच गया है।

दीवार गिरने से भाई-बहन समेत तीन की मौत

बहराइच। बुधवार तड़के रामगांव थाना क्षेत्र के भगवानपुर माफी गांव में छत पर सो रहे पांच लोगों पर पड़ोसी मोहम्मद हुसैन के मकान की जर्जर दीवार गिर गई, जिसके मलबे के नीचे दबकर रहीश के पुत्र गुफरान (5), पुत्री मिसबा (3) और भांजे इमरान (10) की मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायल रहीश (35) व उनकी पत्नी शरीफुन निशा (30) जिला अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार, जिस मकान की दीवार गिरी, वह काफी पुराना व जर्जर है। मकान मालिक अपने परिवार सहित दूसरे गांव में रहता है।

रायबरेली सीट छोड़ें या वायनाड

मलप्पुरम (केरल), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने यहां एक जनसभा में कहा कि मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा सीट से जीत हासिल करने के बाद यह उनकी राज्य में पहली यात्रा है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री अपने बारे में दावा करते हैं। दुर्भाग्यवश, मेरे पास यह सुविधा नहीं है क्योंकि मैं एक इंसान हूं।

दुविधा में राहुल

- कांग्रेस नेता ने कहा-मेरे फैसले से दोनों क्षेत्रों के लोग खुश होंगे

अखिलेश ने करहल विस सीट से दिया इस्तीफा

लखनऊ। सांसद बनने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। सांसद बने सपा के अन्य सात विधायक भी इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। कन्नौज सीट से सांसद बने अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से तो वहीं फैजाबाद सीट से सांसद अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट के इस्तीफा दिया।

मोदी वाराणसी से जारी करेंगे किसान निधि की 17वीं किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18 को काशी में आभार यात्रा पर आ रहे हैं प्रधानमंत्री

अमृत विचार : पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का इंतजार कर रहे करोड़ों किसानों के लिए अच्छी खबर है। आभार यात्रा पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश के करोड़ों किसानों को पीएम किसान की 17वीं किस्त देने वाले हैं। केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद नरेंद्र मोदी आने वाले मंगलवार को पहली बार वाराणसी आएंगे। एक दिवसीय दौरे के दौरान मोदी वाराणसी में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह किसानों को सम्मानित करेंगे और किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। जिससे काशी के लगभग 267,665 किसान लाभान्वित होंगे।

मोदी जी-7 सम्मेलन में भाग लेने इटली जाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सात शक्तिशाली देशों के समूह जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की रात इटली जाएंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को यहां एक ब्रीफिंग में कहा कि तीसरे कार्यकाल में मोदी की यह पहली विदेश यात्रा होगी।

मां ने चार वर्ष के इकलौते बेटे को फावड़े से काटकर जला दिया

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- बेटे को लेकर पिता डॉक्टर के पास गया लेकिन नहीं बचा पाया
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी मां को किया गिरफ्तार

अमृत विचार : हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना में मां ने चार वर्षीय इकलौते बेटे को फावड़े से काटकर आग के हवाले कर दिया। खेत से लौटे पिता ने किसी तरह बेटे को आग से निकाला और चिकित्सक के पास ले गया, लेकिन चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने बताया कि गांव जलालपुर हसना निवासी कपिल कुमार की पत्नी आदेश ने बुधवार की सुबह अपने बेटे हर्ष उर्फ कल्लू को फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया। उसने शव को जलाने का प्रयास किया। महिला ने अपने बच्चे की हत्या क्यों की, अभी पता नहीं चल सका है। पूछताछ में महिला ने कोई कारण नहीं बताया है। मायके वाले महिला को मानसिक रूप से कमजोर बता रहे हैं जबकि पति इससे इनकार कर रहा है। पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

बेटे के शव को छूते ही पति को मारने दौड़ी

बच्चे के पिता कपिल ने बताया कि वह खेत से लौटा तो पता चला कि मेरी पत्नी ने बेटे को मार डाला है। आग में बेटे का शव रखा हुआ था। शव हटाने लगा तो पत्नी मुझे मारने के लिए दौड़ी। इस दौरान वह कह रही थी कि सबको मार दूंगी। सुबह ऐसी कोई बात नहीं थी। मैं नाश्ता करके खेत गया था। सब ठीक था, परिवार में कोई विवाद भी नहीं था।

> सूचना मिली थी कि हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में मां ने बच्चे की हत्या कर शव जलाया है। पुलिस मौके पर पहुंची। पिता की तहरीर पर बच्चे की मां के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। – **राम अर्ज**, एसपी ग्रामीण।

संसद सत्र 24 जून से शुरू, 3 जुलाई को समाप्त

नई दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई को समाप्त होगा। सत्र के पहले तीन दिनों में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्ष के लिए नई सरकार के कामकाज का खाका प्रस्तुत कर सकती हैं। रीजीजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के आगामी सत्र में रचनात्मक बहस की अपील की और कहा कि देश सदन में अच्छी चर्चा देखना चाहता है।

सरकारी स्कूलों को मिलेंगे 5,856 शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 12,460 शिक्षक भर्ती में नियुक्त शिक्षकों को ऑनलाइन मिलेंगे विद्यालय

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक विद्यालयों को जल्द ही 5,856 शिक्षक मिल जाएंगे। इसके लिए परिषद सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने 51 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप पर नियुक्त शिक्षक अभ्यर्थियों का ब्योरा मांगा है। सभी शिक्षकों को ऑनलाइन विद्यालय आवंटित किए जाएंगे।

बता दें कि 12,460 शिक्षक भर्ती के सापेक्ष 5,856 शिक्षकों को विद्यालय में तैनाती दी जाएगी। ये वह शिक्षक हैं जिनका मामला न्यायालय में लंबे समय से अटका हुआ था। अब इनके पक्ष में निर्णय आने के बाद तैनाती के लिए सचिव ने तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों को उन विद्यालयों में तैनाती दी जाएगी। जहां पर पहले से शिक्षकों कमी है। इस संबंध में विद्यालयों की सूचना भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों की ओर से मांगी गई है।

> चयनित शिक्षक अभ्यर्थी जिनको नियुक्ति पत्र दिया गया है। उनको विद्यालय आवंटन की कार्यवाही राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। अर्ह अभ्यर्थियों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर मांगी गई है। इसके लिए 15 जून तक का समय दिया गया है।
> – **सुरेन्द्र कुमार तिवारी**, सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद

इन 51 जिलों में तैनात होंगे शिक्षक

फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, मथुरा, बदायूं, पीलीभीत, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, ललितपुर, जालौन, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, कानपुरदेहात, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बलिया, शामली।



इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा

इंग्लैंड vs ओमान
रात 12 :30 बजे

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था।

जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है। इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया लगातार तीन मैच में जीत से सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। स्कॉटलैंड तीन मैच में पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो उसके सात अंक हो जाएंगे और वह सुपर 8 में जगह बना देगा। इसलिए इंग्लैंड इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत की दुआ करेगा। जहां तक ओमान का सवाल है तो उसने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। यह मैच भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 12.30 बजे से होगा।

उम्मीदें जिंदा रखने के लिए भिड़ेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड

किंग्सटाउन, एजेंसी

मैच : रात 8 :00 बजे

बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है।

बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।

करो या मरो मैच में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

टरूबा, एजेंसी

मैच : सुबह 6 :00 बजे

न्यूजीलैंड को अगर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। वहीं, वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है और लगातार तीसरी जीत से वह सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगा। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ वेस्टइंडीज को आसान जीत नहीं मिली लेकिन पिछले मैच में युगांडा को उसने 39 रन पर आउट करके 134 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी। यह मुकाबाला भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से शुरू होगा।

खेल डायरी

पूर्व फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का निधन

कोच्चि। पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था। उन्होंने संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया। खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी। चथुन्नी कई टीमों के कोच रहे जिनमें मोहन बागान, डेंपो गोवा और एफसी कोचीन भी शामिल हैं। वह 1979 में केरल की संतोष ट्रॉफी टीम के कोच भी रहे। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

2027 तक मुंबई सिटी एफसी में बने रहेंगे वालपुइया

मुंबई। वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा। मुंबई सिटी एफसी के लिए 23 मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा क्लब ने एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी दोनों के रूप में मेरे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम के सहयोगी सदस्यों, साथी खिलाड़ियों और सभी कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में लगातार मदद की है और मेरी क्षमताओं पर अटूट भरोसा दिखाया है।

साथ आए वर्ल्ड एथलेटिक्स और टाटा कम्युनिकेशंस

नई दिल्ली। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को टाटा कम्युनिकेशंस के साथ पांच साल का वैश्विक प्रसारण सेवा समझौता किया जिससे भारतीय दूरसंचार कंपनी अगले साल से तोक्यो विश्व चैंपियनशिप सहित एथलेटिक्स की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं की कवरेज में भागीदार बन जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस नवाचार और दर्शकों की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन के लिए एक प्रमुख रणनीतिक आपूर्तिकर्ता होगा। वर्ष 2025 में मार्च में नानजिंग में विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप, मई में ग्वांग्झू में विश्व एथलेटिक्स रिले और सितंबर में सेन डिएगो में विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं। द्विवार्षिक विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स सीरीज के टूर्नामेंटों के मेजबान प्रसारक के रूप में टाटा कम्युनिकेशंस कवरेज तैयार करने और महाद्वीपों में अनुकूलित, विश्व स्तरीय लाइव सामग्री वितरित करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगे नडाल और अलकराज



मैड्रिड। राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस खेल के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल (2008) और युगल (2016 में मार्क लोपेज के साथ) में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं।

अमेरिका ने भारत को दिया 111 रन का लक्ष्य

अर्शदीप ने की शानदार गेंदबाजी झटके 4 विकेट, नीतिश ने बनाए सर्वाधिक 27 रन

अरोन जोन्स विकेट लेने के बाद हार्दिक पांड्या के साथ जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

अमेरिका 110/8 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
शायन जहांगीर पगबाधा अर्शदीप	0	0	0/0
स्टीवन टेलर बोल्ड अक्षर	24	30	0/2
एंड्रीज गॉज कैच हार्दिक बो अर्शदीप	2	5	0/0
अरोन जोन्स कैच सिराज बो हार्दिक	11	22	0/1
नीतिश कुमार कैच सिराज बो अर्शदीप	27	23	2/1
कॉरी एंडरसन कैच पंत बो हार्दिक	14	12	1/1
हरमीत सिंह कैच पंत बो अर्शदीप	10	10	0/1
शैडली वैन नाबाद	11	10	1/0
जसदीप सिंह रनआउट (पंत/सिराज)	2	7	0/0

गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, मोहम्मद सिराज 4-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक पांड्या 4-0-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-24-1

न्यूयॉर्क, एजेंसी

नितीश कुमार (27) और स्टीवन टेलर (24) की पारियों के दम पर अमेरिका ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में भारत को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया है।आज यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओर में तीन रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। शयन जहांगीर (शून्य), ऐंड्रियस गौस (2) अर्शदीप सिंह का शिकार बने। उसके बाद स्टीवन टेलर और कप्तान ऐरन जोंस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने ऐरन जोंस (11) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। नितीश कुमार ने 23 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। उन्हें अर्शदीप सिंह ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच आउट कराया।

कोरी एंडरसन (15), हरमीत सिंह (10) और जसदीप (2) रन बनाकर आउट हुये। शैडली वान शाल्कविक (11) रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 110 रन का स्कोर खड़ा किया।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने नौ रन देकर चार विकेट लिये। हार्दिक पांड्या ने 14 रन देकर दो बल्लेबाजों को आउट किया। अक्षर पटेल को एक विकेट मिला।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत	2	2	0	4	1.455	0
अमेरिका	2	2	0	4	0.626	0
पाकिस्तान	3	1	2	2	0.191	0
कनाडा	3	1	2	2	-0.493	0
आयरलैंड	2	0	2	0	-1.712	0
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
नामीबिया (बा)	2	1	1	2	-0.309	0
इंग्लैंड	1	0	1	1	-1.800	1
ओमान (बा)	3	0	3	0	-1.613	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान	2	2	0	4	5.225	0
वेस्टइंडीज	2	2	0	4	3.574	0
युगांडा	3	1	2	2	-4.217	0
पापुआ न्यू गिनी	2	0	2	0	-0.434	0
न्यूजीलैंड	1	0	1	0	-4.200	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	3	3	0	6	0.603	0
बांग्लादेश	2	1	1	2	0.075	0
नीदरलैंड	2	1	1	2	0.024	0
नेपाल	2	0	1	1	-0.539	1
श्रीलंका	3	0	2	1	-0.777	1

नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी टीम को सराहते कप्तान मार्श और ट्रेविस हेड। ● एजेंसी

एडम जम्पा 12 रन पर चार विकेट के कहर के बाद डेविड वार्नर (20) और ट्रेविस हेड (34) की तूफानी पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के 24वें मुकाबले में महज 34 गेंदों में लक्ष्य हासिल सकते हुए नामीबिया को रिकार्ड नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसे सही साबित करते हुए उसके गेंदबाजों ने नामीबिया की पूरी टीम को 17 ओवर में महज 72 रन पर समेट दिया।

नामीबिया की ओर से कप्तान एरार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। माइकल वैन लिंगेन 10 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के कहर के आगे नामीबिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड और मार्कस स्टॉयनिस को दो-दो विकेट मिले। पैट कमिंस और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 73 रनों के छोटे लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत की। इसी दौरान दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर डेविड वीजा ने वॉर्नर को रुबेन ट्रंपलमन के हाथों कैच आउट करा दिया। वॉर्नर ने आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 17 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल मार्श नौ गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

मैच रद होने के बाद दर्शकों का अभिवादन करती नेपाल की टीम। ● एजेंसी

बारिश के कारण श्रीलंका और नेपाल का मुकाबला हुआ रद

लॉडरहिल, एजेंसी

श्रीलंका और नेपाल के बीच होने वाला टी-20 विश्वकप का 23वां मैच बारिश के कारण रद कर दिया गया। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हो सका।

अंपायरों ने भारी बारिश को देखते हुए मैच रद करने का निर्णय लेते हुए दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिए। रद हुए मैच के कारण श्रीलंका पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। श्रीलंका ग्रुप डी में तीन मैचों में दो हार एक रद के साथ अंक तालिका में एक अंक साथ सबसे निचले पायदान पर है। बारिश के कारण मैच रद होने से श्रीलंका सुपर-8 में प्रवेश मुश्किल हो गया। उसे अगले दौर में प्रवेश के लिए दूसरे देशों की टीम के मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा।

दूसरे दौर में पहुंचे एचएस प्रणय

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन

भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने बुधवार को पुरुष एकल मुकाबले में ब्राजील के यगोर कोएलो को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में अपने राउंड ऑफ 32 मैच में दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी ब्राजील के यगोर कोएलो को 47 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेट में 21-10, 23-21 से हराया।

इस जीत के साथ भारत के शीर्ष शटलर प्रणय राउंड ऑफ 16 में दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी इजरायल के मिशा जिल्बरमैन से भिडेंगे। जिल्बरमैन ने इससे पहले भारत के अभिषेक येलिगर को 21-9, 21-15 से हराया था। इस बीच किरण जॉर्ज ने शुरुआती दौर में कनाडा की शियाओडोंग शेंग को 21-17, 21-10 से हराया और अगले मैच में उनका मुकाबला जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा। मिथुन मंजूनाथ को इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-17, 21-17 से हार का स्वाद चखना पड़ा है। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने पहले दौर में यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-14, 21-11 से हराया।

आकर्षि का दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह से मुकाबला होगा। वहीं हमवतन केयूरा मोपाती को 21-10, 21-18 से हराने वाली मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त एस्टर ट्राई वार्डोयो से मुकाबला होगा। अनुपमा उपाध्याय ने भी मलेशिया की वोंग लिंग चोंग को 47 मिनट में चले मुकाबले में 21-14, 23-21 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उनका मुकाबला इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को हराया

लिस्बन। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपजिग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे। आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किए।

द. कोरिया से हारा चीन लेकिन विश्व कप की उम्मीदें कायम

सियोल। चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत राखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए।

कतर के विवादास्पद गोल की जांच हो : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने गोल की गहन जांच की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

आज का मौसम

आसमान में कड़ी धूप और गर्मी रहेगी।

43.8° अधिकतम तापमान | 28.2° न्यूनतम तापमान

एक नजर

हादसे में साइकिल सवार की मौत, मां-बेटा घायल

पसगवां। अमृत विचार : मोहम्मदी-जंग बहादुर गंज मार्ग पर ग्राम मड़वा में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। बाइक पर सवार मां बेटे घायल हो गए। मंगलवार की रात लगभग आठ बजे थाना क्षेत्र के ग्राम सुखवसा निवासी श्याम बाबू (50) अपने दामाद के साथ साइकिल से मड़वा से सुखवसा जा रहा था। मड़वा में हो थाना क्षेत्र के ग्राम देहरा अजीतपुर निवासी बाइक सवार गंगाराम ने साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर में साइकिल सवार श्याम बाबू और बाइक सवार गंगाराम और उसकी मां सुख देवी गम्भीर रूप से घायल हो गई। तीनों घायलों को सीएचसी भेजा गया। घायल श्याम बाबू को शाहजहांपुर रेफर किया गया और वहां से उन्हें बरेली भेजा गया। जहां श्याम बाबू ने दम तोड़ दिया।

अंतर्जनपदीय गोकश गिरोह का इनामी सरगना गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : थाना खीरी पुलिस ने अंतर्जनपदीय गोकश गिरोह के सरगना लखनऊ निवासी फहीम को गिरफ्तार किया है। एसपी ने उस पर 25,000 रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि लखनऊ के थाना अमीनाबाद की चिकमंडी मौलवीगंज निवासी फहीम पुत्र फारूक अन्तर्जनपदीय गोकश गिरोह का सरगना है। उसके खिलाफ थाना खीरी, लखनऊ के कई थानों में 15 मामले दर्ज हैं। थाना खीरी पुलिस उसे काफी दिनों से खोज रही थी। उस पर 25000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। बुधवार को थाना खीरी पुलिस ने आरोपी फहीम को लखीमपुर खीरी व सीतापुर सीमा पर गांव मरखापुर के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है।

मधुमक्खी पालन के लिए किया जागरूक

महंगापुर। अमृत विचार : एसएसबी 39वीं वाहिनी के सुमेरनगर में एसएसबी क्रमिकों व सीमावर्ती युवाओं को एक दिवसीय मधुमक्खी पालन कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षित व जागरूक किया गया। कमांडेंट राजेश सिंह की अगुवाई में सुमेरनगर में विमल देवाल व निमित सिंह ने प्रशिक्षण दिया। कमांडेंट ने कोर्स संचालक को धन्यवाद दिया।

10 दिन और खुलेगा दुधवा नेशनल पार्क

पर्यटकों के लिए खुशखबरी : 25 जून तक बंद होगा पार्क, बारिश में देरी को लेकर हुआ फैसला



दुधवा नेशनल पार्क का प्रवेश द्वार।

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार: दुधवा राष्ट्रीय उद्यान सहित प्रदेश के समस्त वन्य जीव विहार परिक्षेत्र में पर्यटकों के भ्रमण के लिए इस बार पर्यटन सत्र 10 दिन बढ़ा दिया गया है। दुधवा सहित समस्त वन्य जीव विहार अब 15 जून की बजाय 25 जून को बंद होंगे। यह निर्णय वन विभाग के प्रदेश स्तरीय उच्चाधिकारियों द्वारा वर्षा आगमन में इस बार हो रही देरी एवं पर्यटकों की अभी भी हो रही भारी आमद को देखते हुए लिया गया है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर सेंच्युरी, कर्तनिया घाट वन्य जीव विहार सहित प्रदेश के समस्त वन्य जीव विहार पर्यटन स्थलों का पर्यटन सत्र इस बार 10 दिन बढ़ा दिया गया है। पर्यटक अब 15 जून की बजाय 25 जून तक दुधवा अभ्यारण्य का भ्रमण कर यहां स्वच्छंद विचरण कर रहे बाघ, तेंदुआ, हाथी, गैंडे, बारहसिंघा, सांभर, चीतल, पाढ़ा, काकड़, भालू, नीलगाय, मगरमच्छ, अजगर आदि वन्यजीवों एवं विविध रंग व आकार प्रकार वाले पक्षियों का दीदार कर सकेंगे। डीटीआर के उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि दूरदराज क्षेत्रों से सपरिवार दुधवा आने वाले पर्यटकों को यहां भ्रमण करने का इससे और मौका मिलेगा और दुधवा की आय में भी इजाफा होगा।

अनशनकारी वकील 18 से करेंगे भूख हड़ताल

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने समेत कई मांगों को लेकर वकीलों का क्रमिक अनशन नौवें दिन भी जारी रहा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि 18 जून से आमरण अनशन शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। क्रमिक अनशन पर मनोज श्रीवास्तव के समर्थन में अधिवक्ता लालबिहारी वर्मा, प्रदीप सिंह काजल, राजेश गिरि, केके शुक्ला, अचल श्रीवास्तव, संदीप अवस्थी, जितेंद्र वर्मा, रामकुमार गौतम, लालबहादुर यादव, हरिनाम पांडे, संतकुमार भारती, जयप्रकाश वर्मा, नसीम अहमद, राहुल शुक्ला आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

तीन माह बाद भी सीएमओ को नहीं सौंपी गई जांच रिपोर्ट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ सीएमओ ने जांच समिति को दिया था एक सप्ताह का समय

अमृत विचार: सीएचसी अधीक्षक के कारनामों को लेकर भ्रष्टाचार विरोधी संघर्ष समिति द्वारा की गई शिकायत पर जांच टीम ने तीन माह बाद भी रिपोर्ट नहीं दी है। जिससे नाराज सीएमओ ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है।

भ्रष्टाचार विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष वकील मनोज श्रीवास्तव ने पांच मार्च को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायत भेज कर सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार के खिलाफ जांच कराने की मांग की गई थी। कहा गया था कि सीएचसी अधीक्षक ने अरविंद वर्मा नामक युवक को संरक्षण देकर सीएचसी में आने वाले मरीजों को प्राइवेट अस्पताल भिजवा रहे हैं। कोविड वैक्सीन में धन उगाही की गई है और संयुक्त रूप से प्राइवेट फर्म भी चला रहे हैं। वकील की शिकायत पर सीएमओ ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में दो सदस्यीय टीम गठित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी थी, पर तीन माह व्यतीत हो जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं दी गई। जिससे नाराज सीएमओ ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार को निर्देशित किया है कि तथ्यात्मक जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करें।

जिला अस्पताल में दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चा भर्ती

जिंक की कमी से होता है एक्रोडर्माटाइटिस एंटरोपैथिका बीमारी

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती बच्चे को देखती ट्रेनी डॉक्टर। अमृत विचार

अमृत विचार: जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में अजीबो गरीब बीमारी से ग्रसित एक बच्चे का इलाज हो रहा है। दो वर्षीय मासूम की त्वचा कई जगह से फट चुकी है। वहीं पीठ आदि पर की त्वचा उधड़ रही है। इस अजीब बीमारी को देखकर डॉक्टर से लेकर वार्ड स्टाफ तक अचंभित है। मेडिकल कॉलेज के सीनियर रेजीडेंट एवं बाल रोग विशेषज्ञ ने इस बीमारी का नाम एक्रोडर्माटाइटिस एंटरोपैथिका और इसकी वजह कुपोषण के साथ शरीर में जिंक की कमी बताई है।

सीतापुर जिले की तहसील हरगावं के गांव लघुचा निवासी राकेश कुमार दो वर्षीय पुत्र प्रवेश कुमार को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। बच्चे की हालत देखकर अस्पताल स्टाफ तक सकते में आ गया, क्योंकि बच्चे की त्वचा जगह जगह से फट चुकी थी। वहीं पीठ पर की त्वचा उधड रही थी। बच्चे की हालत को देखकर उसे चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती कर दिया। वार्ड स्टाफ ने बच्चे को बाल रोग विशेषज्ञ से लेकर त्वचा रोग विशेषज्ञ को बुलवाकर दिखवाया। मेडिकल कॉलेज के एसआर एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन वर्मा ने बताया कि कुपोषित होने के साथ बच्चे में जिंक की भी कमी है। इसी वजह से त्वचा फट रही है। यह रोग हजारों में एकाध को होता है। इसकी वजह अनुवांशिक भी हो सकती है। हालाकि अब तक जिले में एक्रोडर्माटाइटिस एंटरोपैथिका का यह पहला मामला है। बच्चे की जांच के लिए सैंपल भेजवाया है, जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है। हालांकि इलाज शुरू कर दिया गया है।

बचाव के तरीके

बाल रोग विशेषज्ञ बताते हैं कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखकर बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है संतुलित और पौष्टिक खान पान। छह माह तक शिशु को सिर्फ माताएं स्तनपान कराएं। इसके बाद उन्हें आहार देना अवश्य शुरू कर दें। इसमें मौसमी फल और सब्जियों का भरपूर सेवन कराएं। खासकर हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल आदि रोजाना दें। इससे न तो विटामिन्स की कमी होगी और न ही अन्य पोषक तत्वों की। इससे बच्चे कुपोषण से लेकर अन्य मौसमी बीमारियों की चपेट में नहीं आएंगे।

> एक्रोडर्माटाइटिस एंटरोपैथिका बीमारी हजारों में एक को होती है। इसकी मुख्य वजह कुपोषण और इसके साथ शरीर में जिंक का अभाव है। यह रोग मुख्य रूप से मुंह के आस पास या फिर शरीर के निचले हिस्से पर असर करता है। हालांकि इसके अलावा बच्चा संक्रमण की भी चपेट में है।
>
> –डॉ. पवन वर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ एवं सीनियर रेजीडेंट मेडिकल कॉलेज

फाइनल खेलेंगी ज्ञानकोष-गट्टानी क्लब की टीमें

▸▸ पिपरिया और केन क्लब मॉल गोदाम को सेमीफइनल में हराकर फाइनल में बनाई जगह

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

मैन आफ द मैच को पुरस्कृत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: गोला कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल गए सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में ज्ञान कोष की टीम ने पिपरिया क्लब और गट्टानी क्रिकेट क्लब ने केन क्लब मॉल गोदाम को सुपर ओवर में पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है।

पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में हो रहे 17वें गोला कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफइनल में हुए पहले रोमांचक मुकाबले में ज्ञानकोष की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तारिक़ 38, धोनी 33 की मदद से 113 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिपरिया क्लब की टीम के खिलाडी टिक कर खेल ही नहीं पाये और उनकी टीम महज 57 रनों पर ही सिमट गई। ज्ञानकोष की टीम ने 56 रनों से बड़ी जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस टीम के तारिक़ को 38 रन बनाने पर मैंन ऑफ द मैच चुना गया।

सेमीफाइनल का दूसरा मुकाबला गट्टानी क्रिकेट क्लब और केन क्लब मॉल गोदाम के बीच खेला गया, जिसमें केन क्लब की टीम ने सीमित ओवरों में 90 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गट्टानी क्लब की टीम के तनवीर 29, सूरज 31 की मदद से ओवर के आखिरी गेंद पर एक सिक्स लगने से मैच टाई हो गया। आखिरकार मैच सुपर ओवर में पहुंच गया, जिसमें गट्टानी क्लब ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली। ज्ञानकोष और गट्टानी क्रिकेट क्लब की टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। सेमीफइनल मुकाबले में अंपायरिंग सौरभ शुक्ल, रोहित गुप्ता, शिवम् ने और कमेंट्री आयुष शुक्ल और राजेंद्र निषाद ने की। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, केके शुक्ला, अजय गिरि, धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, प्रधान राजेश गिरि, रामगुलाम पांडे, शोभित सिंह, शशिकांत मिश्र, प्रदीप सिंह, कमाल अहमद आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

उचक्कों ने व्यापारी को चकमा दे पार किए 48 हजार रुपये

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : मैलानी थाना क्षेत्र के कस्बा कुकरा से दुकान का सामान लेने गोला आए एक व्यापारी को उचक्कों ने झांसा देकर 48 हजार रुपए पार कर दिए, तहरीर पुलिस को दी गई है। मैलानी थाना क्षेत्र के कस्बा कुकरा निवासी जुबेर खान दुकान करते हैं। उनका कहना है कि वह बुधवार को सुबह 9:20 पर गोला में खुटार रोड स्थित गट्टानी की दुकान पर सामान खरीदने गए थे। व्यापारी चिंतित हैं कि ऐसे तो व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जुबेर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

एसडीएम ने किया दो दुकानों को निलंबित

संवाददाता, धौरहरा

▸▸ जटपुरवा और जुगुनूपुर के कोटेदारों में बेच दिया 377 क्विंटल राशन, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: धौरहरा तहसील क्षेत्र के दो कोटेदारों ने सरकारी राशन को बाजार में बेच दिया। कार्ड धारकों को यह कहकर लौटा दिया कि फिंगर नहीं लग रहा है। जब कई दिनों तक राशन नहीं मिली तो कार्ड धारकों ने शिकायत की। जांच में यह बात सामने आने पर एसडीएम ने दोनों कोटे की दुकानें निलंबित कर कोटेदारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

धौरहरा तहसील क्षेत्र के जटपुरवा ग्राम पंचायत के कोटेदार ने गरीबों का 80 क्विंटल और जुगुनूपुर के कोटेदार राजेश कुमार ने 297 क्विंटल राशन ब्लैक मार्केट में बेच दिया। जब कार्ड धारक अपना राशन लेने पहुंचे तो दोनों कोटेदार मशीन में फिंगर न लगने की बात कहकर कार्ड धारकों को लौटा दिया। कई दिन राशन न मिलने पर कार्डधारकों को संदेह हुआ तो एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार से शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक ललित पाठक को जांच सौपी। जब पूर्ति निरीक्षक जांच करने पहुंचे तो दोनों कोटेदारों के गोदाम खाली मिले। पूर्ति निरीक्षक ने रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी। डीएम के आदेश पर एसडीएम राजेश कुमार ने दोनों आरोपी कोटेदारों की राशन की दुकान निलंबित कर, एफआईआर दर्ज कराई। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया दोनों कोटेदार दोषी पाए गए। दोनों के विरूद्ध 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पीस कमेटी की बैठक में शांति से त्योहार मनाने की अपील

पीस कमेटी की बैठक में बोलते एसओ मैलानी। अमृत विचार

संवाददाता, संसारपुर

अमृत विचार: मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में संसारपुर पुलिस चौकी में हुई पीस कमेटी की बैठक में आगामी त्योहार ईद-उल अजहा के मद्देनजर दोनों समुदाय के संभ्रान्त नागरिकों व धर्म गुरुओं के साथ समीक्षा करते हुए आमजन से सुझाव लेकर, नई परम्परा न डालने, त्योहार शांति से मनाने के अपील की गई।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि 17 जून को ईद-उल अजहा का त्योहार है। ऐसे में सभी लोग त्योहार को आपसी सहयोग द्वारा शांति पूर्ण ढंग से मिलजुल कर मनाएं। इस मौके पर चौकी इंचार्ज मोहित पुंडीर, जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना साजिद साहब, प्रधान प्रतिनिधि रामप्रसाद देवल, सिसनौर प्रधान मुनीश वर्मा, सौंखिया प्रधान पुत्र निसार अली बरकाती, रामप्रकाश त्रिवेदी, बाबरपुर प्रधान कंधईलाल, शीबू खान, अहशान अली, अजाउद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

फंदे से लटकता मिला युवक का शव

पिपरिया धनी। अमृत विचार: मोहम्मदी कोतवाली की रेहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्रंट साहबगंज के मजरा गांव शिवपुरी में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम शिवपुरी निवासी रामप्रसाद के पुत्र अहिबरन (35) बुधवार सुबह बैंक के काम से निकला था। परिवार वालों को सूचना मिली कि अहिबरन का शव साहबगंज जंगल के निकट बरगद के पेड़ में फांसी के फंदे में झूल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अहिबरन की मौत से पत्नी सुलोचना (33), पुत्र सत्रोहन (13), पुत्र अंशुल (9), पुत्री शिवांकी (8), शबनम (4) का रो रोकर बुरा हाल है। अहिबरन मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

नीमगांव व उचौलिया एसओ रिवर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ इंस्पेक्टर समेत तीन को मिला चार्ज, कई थानाध्यक्षों की हिल रही कुर्सी, बदलाव की कवायद तेज

अमृत विचार: लोक सभा चुनाव संपन्न होने के बाद जिले में पुलिस महकमे में उलटफेर शुरू हो गया है। अपनी विवादित कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में रहने वाली नीमगांव एसओ श्रद्धा सिंह और उचौलिया एसओ जितेंद्र बहादुर सिंह को एसपी ने रिवर्ट कर दिया है। एक इंस्पेक्टर समेत तीन दरोगाओं को थानों की कमान सौंपी है। क्राइम कंट्रोल न कर पाने वाले कुछ थानेदारों की कुर्सी जा सकती है। जल्द ही बड़े पैमाने पर तबादले हो सकते हैं। इसको लेकर कवायद भी तेज हो गई है।

थाना नीमगांव एसओ श्रद्धा सिंह अपने कारनामों को लेकर विवादों में रहती हैं। पांच महीने पहले थाने से चंद कदमों की दूरी पर खेत की रखवाली कर रहे नीमगांव कस्बा निवासी 45 वर्षीय शिव प्रकाश मिश्रा की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। एसओ श्रद्धा सिंह हिंसक जानवरों के हमले की बात कहते हुए न तो मौके पर गईं और अफसरों को भी गुमराह किया था। इसके बाद भी पुलिस अफसर एसओ श्रद्धा सिंह पर मेहरबान रहे और कोई कार्रवाई नहीं की। हफ्ते भर पहले गांव लखहा में दीवार गिराने को लेकर हुई मारपीट फायरिंग मामले में भी नीमगांव पुलिस की खूब फजीहत हुई थी। इसके बाद से एसओ श्रद्धा सिंह, एसपी के निशाने पर आ गईं थीं, लेकिन चुनावी आचार संहिता लगी होने के कारण अफसर भी असहाय दिखे। लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने के एक हफ्ते बाद एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मंगलवार की रात पहली तबादला सूची जारी की है। उन्होंने पुलिस की सबसे अधिक फजीहत कराने वाली नीमगांव एसओ श्रद्धा सिंह को रिवर्ट कर दिया है। उन्हें शहर की संकटा देवी चौकी का प्रभारी बनाया है। महिला थाना एसओ सुनीता कुशवाहा को इसी पद पर थाना नीमगांव भेजा है। संकटा देवी चौकी प्रभारी शिल्पी शुक्ला अब महिला थाना की थानाध्यक्ष होंगी। एसओ उचौलिया जितेंद्र बहादुर सिंह को रिवर्ट कर वरिष्ठ उप निरीक्षक के पद पर कोतवाली पलिया भेजा है। अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर मनीष कुमार सिंह अब थाना उचौलिया के प्रभारी निरीक्षक होंगे। एसपी कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि जिले में क्राइम कंट्रोल करने में फिसड्डी रहे थानेदारों और चौकी इंचार्जों पर गाज गिरना तय है। एसपी स्तर पर थानेदारों के कामकाज की समीक्षा भी की जा रही है। जिले के चार थानेदारों और कई चौकी इंचार्जों की अब की कुर्सी भी अब हिलने लगी है। जल्द ही जिले में बड़े स्तर बदलाव होने की उम्मीद है। इसको लेकर कवायद भी शुरू कर दी गई है।

सार-संक्षेप

दो घरों से चार लोगों की नकदी समेत जेवर चोरी

संवाददाता, फरधान। अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम मन्योरा में मंगलवार की रात चोरों ने दो मकानों पर धावा बोल दिया और चार परिवारों से नकदी और सोने व चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। गांव मन्योरा निवासी सुधीर कुमार ने बताया कि वह लोग परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। मकान के पीछे के हिस्से से चोर रात किसी समय घर में घुस आए। चोर उसका और उसके दो अन्य भाइयों के कमरे सहित तीन कमरों का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर लें गए। उन्होंने बताया कि चोर दो मंगलसूत्र, एक नथ, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी मालाऔर 38 हजार रूपये कि नकदी चोरी कर ले गए हैं। दूसरे भाई दयाशंकर के कमरे से एक पांच पेंडिल का माला, दो जोड़ी मंगलसूत्र, दो अंगूठी, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी माला, दो नथ, दो कमरबंद, एक जेंट्स अंगूठी और तीसरे भाई दिलीप कुमार के कमरे से एक मंगलसूत्र और एक जोड़ी पायल चोर चुरा ले गए। इसी गांव के पुरषोत्तम के घर से ताला तोड़कर 5 हजार रुपये की नकदी, एक सोने का हार, एक जोड़ी माला, मंगलसूत्र, एक तीन लाकेट वाला माला, एक लाकेट वाला माला, बच्चो के गले का ॐ, दो जोड़ी कुंडल, तीन जोड़ी पायल, आठ जोड़ी बिछिया, दो जोड़ी खडुहा सामान उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

घर में घुसकर लाखों की चोरी, दी तहरीर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा में चोरों ने मकान के पीछे पड़ी टीन के सहारे घर में घुसकर नकदी समेत लाखों के जेवर चुरा लिए है। तहरीर पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा निवासी श्याम नरायन ने हैदराबाद पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मंगलवार की रात चोर मकान के पीछे पड़ी टीन पर चढ़कर घर में घुस आए। गर्मी होने के कारण परिवार के सभी लोग छत पर सो रहे थे। जो चोरों की आहट जान नहीं पाए। चोरों ने घर में घुसकर बक्सा और अल्मारी तोड़कर 60 हजार रुपया नकद, सोने की दो तोला की चेन, एक जोड़ी झाला, झुकमी, मांग बेदा, दो अंगूठी, चांदी की पांच जोड़ी पायल, दो जमुनियां, करधनी, मंगलसूत्र, आठ जोड़ी बिछुआ और कपड़े चोरी कर लिए हैं। सुबह जागने पर परिवार वालों को सामान बिखरा देखकर चोरी की जानकारी हुई। मकान स्वामी ने हैदराबाद पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस के क्षेत्रीय उपनिरीक्षक ने मौका मुआइयना तो किया लेकिन चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गांव के लोग बताते हैं कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है जिनका खुलासा करना तो दूर पुलिस रिपोर्ट तक दर्ज नहीं करती, जिससे लोग भयभीत हैं और चोरों के हौंसले बुलंद हैं।

कर्मियों को तंबाकू का सेवन न करने की दिलाई गई शपथ

कार्यालय स्टाफ को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाते डॉ. हरवंश कुमार।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के तत्वावधान में कर्मचारियों को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार एवं नामित नोडल डॉ. मुनीन्द्र प्रताप ने कार्यालय स्टाफ का तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देकर इसका सेवन न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभ्री को शपथ दिलाकर किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

तैयारी | जिले में पांच से दस फीसदी फर्जी यूनिटों पर वितरित हो रहा राशन, कुछ अपात्र लोग पात्र गृहस्थी योजना का उठा रहे लाभ

राशन कार्ड पर दर्ज नामों की होगी केवाईसी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: राशन कार्ड पर अंकित यूनिटों का सत्यापन कराने की कवायद शुरू होने से कार्डधारकों से लेकर कोटेदारों तक की धड़कन बढ़ गई है। इसकी वजह फर्जी यूनिटों पर राशन का वितरण होना है। जिले में तमाम ऐसे लोग हैं जो स्वर्ग सिधारने के बाद भी धरती पर रहकर मुफ्त का राशन खा रहे हैं। यूनिटों की केवाईसी होने से फर्जी यूनिटों का जिन्न निकलकर सामने आएगा। इसका लाभ उन गरीबों को मिलेगा जो अब तक राशन कार्ड से वंचित। जिले में करीब पांच से दस फीसद लोग ऐसे हैं जो मरने के बाद या फिर अपात्र होकर भी पात्र गृहस्थी से लेकर अंत्योदय योजना का लाभ उठा रहे हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में कुल 8,25,629 राशन कार्ड धारक है। इसमें पात्र गृहस्थी योजना के 7,15,750 और अंत्योदय योजना के 109879 कार्डधारक है। इन सभी के कुल सदस्यों की संख्या 31,07,630 है। इन सभी के नाम पर शासन स्तर से बेहद कम मूल्य से लेकर मुफ्त तक में खाद्य सुरक्षा अधिकार अधिनियम के तहत हर माह राशन मुहैया कराया जाता है। मगर, इनमें तमाम लोग ऐसे हैं जो अपात्र होने के साथ और मरने के बाद भी प्रति माह मुफ्त का राशन ले रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक पांच से 10 फीसद लोग ऐसे हैं जो अपात्र होने या फिर मरने के बाद भी हर माह कोटे से राशन उठा रहे हैं। कोटेदारों की सांठगांठ के चलते यह मृतकों को नाम पर राशन देने का खेल अनवरत जारी है।

मृतक यूनिट के राशन का होता बंदरबांट

अपात्र और मृतकों के नाम पर राशन बांटने का खेल कोटेदारों की सांठगांठ से होता है। कोटेदार जानकारी होने के बाद भी स्वर्ग सिधार चुके लोगों को खाने के लिए गेंहू और चावल देते रहे हैं। इसमें मृतक यूनिट का राशन कोटेदार एक माह का कार्ड धारक को देते हैं और एक माह का स्वयं रखते हैं। इससे दोनो लाभान्वित होते हैं। इसलिए यह सांठगांठ चलती रहती है।

केवाईसी से रुकेगा राशन घोटाला

केवाईसी के तहत राशन कार्ड अंकित सभी नाम वालों को कोटेदार के पास जाकर ई पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर केवाईसी करानी होगी। इससे मृतकों का अंगूठा न लगने से इनके नाम पर दिए जा रहे राशन का खेल थम जाएगा, जिससे राशन घोटाले पर अंकुश लगेगा और इसका लाभ पात्र वंचित परिवारों को मिलेगा।

> जिले में न तो किसी मृतक यूनिट पर राशन दिया जा रहा है और न ही अपात्रों को खाद्य सुरक्षा अधिकार अधिनियम का लाभ मिल रहा है। यदि ऐसा है तो इस संबंध में कोई भी व्यक्ति तहसील स्थित पूर्ति कार्यालय एवं जिला पूर्ति कार्यालय पर इसकी सूचना दे सकता है, जिससे अपात्र और मृतकों के नाम राशन कार्ड से हटवाया जा सके।
>
> –अंजनी कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी

कुल कार्ड धारक	825629
पात्र गृहस्थी	715750
अंत्योदय	109879
कुल यूनिट संख्या	3107630
पात्र गृहस्थी	2809390
अंत्योदय	298240

इंजन चोरी कर लिए जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

रोशननगर। अमृत विचार: हैदराबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान इंजन चोरी कर बाइक से ले जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम घुग्घुलपुर में रामविलास के खेत पर लगा पंपसेट चोरी हो गया था। पुलिस ने घटना के दिन तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की, बल्कि तहरीर लेकर उन्हें टाल दिया। हैदराबाद एसओ दीपक तिवारी ने बताया कि गश्त के दौरान सिसावांखुर्द जंगल के पास बाइक के जरिए पंपसेट ले जा रहे संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। पूछतांछ में बताया कि चोरी के इंजन को वह बेचने जा रहे थे। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम पंकज, अशोक निवासी घुग्घुलपुर बताया है।

ढाई साल बाद भी शुरू नहीं हुआ उपकेंद्र

अफसरों की लापरवाही : रजागंज विद्युत उपकेंद्र 2022 में होना था शुरू

संवाददाता, बिझौली।

अमृत विचारः विकास खंड लखीमपुर के 200 से अधिक गांव के उपभोक्ताओं को विद्युत उपकेंद्र रजागंज के चालू होने का इंतजार है। केंद्र का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

विकास खंड लखीमपुर के करीब 200 गांव के उपभोक्ताओं को विद्युत सब स्टेशन गोला के अलीगंज फीडर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। आए दिन हो रहे लोकल फाल्ट और लो वोल्टेज से परेशान उपभोक्ता इससे निजात पाने के लिए लखीमपुर ब्लॉक के रजागंज में विद्युत सब स्टेशन बनाए जाने की मांग काफी दिनों से कर रहे थे। उनकी मुराद वर्ष 2022 में उस समय पूरी हुई, जब रजागंज में विद्युत सब स्टेशन के लिए ग्राम प्रधान पति राकेश वर्मा ने उपकेंद्र बनाने के लिए ग्राम पंचायत रजागंज के धनिगवां गांव में गाटा संख्या 285 पर डेढ़ बीघा जमीन की व्यवस्था करा दी। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता से अब तक उपकेंद्र का निर्माण कार्य शुरू न होने से क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं, जिन्हें तेज हवा और आंधी आने पर कई दिनों तक बिजली के दर्शन नहीं होते हैं। ढाई साल में भी उपकेंद्र का निर्माण शुरू न होने पर क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में सांसद/ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी से अपनी समस्या बताई, जिन्होंने 14 मई 2024 को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि लखनऊ के प्रबन्ध निदेशक को पत्र लिखकर उपकेंद्र का निर्माण शुरू कराने के लिए निर्देशित किया है।

धनिगवां गांव में बिजली उपकेंद्र के लिए प्रस्तावित जमीन। अमृत विचार

> रिवैम्पड योजना अंतर्गत धनिगवां में विद्युत विभाग के उपकेंद्र के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। चुनावी आचार संहिता के कारण धन आवंटित नहीं हो सका। धनराशि मिलने पर शीघ्र ही उपकेंद्र का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।
>
> **-अशोक सुंदरम, अधीक्षण अभियंता लखीमपुर-खीरी।**

धर्मेंद्र यादव।

ग्राम धनिगवां के धर्मेंद्र यादव का कहना है कि भीषण गर्मी में सबजे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या होती है। लंबी दूरी की लाइन पर तेज हवा चलने से तारों के टूटने, ट्रांसफार्मरों के जलने का खतरा रहता है। धनिगवां में ही उपेंद्र का निर्माण शीघ्र हो जाए तो ग्रामीण उपभोक्ताओं का काफी सहूलियत मिलेगी।

दुर्गेश कुमार।

ग्राम रमुआपुर के दुर्गेश कुमार का कहना है कि 2022 में जब रजागंज उपकेंद्र के निर्माण की स्वीकृति मिली थी तब लोगों को नियमित निर्बाध बिजली मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन ढाई वर्ष बीतने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया है, जिससे उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।

राकेश वर्मा।

रजागंज ग्राम पंचायत के प्रधानपति राकेश कुमार वर्मा का कहना है कि पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के निर्देश पर उन्होंने 2022 में ही उपकेंद्र बनाने के लिए भूमि उपलब्ध करा दी थी, लेकिन अधिकारियों ने अभी तक इस पर निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया है। मजबूरन उपभोक्ताओं को गोला विद्युत वितरण केंद्र के सहारे जीवन यापन करना पड़ता है।

डॉ वीपी सिंह।

रमुआपुर के डॉ वीपी सिंह का कहना है कि आंधी आने, बारिश होने पर अक्सर बिजली गुल हो जाती है। अधिकारी लंबी दूरी का बहाना बनाकर फाल्ट ठीक करने में कई दिन गुजार देते हैं। धनिगवां में यदि केंद्र बन गया होता तो उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज, ट्रिपिंग और दिन में कई बार हो रही लोकल कटौती से मुक्ति मिल जाती।

जुर्माना भर बंदियों की कराई रिहाई

लखीमपुर खीरी। अमृत विचारः जुर्माना अदा न कर पाने पर अतिरिक्त सजा काट रहे दो बंदियों के लिए बुधवार का दिन खुशियां लेकर आया। जिला अपराध निरोधक कमेटी ने दोनों कैदियों की जुर्माना राशि जमा कराई और उन्हें रिहा कराया।

मंगलवार की बैठक में जेल अधीक्षक पीडी सलौनिया ने कमेटी के पदाधिकारियों को बताया था कि गोला निवासी बंदी वारिस अली और पलिया निवासी राम आसरे क्रमशः आठ हजार और पांच हजार रुपये का जुर्माना जमा नहीं कर पा रहे हैं। इसके कारण दोनों जिला कारागार में निरुद्ध हैं। जिस पर कमेटी के प्रांतीय प्रतिनिधि गौरव गुप्ता व रुलर हब के सदस्यों के सहयोग से दोनों बंदियों का जुर्माना भरकर रिहा कराया गया। इस दौरान हरवंश कुमार पांडेय, गौरव गुप्ता, सरोज कुमार मिश्र, देशराज, नीलम गुप्ता, राम प्रकाश मिश्र डिप्टी जेलर डीपीएस राठौर भी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

विद्यार्थियों को दिलाई गई योग करने की शपथ

गोला के सीजीएन पीजी कालेज में शपथ दिलाते प्राचार्य। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता, उनको प्रेरित करने के लिए छात्राओं को अपने परिजनों को योग करने की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पंकज सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिकाधिक लोगों को योग की शपथ लेने की बात कही है ताकि विश्व रिकॉर्ड बनाया जा सके। बुधवार को महाविद्यालय में परीक्षा समाप्ति के बाद छात्र-छात्राओं को स्वयं और अपने अभिभावकों को योग के प्रति प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के डॉ विवेक, अशोक चौरसिया, विष्णु कुमार शुक्ला, अरुण सिंह आदि शिक्षक एंव महाविद्यालय के प्रदीप, विपिन, श्रवण आदि ने भी योग करने की शपथ ली।

डीएफओ ने किया महेशपुर रेंज में नर्सरी का निरीक्षण

महेशपुर रेंज में नर्सरी का निरीक्षण करते डीएफओ संजय कुमार विस्वाल।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : दक्षिण खीरी वन प्रभाग के डीएफओ संजय कुमार विस्वाल ने महेशपुर रेंज पहुंचकर वहां तैयार हो रही नर्सरी का निरीक्षण किया। आगामी पौध रोपण अभियान की तैयारियों के सिलसिले में संजय विस्वाल ने अपने स्टाफ के साथ महेशपुर, आंवला, फिरोजपुर, बिचपुरी रेंज की पौधशालाओं को देखा। पौधरोपण पर स्टाफ को शासन की नई गाइडलाइन की जानकारी देकर तैयारियों की समीक्षा की है। रेंजर नरेशपाल सिंह, डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा, वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव, जगदीश वर्मा आदि वनकर्मी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने निकाली धन्यवाद यात्रा

धन्यवाद यात्रा में जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल। अमृत विचार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी की धन्यवाद यात्रा धौरहरा विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। ब्लॉक ईसानगर से लेकर ब्लॉक धौरहरा तक गांव खमरिया खुर्द से दुलही, त्रिकौलिया, सिंगापुर, मूड़ी, रामपुरवा, रामलोक सिसैया, टॉपर पुरवा, अमेठी, बबुरी, बुझिया, अदलीशपुर, बैबहा तक धन्यवाद यात्रा निकालकर डोर टू डोर संपर्क कर इंडिया गठबंधन को जिताने पर धन्यवाद सभा की। इस दौरान धौरहरा विधानसभा प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद उप्रेती, जिला महासचिव जमाल अहमद, धीरेंद्र प्रताप राज, कमलेश मिश्रा, राजू पंकज, जयप्रकाश महातिया, राम शंकर पाल, सरदार शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।

महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का प्रयास

कोटवारा में महिलाओं को कटिंग का प्रशिक्षण देती पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण संस्थान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं सशक्त बनाने के लिए तमाम तरीके का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि वह अपने काम के जरिए ही स्वावलंबी बन सके। तहसील क्षेत्र के ग्राम नौगवा, कोटवारा में महिलाओं को सशक्त करने हेतु मिशन संकल्प का संचालन किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण, नि:शुल्क चिकित्सा, जांच, रोजगार के अवसर, उनके जीवन स्तर को उच्च बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस संपूर्ण कार्य का संचालन पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण संस्थान के माध्यम से किया जाना तय है, जिसमें समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार, सचिव छैलबिहारी, तहसील अध्यक्ष प्रान्सी मिश्रा, तहसील संयोजक अंजलि तिवारी, तहसील सदस्य सुमित सक्सेना, तहसील उपाध्यक्ष आदि योजना का संचालन प्रदेश के 12 जिलों में कर रहे हैं। अभी तक 2600 महिलाओं को इस परियोजना का लाभ मिल चुका है।

एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते सेना के मेजर किशोर। अमृत विचार

एक भारत, श्रेष्ठ भारत शिविर में दी सेना भर्ती की जानकारी

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : द इंडियन एकेडमी पलिया में चल रहे एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर के 8वें दिन मेजर किशोर, आर्मी भर्ती कार्यालय बरेली ने कैडेटों के साथ बातचीत कर युवाओं को सेना भर्ती और अग्निवीर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कैंडेट्स को सेना में भर्ती होने की प्रक्रिया, उसमें आने वाली चुनौतियों और अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा उन्होंने अग्निवीर योजना की विशेषताओं और इसके माध्यम से युवाओं को मिलने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी दी। कैंडेट्स को सेना में कॅरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मेजर किशोर ने कैडेटों को सेना के अनुशासन, प्रतिबद्धता और देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान कई कैडेटों ने मेजर किशोर से सवाल भी पूंछे और अपने संदेह दूर किए।

आतंकवादी हमले से हिंदू संगठनों में आक्रोश

▸▸ **आतंकवाद का पुतला जलाकर कठोर कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के पदाधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में हिंदुओं की बस पर हुए आतंकी हमले पर नाराजगी व्यक्त की। नसीरुद्दीन मौजी मैदान से कलेक्ट्रेट गेट तक मार्च कर आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला जलाया। इसके बाद आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले से नाराज बजरंग दल और विहिप पदाधिकारी नसीरुद्दीन मौजी मैदान में इकट्ठा हुए। पदाधिकारियों ने आतंकवाद का पुतला तैयार कर कलेक्ट्रेट गेट तक मार्च निकाला और फिर पुतला जलाकर नाराजगी व्यक्त की। विहिप के आचार्य संजय मिश्रा ने बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी से शिवखोड़ी जाते समय नौ जून को पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने बस पर हमला कर दिया। इसमें 10 निर्दोष हिंदू तीर्थयात्री मारे गए। उन्होंने कहा कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। मोदी सरकार के शपथ ग्रहण के दौरान यह दुस्साहसिक कृत्य कर इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है,जिसकी बजरंग दल निंदा करता है। पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कठोर कदम उठाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित करने की मांग की है। विभाग संयोजक बजरंग दल अनुज तिवारी, पंकज जयसवाल, आनंद दिक्षित, तुषार शिसौदिया, शिव नारायण पासवान , इंद्र पाल वर्मा, मनोज पांडे, संदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट गेट पर पुतला जलाते बजरंग दल पदाधिकारी। अमृत विचार

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

पलिया कलां। अमृत विचार : जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर जिहादी आतंकवादियों के कायराना हमले को शर्मनाक बताकर विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ता बुधवार को तहसील पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार पलिया को सौंपकर आतंकियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। बृजमोहन गोयल, राजेश पाल, प्रखंड मिश्रा, इंद्रपाल चौहान, अज्ञान कुमार, चंदन कनौजिया, रामपाल, रामू यादव, धर्मपाल, बलराम, सुधीर कुमार, धर्मवीर निषाद आदि मौजूद रहे।

40 लाख में सौदा, 15 लाख लेकर भाग निकले ठग

संवाददाता, निघासन

▸▸ **सोने के ईंट के नाम पर की ठगी, तीन हिरासत में**

अमृत विचारः सोने की ईंट,करामाती गिलास व मोरपंखी के नाम पर निघासन में ठगी का कारोबार काफी लंबे अर्से से चला आ रहा है। ठग रास्ते में ही ठगी करके रफूचक्कर हो जाते है। गुजरात के दो लोगों से सोने के ईंट के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। सीओ ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उधर ढखेरवा चौकी पुलिस की इस घटना में संलिप्तता भी सामने आई है।

गुजरात के अहमदाबाद निवासी हनीफ अपने अन्य दो साथियों के साथ 15 दिन पहले ढखेरवा आए थे। लखीमपुर के ढखेरवा रोड पर सोने की नकली ईंट ठगों ने उन्हें दिखाई। ईट का सौदा 40 लाख रुपए में हुआ था। एक लाख बयाना देने के बाद वह लोग अहमदाबाद चले गए। पांच दिन बाद ईंट खरीदने और उसको परखने के लिए पांच लोग अपनी निजी कार से आए। गांव सेमरा पुरवा के बाबा ने ईंट दिखाने के पहले 15 लाख रुपये ले लिए। उसके बाद ईंट दिखाई। साथ मे आये लोगों को दिखाया। ईंट हाथ में लेने के बाद देखा तो वह गड़बड़ लगी। इसी बीच ठग मौका पाकर रुपये और ईंट लेकर भाग निकले। ठगी का शिकार हुए लोग जब ढखेरवा चौकी पहुंचे तो वहां पर पुलिस ने उन लोगों को भगा दिया। आरोप है कि इस ठगी को अंजाम देने के लिए ढखेरवा चौकी इंचार्ज ने सात लाख रुपए लिए थे। इसकी जानकारी सीओ प्रवीण कुमार को हुई तो उन्होंने कार्रवाई शुरू की। तीन ठगों को पकड़कर पूछताछ के लिए थाने में बैठाया है। सेमरा पुरवा के एक ठग ने चौकी पुलिस को सात लाख रुपए देने की बात पुलिस की पूछताछ में स्वीकार की है।

> 10 से 15 दिन पहले का मामला है। ठगों ने बड़े शातिराना अंदाज में सब इधर उधर किया है। तीन लोग पुलिस की हिरासत में हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जिनके साथ ठगी हुई वह गुजरात के हैं।अभी तक की जांच में चौकी इंचार्ज ढखेरवा की भूमिका संदिग्ध लग रही है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-प्रवीण कुमार, सीओ निघासन**

वन दरोगा ने छेड़छाड़ कर किशोरी को पीटा, गंभीर

संवाददाता, महंगापुर/पलिया कलां

▸▸ **जंगल किनारे खेत की रखवाली करने गई थी, सीएचसी पलिया से जिला अस्पताल रेफर**

अमृत विचारः थाना संपूर्णानगर क्षेत्र में जंगल के किनारे खेत की रखवाली करने गई एक 16 वर्षीय किशोरी की वन कर्मचारियों ने जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गई। परिवार के लोग उसे सीएचसी पलिया लेकर आए, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

थाना संपूर्णानगर क्षेत्र की निवासी एक युवक ने बताया कि उसकी बहन बुधवार को जंगल के किनारे खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने गई थी। अचानक जंगल पहुंचे वन कर्मचारियों ने बहन से छेड़छाड़ की है। विरोध करने पर जमकर पिटाई कर दी। बंदूक के बट भी उसकी पीठ पर मारे हैं। बहन के चीखने चिल्लाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहीं कुछ महिलाएं मौके पर पहुंची और बहन को छुड़ाया। मारपीट से उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग बहन को लेकर सीएचसी पलिया आए, जहां से डॉक्टर ने उस जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। संपूर्णानगर थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि पीआरबी पर सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। पीड़ित परिवारजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बजरंग दल ने फूंका आतंकियों का पुतला

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए तीर्थ यात्रियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की है। जिला कमेटी सदस्य डॉ. पीयूष शुक्ला ने कहा कि ऐसे आतंकियों को चुन चुनकर मार देना चाहिए, ताकि फिर श्रद्धालुओं पर ऐसी कायराना हरकत करने की किसी की हिम्मत न पड़े। पुतला फूंकने के दौरान बजरंग दल संयोजक संगेश सिंह, नगर उपाध्यक्ष पारस साहनी, सुरक्षा प्रमुख कन्दर्प शर्मा, विहिप नगराध्यक्ष जयप्रताप सिंह, रामू सिंह, डॉ. शैलेंद्र वर्मा, गौरव सिंह, अमर सिंह, राजीव शर्मा, नीलेश, नीरज आदि मौजूद रहे।

जिले को चाइल्ड फ्रेंडली बनाने का प्रयासः रवि

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ **बचपन बचाओ आंदोलन की आगे बढ़ाई जाएगी मुहिम**

अमृत विचारः नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के बचपन बचाओ आंदोलन की मुहिम को और आगे बढ़ाते हुए जिले को चाइल्ड फ्रेंडली बनाने का प्रयास किया जाएगा ताकि बच्चों का भविष्य सुधर सके।

कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में हुए जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कालेज प्रबंधक रविप्रकाश वर्मा ने कैलाश सत्यार्थी की भारत यात्रा के तहत कृषक समाज इंटर कॉलेज में संपन्न कार्यक्रम की यादें ताजा करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष पूरे विश्व में करोड़ों बच्चे बालश्रम के लिए बाध्य किए जाते हैं और उनका जीवन नारकीय बना दिया जाता है। इसके साथ ही बाल विवाह निषेध कानून और शिक्षा का मौलिक अधिकार कैसे प्राप्त हुआ, इसके बारे में बताया। कहा कि मुहिम जनपद को चाइल्ड फ्रेंडली बनाना है इसके लिए विद्यालयों के साथ मिलकर पूरे जनपद में इस मुहिम को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार, ओमप्रकाश यादव, देवेंद्र सिंह, सारिका रानी आदि मौजूद रहे।

सपा कार्यकर्ताओं ने बाढ़ की रोकथाम के लिए सौंपा ज्ञापन

पलिया कलां। अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला सचिव अताउर्रहमान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ आगामी समय में बाढ़ से रोकथाम के लिए बुधवार को तहसीलदार आरती यादव को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि समुचित उपाय न किए जाने के कारण हर साल बाढ़ आती है। बुधवार को एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आरती यादव को सौंपते हुए नगर के सभी बड़े नालों की सफाई कराने की मांग की। इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिला सचिव ज़फर अहमद, ललित पाल, मुकेश शाक्य, आज़म खान, पिंकू कुमार आदि मौजूद रहे।

मोटापे की समस्या का समाधान है नियमित योगा

▸▸ **वजन प्रबंधन को लेकर अटल बिहारी वाजपेयी पार्क में सात दिन तक लगेगा शिविर**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः मोटापे से लोगों को छुटकारा दिलाने के लिए आवास विकास कॉलोनी के अटल बिहारी वाजपेयी पार्क में शारीरिक वजन प्रबंधन को लेकर सात दिवसीय निवारण शिविर शुरू हुआ। इसमें योग के माध्यम से प्रातः छह से साढ़े सात बजे तक वजन कम करना बताया जा रहा है।

योग प्रशिक्षक एवं अल्टरनेटिव थैरेपिस्ट प्रगति बरनवाल ने वजन कम करने में लाभकारी संधि संचलन, आसन, प्राणायाम के साथ ऊर्जा के लिए योग निद्रा एवं ध्यान का अभ्यास कराया। आयोजक पंकज तापड़िया ने कहा कि योग प्रशिक्षक प्रगति बरनवाल हरिद्वार ने मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के कई शहरों में योग कार्यशाला का आयोजन कर तमाम महिलाओं को बढ़ते वजन से छुटकारा दिलवा चुकी हैं। इसलिए शहर में भी सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। योग के माध्यम से वजन प्रबंधन करना बहुत ही लाभकारी है। हाइम योग के प्रिंस रंजन बरनवाल ने कहा कि सात दिवसीय योग शिविर में कोई भी मोटापा से पीड़ित आकर इसका लाभ उठाकर स्वास्थ्य संवर्धन कर सकता है। प्रीति शुक्ला, प्रतीक तिवारी, अमूलदीप, राजदीपिका तिवारी, निधि, कान्हा आदि मौजूद रहे।

आवास विकास के अटल बिहारी वाजपेयी पार्क में योगाभ्यास कराती प्रगति बरनवाल।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि **कमला देवी पत्नी कमलेश कुमार, निवासी– ग्राम बुढ़वलिया पोस्ट जहगिरवा तहसील करनैलगंज गोंडा** का एलआईसी में पालिसी संख्या 236842148 संचालित है जो गलत है । इसी तरह दूसरे बीमा पॉलिसी में नामिनी कांति देवी अंकित है। जिसकी पालिसी संख्या 276276736 है। जबकि आधार पर नाम कामती देवी पत्नी कमलेश कुमार दर्ज है। तीनों नाम की एक ही महिला है और पालिसी में अंकित नाम की महिला भी एक ही है। अतः तीनों नाम से जाना और पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैं **सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 हरीलाल, निवासी– निबहरा,मसवानी, फतेहपुर** का का स्थायी निवासी हूँ मेरे मामा के लडके रामलाल पुत्र मुन्नीलाल की मृत्यु दिनांक 01.03.1994 को घर में हो गयी थी तथा मृतक की माता का नाम श्रीमती है जानकारी न होने के कारण मैं उपरोक्त मृतक की मृत्यु, मृत्यु पंजिका में दर्ज नहीं करा सका था। अतः मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में नाम व मृत्यु दिनांक दर्ज करके मृत्यु प्रमाण–पत्र निर्गत करने का आदेश पारित करने की कृपा करें।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा जारी पालिसी संख्या – 247440829 बीमा धन 10 लाख है, कहीं खो गई है। यदि किसी व्यक्ति को मिले तो मुझे यह पालिसी बांड वापस करने की कृपा करें। **महेश कुमार पुत्र गोपीचन्द्र, 1184 अहियापुर पो. रायपुर, जिला रायबरेली, मो.– 8957632019**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र आकाश के गलत चाल –चलन के चलते संबंध–विच्छेद कर समस्त चल –अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वंय जिम्मेदार होगा। **दयाशंकर पुत्र मुन्नीलाल– निवासी– मानीकोठी – थाना– कुदरकोट– जनपद –औरैया।**

NOTICE

I, Ram Singh son of Shri Kalika Prasad resident of Vill. Dena Post Umari, Sitapur do hereby solemnly affirm and declare as under:-It is informed that the correct name of my son is Anoop Raj son of Ramsingh. Which is mentioned in his educational records and birth certificate. Due to mistake, Anupam Raj has been mentioned in my son's Aadhaar card number 865066628483 which is wrong. In future, my son should be known and identified by the name Anoop Raj son of Ramsingh.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जनार्दन पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम व पोस्ट रोखा तहसील सलोन, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे तीन पुत्र हैं। इनमें से अपने पुत्र निगम के गलत आचरण के कारण मैं व मेरा परिवार तंग आ गया है। मैने पुत्र निगम से सारे संबंध समाप्त कर अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का मैं व मेरे परिवार का इससे कोई सरोकार नहीं होगा। मो.– 9161046315

दुकानों में नहीं पहुंचा राशन, कार्डधारक परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- जिन दुकानों में राशन पहुंचा वहां सर्वर के कारण नहीं हो पा रहा वितरण
- कार्डधारक सुबह से पहुंच रहे दुकानों पर, राशन न मिलने से हो रहे निराश

बोले जिम्मेदार

जहां पर राशन सामग्री रखी जाती थी, वहां पर चुनाव में मतगणना के दौरान ईवीएम मशीनें रखी हुई हैं। जिस कारण आधी दुकानों में राशन पहुंचा है। जल्द ही सभी दुकानों में राशन पहुंचाकर वितरण कराया जायेगा।

–शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक

अमृत विचार। 9 तारीख से नगर की राशन की दुकानों में राशन वितरण किया जाता है। इधर अधिकांश दुकानों में अभी तक राशन नहीं पहुंचा है। जिससे राशन लेने के लिये पहुंच रहे कार्डधारक घंटों दुकानों में खड़े रहते हैं। वहीं अंत्योदय कार्डधारक को दुकानों से चीनी भी मिलती है लेकिन मशीन में चीनी का स्टॉक न दिखने पर उन्हें चीनी नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही सर्वर की दिक्कत होने से भी राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस माह राशन की दुकानों से वितरण होने वाला खद्यान अभी आधी ही दुकानों में पहुंचा है। जिससे 9 तारीख से शुरू होने वाली राशन वितरण प्रक्रिया अभी तक कुछ दुकानों में नहीं शुरू हो सकी है। जिस कारण कार्ड धारक सुबह से ही राशन लेने के लिये दुकानों पर पहुंचते हैं लेकिन राशन न आने की बात मालूम होने पर मायूस होकर लौट जाते हैं। वहीं लाल कार्डों में चीनी दी जाती है। लेकिन ई पॉश मशीन में चीनी न दर्ज होने पर उन्हें चीनी नहीं मिल पा रही है। जिससे कार्ड धारकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं नगर में 35 राशन की दुकानें हैं। जिसमें कुछ दुकानों में राशन पहुंच गया है लेकिन सर्वर न आने के कारण वहां भी वितरण नहीं हो पा रहा है। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रहा है। कोटेदारों ने बताया कि 9 से 24 तारीख तक राशन वितरण किया जाता है लेकिन अभी तक पूरा राशन नहीं पहुंचा है। जिस कारण कार्डधारकों से कई बार बहस तक हो चुकी है। वहीं कार्ड धारक भी राशन लेने के लिये सुबह से ही दुकानों में खड़ रहते हैं।

पुराने विवाद में दबंगों ने पीटा, महिला समेत तीन घायल

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजीव नगर खंती में पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने एक परिवार को मारा पीटा।

राजीव नगर खंती निवासी सुनीता ने बताया कि रात करीब ग्यारह बजे वह अपनी बीमार देवारानी को अस्पताल से लेकर घर आई थी, इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले दबंग गाली गलौज करने लगे, इस दौरान पूरे परिवार ने उसे पर हमला बोल दिया। यह देख बीच बचाव करने आये ससुर अशोक और देवर कल्लू के सिर पर डंडा मार दिया। जिससे दोनों का सिर फट गया। सभी कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की।

चरस के साथ पकड़े गए युवक को 13 माह की सुनाई गई सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 28 जुलाई-2019 को रात्रिगश्त के दौरान पुलिस ने किया था गिरफ्तार

अमृत विचार। सदर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान 115 ग्राम चरस के साथ युवक को गिरफ्तार किया था। बुधवार को अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने युवक को दोषी करार देते हुए 13 माह की सजा सुनाई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र में तैनात दारोगा अखिलेश तिवारी ने फोर्स के साथ 28 जुलाई-2019 को रात्रिगश्त के दौरान शहर के हुसैन नगर चौराहा से भूरी देवी जाने वाले रास्ते में पड़ने वाले पड़ाव अड्डे के पास से एक संदिग्ध युवक को बैठा देख उसकी तलाशी ली थी। इसमें उसके पास 115 ग्राम मादक पदार्थ (चरस) मिली थी। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम औरैया जिले के अजीतमल थानाक्षेत्र के उर सराय का पुरवा गांव निवासी शैलेंद्र उर्फ दीपू पुत्र कुंवर सिंह बताया था।

एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे जेल भेजा था। आईओ शैलेंद्र प्रताप सिंह ने जांच के बाद 10 अक्टूबर-2019 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता विनय प्रकाश शुक्ला व मनीष शुक्ला की दलील व पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने आरोपी शैलेंद्र को 13 माह का कारावास के साथ पांच हजार रुपए अर्थदंड के आदेश दिए हैं।

प्रतिमाओं की देखरेख को लगेगा अतिरिक्त स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

बुधवार को छपी खबर का पीडीएफ।

- खबर छपने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

अमृत विचार। शहर के चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं की दुर्दशा को लेकर अमृत विचार में छपी खबर का असर दूसरे ही दिन बुधवार को देखने को मिला। खबर का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर के पार्कों व चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं की देखरेख के लिये अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने के निर्देश जारी कर दिये हैं।

बता दें कि बुधवार के अंक में अमृत विचार ने जिले के महापुरुषों की शहर के चौराहों व पार्कों में लगी प्रतिमाओं की दीनहीन दशा को लेकर एक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर छपने के बाद चेयरमैन स्वेता मिश्रा ने इसे गंभीरता से लिया और पार्कों व महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई के लिये अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने के निर्देश भी दिये। इससे अब शहर के विभिन्न चौराहों पर लगीं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व महापुरुषों की प्रतिमाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा। वहीं जिन पार्कों में अराजकतत्वों द्वारा जुआं खेलने व शराब आदि पीने के साथ गंदगी फैलाई जाती है उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी।

बाग में लगी आग, बस्ती में हड़कंप

सूचना के एक घंटे बाद पहुंची दमकल, तेज हवा चलने से फैलती गई आग

धू-धूकर जलता यूके लिप्टस का बाग। अमृत विचार

आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बुधवार दोपहर एक गेस्ट हाउस के पीछे स्थित तालाब के किनारे किसी ने जलती बीड़ी फेंक दी। जिससे झाड़ियों में आग लग गई। तेज हवा चलने से आग की लपटें पास के यूके लिप्टस के बाग में पहुंच गई। जिससे करीब आधा दर्जन पेड़ जल गये। वहीं तेज लपटें उठने से पास की बस्ती में धुंआ और आग पहुंचने पर क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल ने किसी तरह आग बुझाई।

बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे आवा कांटिनेटल गेस्ट हाउस के पीछे किसी ने जलती बीड़ी फेंक दी। जिससे झाड़ियों में आग लग गई। तेज हवा चलने से लपटें पास में यूके लिप्टस के बाग तक पहुंच गई। लोगों ने आग की सूचना फायरी ब्रिगेड को दी। सूचना के एक घंटे के बाद भी दमकल की गाड़ियां नहीं पहुंची। इससे आग ने विकरात रूप ले लिया और यूके लिप्टस के करीब आधा सैकड़ा पेड़ जलने लगे। जिससे पास के न्यू आनंदपुरम मोहल्ले तक आग की लपटें पहुंच गई। यह देख लोग घरों से बाहर निकल आये और लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने किसी तरह मशक्कत कर आग बुझाई। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।

बेटे पर गैर इरादतन हत्या करने की रिपोर्ट हुई दर्ज

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बेटे की धक्का-मुक्की में पिता के सिर पर चोट लगने से हुई थी मौत

अमृत विचार। मौरावां थानांतर्गत चंदीबक्श खेड़ा गांव में सोमवार को एक अधेड़ की घर में संदिग्ध मौत के बाद हुए पोस्टमार्टम में सिर में आई चोटों से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद मां की तहरीर पर पुलिस ने बेटे पर पिता की गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि मौरावां थानांतर्गत लऊआ गांव के मजरा चंदीबक्श खेड़ा निवासी भगवती प्रसाद (56) पुत्र स्व. महादेव खेती के साथ घर के बाहर किराने की दुकान भी किए था। सोमवार को उसका उसके बेटे श्रीनारायण से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसमें मारपीट भी हुई थी। इसमें भगवती प्रसाद के सिर में चोटें आई थीं। जिसमें वह अचेत होकर गिर गया था। इसके बाद बेटा वहां से भाग गया था। पड़ोसियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया था जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित किया था। संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया था। इसमें सिर में आई चोटों से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई। उसके पैर व अन्य हिस्सों में भी चोटें मिली थीं। बुधवार को पत्नी गंगा दुलारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति डंडे से बेटे को मार रहे थे। तभी बेटे ने भी मारपीट की। इसमें धक्का लगने से पति का सिर दीवार से टकरा गया और उनकी मौत हो गई।

लोकार्पण के दौरान मौजूद एडीजे व अन्य। अमृत विचार

औरास में 9 से 13 जून तक होगा 5 कुंडीय यज्ञ

संवाददाता, औरास

- आयोजन को लेकर एडीजे ने शाम 7 बजे सभागार का लोकार्पण किया

अमृत विचार। कस्बा औरास में गायत्री प्रज्ञा पीठ में मां भगवती देवी सभागार का लोकार्पण अपर जिला जज मनीष निगम ने फीता काटकर किया। गायत्री प्रज्ञा पीठ औरास में 9 से 13 जून तक सुबह सात से 9 बजे तक पांच कुंडीय यज्ञ शाम 6 से शाम 9 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा रोजाना आचार्य श्री रामकेवल प्रसाद वरिष्ठ प्रतिनिधि शांति कुंज हरिद्वार व प्रभारी अयोध्या धाम शक्ति पीठ द्वारा सम्पन्न कराई जा रही है। बुधवार को एडीजे ने शाम 7 बजे सभागार का लोकार्पण किया। शक्ति पीठ पर राजेंद्र यादव द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर औरास ब्लाक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, रामसुमेर सिंह, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।

ठेकेदार पर किसान के खेत से अधिक मिट्टी खोदने का आरोप

बांगरमऊ उन्नाव। तहसील क्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार द्वारा खरीदी गई एक मीटर गहराई की मिट्टी के बजाय खेत मालिक की गैर मौजूदगी में तीन मीटर गहरी खोदाई कर दी गई। तहसील क्षेत्र के गांव अरगूपुर निवासी सुशील पुत्र घुरई ने बेहटा मुजावर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने अपनी पत्नी की गंभीर बीमारी के इलाज हेतु अपने खेत संख्या-352 और 353 की एक मीटर गहराई की मिट्टी गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार रमेश व राजू को 12 हजार में बेची थी। ठेकेदार से बिक्री के पैसे लेकर वह अपनी पत्नी का इलाज कराने चला गया। उसकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर ठेकेदार ने उसके खेत से करीब तीन मीटर गहराई कर तीन गुना मिट्टी का अधिक खनन कर लिया। इलाज कराकर वापस लौटे किसान ने जब अपने खेत पर जाकर देखा तो तीन गुना मिट्टी खुदी देखकर उसके होश उड़ गए। तब वह अतिरिक्त मिट्टी के पैसे मांगने ठेकेदार के पास पहुंचा।

तीन दिन बाद चालू हुआ आदर्श नगर का पंप हाउस, मिली राहत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- चार मोहल्लों की जलापूर्ति थी ठप, नाई मोटर पड़ने के बाद सुचारु हुई व्यवस्था
- बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे थे मोहल्लेवासी, हैंडपंपों से लाना पड़ रहा था पानी

आदर्श नगर पंप हाउस में मरम्मत कार्य करते जलकल विभाग के कर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर पालिका गंगाघाट का आदर्श नगर में बना पंप हाउस तीन दिन पहले खराब हो गया था, जिस कारण चार मोहल्लों की जलापूर्ति ठप पड़ी हुई। भीषण गर्मी में जलापूर्ति न होने से मोहल्ले में रहने वाले लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही थी। बुधवार को पालिका के जलकल विभाग ने नई मोटर डाली और देर शाम आपूर्ति चालू कराई। जिसके बाद मोहल्ले में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों को हैंडपंपों से पानी लाना पड़ रहा था।

आदर्श नगर पंप हाउस से जगनी खेड़ा, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आदर्श नगर के अलाव आस पास मोहल्लों में रहने वाले लगभग बारह हजार लोगों को जलापूर्ति होती है। सोमवार को पंप हाउस की मोटर खराब हो गई थी।

जिस कारण हजारों घरों की जलापूर्ति ठप पड़ी हुई थी। गर्मी में पानी न मिलने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। इधर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पंप हाउस की मोटर बाहर निकलवाई गई और देर शाम नई मोटर लाकर डाली गई लेकिन पंप हाउस चालू नहीं हो सका। जिस पर बुधवार को जल कल कर्मियों ने दोबारा मरम्मत कार्य किया और नई मोटर डालकर क्षेत्र की जलापूर्ति चालू कराई। जलापूर्ति चालू होने पर राहत मिली।

सार-संक्षेप

बाउंड्री वॉल के चिह्नांकन को लेकर किसानों में हड़कंप

शुक्लागंज, उन्नाव। रेलवे की ओर से कानपुर से लखनऊ के बीच अप और डाउन लाइन के दोनों ओर बाउंड्री वॉल बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें गंगाघाट क्षेत्र के रहने वाले कई किसानों की जमीन बाउंड्री वॉल की जद में आ रहा है। जिसका चिह्नांकन कराया गया है। जिससे किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। किसानों ने डीएम से लेकर सीएम पोर्टल पर इसकी शिकायत कर भूमि पैमाइश कराने की मांग की है।

सरैयां गांव निवासी किशोरीलाल, मेवालाल, मोतीलाल, संतोष, सर्वेश, सुनील आदि किसानों ने उन्नाव डीएम और सीएम पोर्टल जन सुनवाई शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि हम लोगों की भूमि संख्या 122/1, 122/2, 128, 129 व 130 रेलवे पटरी लाइन से लगी हुई है। रेलवे अपनी भूमि को बेरीकेडिंग करा रही है। इसके तहत रेलवे अपनी रेलवे भूमि की पैमाइश कराई। जिसमें उक्त नम्बरों की 80 प्रतिशत भूमि को चिन्हित किया गया है। जबकि यह भूमि हम लोगों की पुस्तैनी व भूमिधरी है। भूमि नक्शा खतौनी के आधार पर काबिज व दाखिल है। जबकि रेलवे द्वारा गलत चिन्हांकन करा कर हम लोगों की भूमि के हिस्से को रेलवे में बता रहा है। भूमि खतौनी के अनुसार 80 प्रतिशत कम हो गयी है। जबकि सरैया मौजा में अभी तक न सर्वे हुआ है और न ही चकबन्दी ही हुई है। ऐसे में हम लोग खेती किसानी का काम करते हैं और इसी भूमि के सहारे अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।

नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल पर झूमे श्रोता

शुक्लागंज उन्नाव। कंचन नगर बी में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जहां बुधवार को व्यास ने मौजूद श्रोताओं को श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। जिसे सुन श्रोता झूमने लगे। कथा व्यास पं. आशुतोष अवस्थी ने कथा को आगे बढ़ाते हुये कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग व उनके जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथा व्यास ने बेहद संजीदगी के साथ सुनाया। इसके साथ ही राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। वहीं व्यास ने नंद के आनंद भयो गीत गाया। जिस पर पंडाल में मौजूद सभी श्रोता झूमने लगे। इस मौके पर मंजू तिवारी, प्रवीन तिवारी, नेहा तिवारी, मनोरमा बाजपेई, विष्णु दीक्षित, सचिन बाजपेई समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।

कथा व्यास पं. आशुतोष अवस्थी।

घर से निकला युवक लापता, पुलिस से की शिकायत

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड में निवासी एक युवक मंगलवार सुबह घर से ड्यूटी जाने की बात कहकर निकला। जिसके बाद से वह लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है। पोनी रोड ब्रह्मनगर निवासी विजय शंकर पांडेय ने बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उनका बेटा ऋषभ कानपुर के एक स्कूल में काम करता है। मंगलवार सुबह वह घर से स्कूल ड्यूटी पर जाने की बात कहकर निकला। जिसके बाद वह स्कूल नहीं पहुंचा। स्कूल से फोन आने पर जानकारी हुई। जिस पर उन्होंने बेटे की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुये कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने का आश्वासन देते हुये तलाश करने की बात कही है।

पैर फिसलने से जीने से नीचे गिरी बच्ची, रेफर

बांगरमऊ। नगर के मोहल्ला नौनिहाल गंज निवासी अंकित शर्मा की चार वर्षीय बेटी मिनी बुधवार दोपहर जीने से घर की छत पर जा रही थी। तभी अचानक उसका पैर फिसला और वह लुढ़ककर जमीन पर आ गिरी। जिससे वह गंभीर घायल हो गई। मां संध्या आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई।

किशोर समेत दो लोगों की पेड़ से गिरकर मौत

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पेड़ से गिरकर किशोर सहित दो लोग घायल हो गए। उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। राधानगर थाना क्षेत्र के दलीपुर मजरे रारा गांव निवासी स्व. शिवनंदन का पुत्र सोहन सिंह छह जून को पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था तभी गिर कर घायल हो गया था। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां से परिजन उसे लखनऊ ले गए। इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार खागा कस्बा के मुहल्ला नई बाजार नई बस्ती निवासी रोशन पेड़ पर चढ़कर पत्ती तोड़ रहा था तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे कस्बे के ही नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां देर रात मौत हो गई।

परेशानी दोपहर करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक कई ट्रेन निकलने से हुई समस्या

बैराज मार्ग पर जाम लगने से गर्मी में बिलबिलाए लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

बैराज मार्ग पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

दोपहर एक बजे फोरलेन पर पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

- दोपहर के समय लू के थपेड़ों ने किया बेहाल
- मरहला, नेतुआ गांव के सामने तक रहा जाम

अमृत विचार। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर बुधवार को वाहनों का भार बढ़ने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। वहीं तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे। इस दौरान एक घंटे तक जाम लगा रहा।

दोपहर करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। क्रासिंग बंद होने के कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहन कतारों में खड़े हो गये। दोपहर का समय होने के कारण तेज धूप में जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे। इसी बीच क्रासिंग खुली। जिस पर वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे और अपने वाहन आड़े तिरछे लगा दिये। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। मौजूद राहगीरों ने बाड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान एक घंटे तक जाम लगा रहा। जाम में कानपुर, उन्नाव, लखनऊ के वीआईपी भी जाम में फंसे रहे।

प्रचंड धूप ने झुलसाया, मुख्य मार्गों पर पसरा रहा सन्नाटा

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। बुधवार को सुबह से ही आसमान में सूर्य तल्ख रहा, जिस कारण आने जाने वाले लोग मुंह ढक कर निकले। वहीं दोपहर के समय लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। जिस कारण मुख्य मार्गों पर सन्नाटा देखने को मिला। वहीं भीषण गर्मी के कारण लोग बेहाल हो गये। बुधवार को सुबह आठ बजे से ही सूरज तल्ख रहा। जिससे आने जाने वाले लोग परेशान दिखे। दोपहर के समय चल रही लू के थपेड़ों से राहगीर बिलबिला उठे। जिस कारण दोपहर के समय प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिला। जिससे आने जाने वाले लोग दोपहर के समय न के बराबर निकल रहे हैं। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग सिर पर अंगौछा रखकर निकले। दोपहर होते ही हर कोई छांव की तलाश में इधर-उधर भटकता रहता है। आने जाने वाले राहगीर किसी तरह सिर छिपाते हुये अपने घरों को पहुंचे। वहीं अधिक गर्मी होने के कारण तरल पदार्थ पीते नजर आए।

आम तोड़वा रही महिला के साथ की मारपीट

औरास। थानाक्षेत्र के गांव भुडकुंडी निवासी तारा तिवारी ने बुधवार को थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता व भाई की मौत हो चुकी है। अब वे दो बहनें ही उनकी वारिस बची हैं। पिता की जमीन पर गांव में कुछ बाग लगे हैं।

जिसमें लगे आम वह बुधवार को तोड़वा रही थी। तभी गांव निवासी एक व्यक्ति जो उस जमीन को कोर्ट में विवादित बता फसल तोड़ने से रोकने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए फायर भी किये। इसके बाद आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद की बात कहते हुए दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा थाने में तहरीर दी है। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि जमीन का मामला कोर्ट में चल रहा है। अगर मारपीट हुई है तो इसकी जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव में 'गैर' हुए थे भाजपाई, अब 'एक ओर पहाड़ एक ओर खाई'

लोकसभा चुनाव में विभिन्न दलों के लोगों की भाजपा में शामिल होने की लगी थी होड़

अमृत विचार विशेष

प्रकाश तिवारी, उन्नाव

● भाजपाई अब जीत का अंतर कम होने पर गैर दलों से आए लोगों पर फोड़ रहे ठीकरा

अमृत विचार। एक समय था जब गैर दलों व निर्दलीयों की भाजपा में शामिल होने की होड़ लगी हुई थी। जिसे देखो वह अन्य सभी रंग के गमछे व टोपी उतारकर भगवा ओढ़ रहा था। पार्टी में शामिल होते समय सभी सिर्फ यह कहते दिख रहे थे कि इस बार मोदी सरकार को 400 पार और सांसद साक्षी महाराज को 5 लाख पार कराना है। दिखाने को तो सभी इस दावे को पूरा करने में लगे भी रहे लेकिन, सांसद 5 लाख तो दूर 50 हजार से कम की ही जीत दर्ज कर सके। भाजपाई अब जीत का अंतर कम होने का गैर दलों से आए लोगों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। ऐसे में उनके सामने एक ओर पहाड़ है तो दूसरी ओर खांई होने जैसी स्थिति बन गई है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव-2014 में पहली बार जिले से चुनाव लड़ने आए साक्षी महाराज ने मोदी लहर में अपने विरोधियों पर 3 लाख से अधिक की जीत दर्ज कर रिकार्ड बनाया था। इसके बाद उन्होंने जिले में ताबड़तोड़ राजनीतिक बैटिंग करते हुए लोगों के दिल में अपनी जगह बनाने का प्रयास किया और सफल भी रहे। वहीं, लोकसभा चुनाव-2019 में उन्होंने अपने पांच साल के काम को खूब भुनाया और चार लाख से अधिक मतों से विरोधियों को परास्त किया। दूसरे पंचवर्षीय कार्यकाल में भी सांसद ने अपनी साख बनाए रखी और योगी-मोदी के विकास कार्यों की गाथा गाते हुए लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का श्रेय लिया। योगी-मोदी की सरकारों का जलवा देख अन्य राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी अपनी-अपनी पार्टियों को छोड़कर भगवाधारी होने को राजी हो गए। देखते ही देखते विभिन्न दलों के लोगों की भाजपा में शामिल होने की होड़ सी लग गई। उस दौरान जिले से सैकड़ों की संख्या में विपक्षी दलों के नेताओं, नगर पालिका-पंचायतों के चेयरमैन, ब्लाक प्रमुखों समेत अन्य लोगों ने भाजपा का दामन थामा था। भाजपा की सदस्यता लेते समय सभी ने पार्टी के शीर्ष नेताओं के सामने सांसद साक्षी महाराज को इस बार पांच लाख से जीत दिलाने का संकल्प भी लिया था। लेकिन, पैंतरा कुछ ऐसा पड़ा कि पांच लाख तो दूर सांसद 50 हजार की लीड भी नहीं ला सके और चुनाव पूर्व किये गए सभी दावे खोखले साबित हो गए। ऐसे में भाजपाई एक ओर गैर दलों से आए लोगों पर इसका ठीकरा फोड़ रहे हैं तो दूसरी ओर भाजपा में शामिल हुए लोग इसे भाजपाइयों की कमी बता रहे हैं। इस माहौल में अब जो लोग अपने दलों को छोड़कर आए थे उन्हें कहीं ठौर नहीं मिल रहा है। भाजपाई उन्हें तवज्जो नहीं दे रहे और उनके पुराने दल के लोग अपने पास फटकने नहीं दे रहे। ऐसे में उनके सामने एक ओर पहाड़ है तो दूसरी ओर खांई होने जैसी स्थिति हो गई।

दो सैकड़ा नेताओं ने अपने हजारों समर्थकों के साथ ओढ़ा था भगवा

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुए नगर निकाय चुनाव में सपा, कांग्रेस, बसपा व अन्य पार्टियों के समर्थन के अलावा निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते-हारे दो सैकड़ा नेताओं ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा था। लेकिन, अब वहां तवज्जो न मिलने से वे अपने इस निर्णय को गलत मान रहे हैं।

सबसे अधिक सपा छोड़कर आए थे लोग

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जिले के अलावा प्रदेश व देश में स्थिति काफी मजबूत होने से सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए लोगों को अपने इस निर्णय पर सबसे अधिक पछतावा है।

करंट की चपेट आने से अधेड़ की मौत

उन्नाव। बीघापुर कोतवाली अंतर्गत पहाड़पुर सुबस गांव में पशुओं को पानी पिलाने गए अधेड़ किसान की मोटर में उतरे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। काफी समय तक पिता के घर न लौटने पर बेटी वहां पहुंची तो उसे इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बता दें कि पहाड़पुर सुबस गांव निवासी राकेश (52) पुत्र स्व. शिव बिहारी खेती करते थे। वह घर से करीब 200 मीटर दूर बने गोड़े में अपने पालतू पशु बांधते थे। बुधवार सुबह 10 वह बजे पशुओं को पानी पिलाने गए थे। तभी वह वहां पर लगी पानी की मोटर में उतरे करंट की चपेट में आकर गिर गए। उनके काफी देर तक घर न आने पर बेटी प्राची वहां पहुंची और पिता को अचेत पड़ा देख उसकी चीख निकल गई। चीख सुन परिजन दौड़े और उन्हें 100 बेड अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर आरके रमन ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की खबर घर पहुंचते ही पत्नी शशि, विधवा मां रामप्यारी व बेटा अंजेश पटेल का रो-रोकर बुरा हाल रहा। दिवंगत राकेश का बड़ा बेटा आशुतोष भारतीय वायु सेना में कार्यरत है। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। एसओ राजपाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

तेज हवा से टूटे पोल, 48 घंटे से बाधित रही बिजली आपूर्ति

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। तेज हवा चलने के कारण बीते रविवार चार विद्युत पोल टूटकर गिर गए थे। जिससे क्षेत्र के कई गावों में रविवार शाम से गर्मी के चलते विद्युत आपूर्ति बंद है। इससे ग्रामीणों का हाल-बेहाल है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द ही पोल सही कराकर आपूर्ति बहाल किये जाने की मांग की है।

बता दें कि क्षेत्र के आदिलापुर, देवीखेड़ा, भवानी खेड़ा, महमदपुर, कुशाल पुरवा, महामाइन खेड़ा गांव में तेज हवा चलने से बीते रविवार एक पेड़ की डाल विद्युत तार पर टूटकर गिर गई थी। जिससे चार पोल टूट गए थे। इससे गुल हुई बिजली बुधवार शाम तक सुचारु नहीं हो सकी।

ऐसे में भीषण गर्मी व उमस से लोग परेशान हैं। चार दिनों से बिजली न आने से लोगों के मोबाइल फोन तक बंद हो चुके हैं। ग्रामीण

टूटा विद्युत पोल। अमृत विचार

लगातार विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों से सप्लाई चालू करवाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। बिजली न आने से ग्रामीणों को रातें अंधेरे में गुजारनी पड़ रही हैं।

वहीं, जलापूर्ति बाधित होने से लोगों के सामने पेयजल का संकट भी खड़ा हो गया है। व्यापारियों व ग्रामीणों में राकेश पाल, बद्री प्रसाद, बाबू लाल, नोखेलाल, अमर सिंह ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से व्यापार ठप हैं। एसडीओ एजाज अहमद ने बताया कि मामला संज्ञान में है। लाइनमैन से सर्वे कराया जा चुका है। चार पोल टूटने की सूचना मिली है। नये पोल मंगवाये गए हैं। जल्द ही समस्या का निस्तारण किया जायेगा।

गर्मी से बढ़ रही मरीजों की संख्या

पुरवा, उन्नाव। सीएचसी में गर्मी के मौसम में उतार-चढ़ाव से बुखार, उल्टी, दस्त, डायरिया व कमजोरी के मरीज बढ़ रहे हैं। सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सुबह से शाम तक अस्पताल में मरीजों की भीड़ रती है। वहीं मौसमी बीमारी के साथ साथ डायरिया भी पैर पसार रहा है। पुरवा सीएचसी में बुधवार को मौसमी बीमारियों के चलते मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि जिसमें सीएचसी अस्पताल में करीब 250 मरीजों ने जांच करवाकर दवा ली। जिसमें ज्यादतर मरीज उल्टी, दस्त, बुखार व डायरियां के मौजूद रहे। डा. तपन गुप्ता ने बताया कि मौसम के बदलाव के चलते कमजोरी, जुकाम-बुखार आदि के मरीजों की भरमार रहीं। लेकिन इससे घबराने वाली बात नहीं है। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। मरीजों को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने व धूप में निकलने से बचने को कहा गया।

झपकी आने से एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार, दंपति घायल

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें कार सवार पति-पत्नी व बच्चे घायल हो गए। घायलों को यूपीडा कर्मी सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने दंपती को गंभीर देख रेफर कर दिया।

भर्ती महिला।

बता दें कि जामिया नगर नई दिल्ली निवासी साहिद पुत्र शादिर अली पत्नी आफरीन व बेटे हैदर और अमार के साथ दिल्ली से कार से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के रास्ते से अयोध्या अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही उनकी कार एक्सप्रेस-वे पर किमी संख्या-252 के सामने पहुंची चालक शाहिद को झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें कार सवार दंपती व बच्चे घायल हो गए। घायलों को यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने शाहिद व आफरीन को प्राथमिक इलाज के बाद लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

घर से चोरों ने पार किये 20 लाख के जेवर

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

अमृत विचार। बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव माखन खेड़ा स्थित एक मकान में चोर पीछे के दरवाजे से घुसे। चोरों ने कमरे में रखी आलमारी और संदूक का ताला तोड़कर उनमें रखे 65 हजार नकद व 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिये। सुबह जानकारी होने पर गृहस्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

रानीपुर ग्रंट गांव के मजरा माखन खेड़ा निवासी महेश प्रसाद पुत्र रामभरोसे ने बेहटा मुजावर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती मंगलवार रात भीषण गर्मी के चलते वह परिवार के साथ घर की छत पर सो रहा था। जबकि घर के अन्य सदस्य घर के बाहर सहन में सो रहे थे। तभी रात में चोर घर के पिछले दरवाजे को खोलकर घर में घुसे और कमरे में रखी आलमारी व संदूक का ताला तोड़कर उनमें रखे 65 हजार नगद व उसका और उसकी दो बहुओं सुषमा व शिवांगी के करीब 20 लाख के सोने-चांदी का जेवर चोरी कर भाग निकले। बुधवार सुबह नींद खुलने पर गृहस्वामी व अन्य सदस्यों ने जेवर, डिब्बे व कपड़े बिखरे देखे तो उनके होश उड़ गए। परिजनों की सूचना पर पहुंचे बेहटा एसओ ने मौके की सघन जांच की। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी हुई है।

चोरी के बाद गुमशुम बैठी महिला।

चोरों द्वारा बिखराया गया सामान देखता युवक। अमृत विचार

● बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के माखन खेड़ा का मामला

सार-संक्षेप

पिकअप की टक्कर से महिला गंभीर घायल

औरास। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के घूरामऊ गांव निवासी 65 वर्षीय सरजूदेई पति महिपाल के साथ बाइक से रिस्तेदारी में संडीला जा रही थी। तभी औरास थानांतर्गत औरास-मोहान मार्ग पर मैनी भावाखेड़ा चौराहे पर दूध डेरी का पिकअप लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन कट से मुड़कर रामपुर गढ़वां जा रहा था। उसी समय पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दंपती गिर गए। इसमें महिला का पैर पिकअप के पहिये के नीचे आने से वह गंभीर घायल हो गयी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लाया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नाबालिग बेटी को भगाने का आरोप

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 10 जून को किसी काम से घर से बाहर गई थी। घर पर उसकी नाबालिग बेटी थी। कुछ देर बाद जब वह वापस आई तो उसकी बेटी घर पर नहीं थी। आसपास के लोगों से जानकारी की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। बताया कि निवासी सुशील उसकी बेटी को फोन कर परेशान करता था। आरोप लगाया कि सुशील ही उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

टकराईं बाइकें, दो युवक घायल

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव नसिरापुर के सामने दो बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें बाइक चालक दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव नसिरापुर के सामने बुधवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक चालक ज्ञानप्रकाश पुत्र महादेव निवासी गांव भिखारीपुर पतसिया व पारस पुत्र रामनाथ निवासी गांव कपूर पुर टड़वा कोतवाली बांगरमऊ गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को नोटिस जारी

हसनगंज उन्नाव। हसनगंज एसडीएम हिमांशु गुप्ता व तहसीलदार विराग करवरिया ने अप्रैल व मई माह में लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे संदाना, मलाव व भैसोरा गावों में 70 बीघा जमीन जो तालाब, चारागाह, कब्रिस्तान व वन विभाग के नाम दर्ज थी। उन जमीनों पर प्रापर्टी डीलरों व अन्य लोगों ने अभिलेखों में कूट रचित तरीके से नाम दर्ज कराकर कब्जा कर लिया था। जिस पर एसडीएम ने अभिलेखागार से 65 साल पुराना रिकार्ड निकलवाकर मिलान कराया तो फर्जीवाड़ा खुलकर सामने आ गया। इसके बाद एसडीएम ने 43 फाइलें चिन्हित कर 60 लोगों को नोटिस भेजकर एक हफ्ते में जमीन के कागज दिखाने की बात कही है। एसडीएम ने बताया कि दो माह में गोपनीय जांचकर कराई गई है। इसमें 70 बीघा सरकारी भूमि चिन्हित कर सरकारी अभिलेखों में दर्ज कराई गई है। जिसकी कीमत 100 करोड़ है। जो अब कब्जा मुक्त कराई जाएगी।

पहिया पंचर होने से पलटी बाइक, दो लोग जख्मी

बांगरमऊ। नगर के मोहल्ला नौनिहालगंज निवासी मौसम पुत्र अजय वर्मा साथी हरिओम पुत्र रामनरेश तिवारी निवासी गांव ब्योली इस्लामाबाद थाना बेहटा मुजावर के साथ बाइक से लखनऊ गया था। लौटते समय बुधवार शाम लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर अचानक पहिया पंचर होने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मं भर्ती कराया। जहां उनका इलाज जारी है।

गंगा में डूबी किशोरी, तलाश जारी

संवाददाता,फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। बहन के साथ मवेशी चराने गई बच्ची अचानक गंगा नदी के गहरे पानी में डूब गई। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्ची की खोजबीन की। पुलिस ने भी उसकी खोज कराई। लेकिन, अंधेरा होने से सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद बुधवार को भी बच्ची की गंगा में खोजबीन जारी रही।

सिमरन।

थानाक्षेत्र के कटरी गदनपुर आहार गांव के मजरा भिखारी पुरवा निवासी सियाराम की 12 वर्षीय बेटी सिमरन अपनी बड़ी बहन मानसी व गांव के अन्य बच्चों के साथ मंगलवार को मवेशी चराने गई थी। इसी बीच सभी बच्चे गंगा नदी में नहाने लगे। अचानक सिमरन गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने का प्रयास बड़ी बहन व अन्य बच्चों ने किया लेकिन, वे सफल नहीं हुए। इसके बाद बच्चों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने किशोरी की करीब 200 मीटर तक गंगा में खोजबीन की लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चल सका। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने बताया कि सिमरन कक्षा 6 की छात्रा है। बुधवार को भी पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन कराई। लेकिन, खबर लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल सका था। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बच्ची के गंगा में डूबने की सूचना मिली थी। गोताखोरों की मदद से बच्ची की तलाश करवाई जा रही है।

नदी किनारे मौजूद पुलिस व लोग। अमृत विचार

● कटरी गदनपुर आहार गांव के मजरा भिखारीपुरवा गांव का मामला

पेड़ पर फंदे से लटक कर महिला ने की खुदकुशी

उन्नाव। आसीवन थानांतर्गत अरेर कलां गांव के बाहर पेड़ पर महिला को शव फंदे से लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। थानाक्षेत्र के अरेर कलां गांव निवासी अनीता (32) पत्नी मटरू ने घर से करीब 500 मीटर दूर गांव निवासी गंगाचरन के बाग में लगे आम के पेड़ में लटककर खुदकशी कर ली। खेत गए ग्रामीणों ने उसका शव फंदे से लटका देखा तो सनसनी फैल गई। वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अनीता के तीन बेटे प्रिंस (11) अतुल (9) आशीष (6) व एक बेटी कल्पना (3) है। उसकी मौत की खबर से परिजन बेहाल हैं।

जली युवती के पिता ने बाप व बेटे के विरुद्ध दी तहरीर, रिपोर्ट

फालोअप

संवाददाता, पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। दही थानाक्षेत्र की एक गांव निवासी 24 वर्षीय युवती बीती रविवार रात पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव सकरन निवासी अपने प्रेमी से मिलने आई थी। जहां वह संदिग्ध परिस्थिति में आग की चपेट में आ गई थी। इसके बाद उसे पहले सीएचसी फिर वहां से जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां डाक्टरों ने उसे गंभीर देख कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया था। वहां भी उसकी हालत में सुधार न होने पर डाक्टर ने उसे लखनऊ के मेडिकल कालेज रेफर किया था। जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। वहीं युवती के पिता ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर नरेश व उसके पिता गोलू के विरुद्ध बेटी को जलाकर मारने का प्रयास करने की तहरीर दी है। पुलिस ने नरेश व गोलू के विरुद्ध जानलेवा हमले की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक व उसके पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। युवती की हालत में सुधार होने और उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, युवती का हाल जानने को बीते मंगलवार एएसपी अखिलेश सिंह लखनऊ अस्पताल भी गए थे। लेकिन, उसकी हालत ठीक न होने से वे लौट आए थे।

● दही थानाक्षेत्र के एक गांव का मामला

अव्यवस्था | ज्यादातर बिना नंबर के या फिर फर्जी नंबर लिखकर चल रहे हैं वाहन

जिले में बिना नंबर के ओवरलोड वाहन भर रहे फर्राटा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिले में बिना नंबर प्लेट और फर्जी नंबर लिखकर फर्राटा भर रहे ओवरलोड डंपर व ट्रक शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। आरोप है कि अफसरों की मिलीभगत होने से इन पर लगाम नहीं लग पा रही है और यह वाहन शाम होते ही जिले की सड़कों पर यमदूत बनकर दौड़ने लगते हैं। जिससे यह वाहन आमजन व राहगीरों के लिये जान का खतरा भी बनते जा रहे हैं।

बता दें कि जिले में इन दिनों एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया जा रहा है। इनके निर्माण में सैकड़ों डंपर व ट्रक लगे हैं। इन्हीं से मिट्टी के अलावा मौरंग, गिट्टी, बालू के अलावा अन्य निर्माण सामग्री पहुंचाई जा रही है। ओवरलोड व मानकों को दरकिनार कर सड़क पर दौड़ने वाले इन वाहनों पर प्रशासन लगाम नहीं लगा पा रहा है। सड़कों पर आएदिन हादसे हो रहे हैं लेकिन, अफसरों को ओवरलोड डंपर व ट्रक दिख नहीं रहे हैं। परिवहन, यातायात व पुलिस अफसर इन पर कार्रवाई करने की बजाय मूकदर्शक बने हैं। उनकी मिलीभगत होने से ऐसे वाहन अपनी क्षमता से दो से तीन गुना तक भार लादकर सड़कों को बदहाल कर रहे हैं।

पुरवा-मौरावां रोड से जाता ओवरलोड ट्रक। अमृत विचार

पुरवा-मौरावां रोड से जाता बिना नंबर का डंपर। अमृत विचार

विभाग अधिकारी न होने की बात कहकर झाड़ रहे पल्ला

यातायात प्रभारी सुनील सिंह ने कहा कि ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध परिवहन या खनन विभाग कार्रवाई करता है। नंबर प्लेट न होने पर उनके विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है। इसके लिए सभी कर्मचारियों को निर्देश भी दिए गए हैं।

बोले एआरटीओ

एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह ने बताया कि ओवरलोड या बिना नंबर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाती है। आगे भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी वाहन को मानकों के विरुद्ध चलने नहीं दिया जाएगा।

किस्त जमा न होने से वाहन खींचे जाने का बनाते हैं बहाना

बिना नंबर प्लेट चलने वाले ओवरलोड डंपर व ट्रक चालक इसके पीछे फाइनेंस कंपनी से बचने का बहाना बनाते हैं। उनका जवाब रहता है कि वाहन की किस्त जमा नहीं हो पाने से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी वाहन को खींच लेते हैं। इसके चलते उन्होंने नंबर प्लेट नहीं लगाया है।

तीन युवकों को चोर समझ दौड़ाया, एक को पकड़ा

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव पासाखेड़ा में मंगलवार रात ग्रामीणों ने गांव के बाहर तीन युवकों को संदिग्ध अवस्था में खड़ा देखा तो उन्हें चोर समझकर दौड़ा लिया। जिस पर एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जबकि दो मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने उससे पूछताछ की लेकिन, कुछ न बताने पर उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवक से पूछताछ की। जिस पर उसके द्वारा सही जवाब न देने पर पुलिस उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात कह रही है। जिससे ग्रामीण युवक से पुलिस द्वारा लेनदेन करने की बात कही जा रही है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के दही-मोहनलाल गंज मार्ग स्थित तारनखेड़ा गांव के पास रिश्तेदारी से अपने घर बाइक से जा रहे 24 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मरुई नईमपुर निवासी सुरेश का 24 वर्षीय बेटा कुलदीप दिल्ली में मजदूरी करता था। कुछ दिन पूर्व वह गांव आया था। सोमवार को वह रिश्तेदारी में क्षेत्र के गांव रतवसिया गया था। जहां से बुधवार सुबह समय चार बजे वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी तारनखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच क बाद परिजनों को सूचना दी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कुलदीप की मौत से पिता सुरेश, मां कमलेश देवी, भाई सर्वेश व संदीप रो-रोकर बेहाल रहे। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

● पुरवा के दही-मोहनलाल गंज मार्ग पर तारनखेड़ा गांव के पास हुई घटना

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग। अमृत विचार

सीएचसी पर रोते-बिलखते मृतकों के परिजन व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

तमाशा करने वालों के साथ मौत ने कर दिया तमाशा

दर्दनाक हादसा : राज्यमंत्री रजनी तिवारी, डीएम व एसपी ने मौके पर पहुंचकर ली घटना की जानकारी

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 के पास हाईवे के किनारे डेरा डाले हुए अवधेश उर्फ बल्ला रोज जैसे-तैसे गुजर कर रहा था। वह गांव-गांव या फिर मेले-ठेले में बंदर के साथ तमाशा दिखा कर बच्चों के लिए बड़ी मुश्किल से दो वक्त की रोटी जुटा पाता था। बेटी-दामाद घर में थे, अवधेश उर्फ बल्ला उनकी खातिरदारी में कोई कसर नहीं छोड़ रहा था।

हर रोज की तरह मंगलवार की रात में पूरे परिवार ने एक साथ बैठकर खाना खाया और फिर हवा चलती देख डेरे से बाहर निकल कर सोने की तैयारी करने लगे। अवधेश, उसकी पत्नी और बच्चे एक तरफ, जबकि बेटी-दामाद और उसके बच्चे दूसरी तरफ सो गए। सोने से पहले अगली सुबह की उम्मीदों पर बातें भी हुई फिर उसके बाद रात का दूसरा पड़ाव आने से पहले ही गहरी नींद ने उन सभी को अपने आगोश में ले लिया। दरअसल, हाईवे किनारे झोपड़ी में रह रहे एक परिवार पर बालू लदा ट्रक पलट गया. जिससे पूरा परिवार ट्रक के नीचे दब गया. जब तक बालू और ट्रक हटाकर नीचे दबे लोगों को निकाला जाता तब तक चार बच्चों समेत कुल आठ की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जिस ट्रक के नीचे लोग दबे, वो ट्रक गंगा किनारे से बालू लेकर हरदोई जा रहा था। इसी दौरान ट्रक किसी तरह अनियंत्रित होकर मोड़ पर पलट गया, जिसकी वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ है। घटना में गंभीर घायल 6 वर्षीय बच्ची बिट्टो अस्पताल में उपचाराधीन है। हादसे के बाद पूरे इलाके में कोहराम मचा है। डीएम मंगला प्रसाद सिंह, एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एसडीएम बिलग्राम गिरिमा सिंह व सीओ बिलग्राम सुनील शर्मा ने पहुंचकर हादसे के बारे में पूछताछ की। डीएम ने बताया है कि जांच-पड़ताल की जा रही है। राज्य मंत्री रजनी तिवारी मौके पर पहुंची। उन्होंने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया।

घटनास्थल पर जानकारी लेतीं मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

मृतकों के परिजनों से जानकारी लेते डीएम-एसपी। अमृत विचार

हादसे में मारी गई सुधा, राधा और अवधेश की फाइल फोटो।

रात भर वहीं रुके रहे चेयरमैन प्रतिनिधि

हादसे की खबर सुनते ही चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज आलम वहां पहुंचे और बालू के नीचे दबे हुए लोगों को निकालने में जुटे पालिका कर्मियों की मदद में लगे रहे। उन्होंने सारी रात वहीं खड़े-खड़े गुज़ार दी। इस दौरान उन्होंने राहत कार्य में भरपूर मदद की।

डरी सहमी घायल बालिका बिट्टो।

आस-पास के डेरों में डर ने किया बसेरा

डेरा डाल कर रहने वाला अवधेश उर्फ बल्ला बंदर के साथ ढोलक की थाप पर तमाशा दिखा कर जैसे-तैसे अपने बच्चों के साथ गुजारा करता था, लेकिन एका-एक हुए हादसे ने सब कुछ छीन लिया। बल्ला के भाई भी उसके पड़ोस में डेरा डाल कर रहते है। हादसा होने से वे सभी काफी सहमें हुए है। ऐसा लग रहा है कि डर ने उनके डेरों में बसेरा कर लिया हो। उनके अंदर जाना तो दूर, वहां कोई झांकने तक की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। बताया जा रहा है कि अवधेश उर्फ बल्ला के दो बेटे 18 वर्षीय बंटी व 15 वर्षीय कौशल, 14 वर्षीय बेटी दामिनी और 10 वर्षीय मोनिका बगल में अपने चाचा तनू के पास मोबाइल देख रहे थे और उन्हे वहीं नींद आ गई। उसी बीच आधी रात को आई मौत उनके पास से होते हुए गुज़र गई। कहा जा रहा है कि अगर वे भी बल्ला के पास होते तो उन्हे भी हादसे का शिकार होने से नहीं बताया जा सकता था।

मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधातीं विधायक आशीष सिंह की पत्नी प्रतिमा। अमृत विचार

विधायक की पत्नी ने पीड़ितों के पोछे आंसू

आठ लोगों की बालू के नीचे दबने से हुई दर्दनाक मौत की खबर सुनते ही विधायक आशीष सिंह आशू की पत्नी प्रतिमा सिंह वहां पहुंची और बल्ला के परिवार से मिल कर उन्हे ढांढस बंधाते हुए आंसू पोछे। वही विधायक आशू ने गहरा शोक जताते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

जिलाधिकारी ने एसडीएम से मांगा डेरे का डाटा

हाई-वे पर हुए दर्दनाक हादसे के बारे में सुन कर वहां पहुंचे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने डेरों में रहने वाले लोगों के बारे में अधिकारियों से सवाल-जवाब किया है। उन्होंने जानना चाहा कि आखिर डेरे में क्यों और कितनी पीढ़ियों से रहते है अवधेश उर्फ बल्ला जैसे लोग। जिलाधिकारी को बताया गया है जहां डेरे डाले गए हैं, वह ज़मीन विवादित है और यह लोग करीब 50 सालों से यहां रह रहे थे।

मेहमानी में आए हुए थे बेटी और दमाद

अवधेश उर्फ बल्ला का दामाद करन करीब 15 दिन पहले ही पत्नी व बच्चों के साथ ससुराल आया हुआ था। हालांकि दो दिन से करन घर जाने को कह रहा था, लेकिन बच्चे रुकना चाहते थे। उसी वजह से करन कुछ बोल नहीं सका और वह भी रुक गया। मंगलवार की रात को हवा चल रही थी। करन भी पत्नी व बच्चों के साथ गर्मी से बचने के लिए हाई-वे के किनारे खुली हवा में सो गया। उसी बीच हुए हादसे ने करन के अलावा उसके अपनों को अपनों से हमेशा-हमेशा के लिए छीन लिया।

छोटे पिंजरों में बंद किए जा रहे दर्जनों बंदर

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। लोनी चीनी मिल प्रबंधन तंत्र द्वारा मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम ररी में बंदरों को पकड़वाने का अभियान चलाया जा रहा है। बंदरों को पकड़ने के बाद छोटे-छोटे पिंजरों में दर्जनों के हिसाब से बंद कर उनके साथ अमानवीय कृत्य किया जा रहा है, पूछे जाने पर वन विभाग और लोनी चीनी मिल ने बंदर पकड़वाने के मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया। बंदरों की बढ़ती हुई संख्या को देखकर ग्रामीण काफी परेशान थे। बंदर उनकी फसलों को चौपट कर रहे थे। क्षेत्र में गन्ने की फसल बड़ी मात्रा में होती है।

गन्ने की फसल को भी बंदर नुकसान पहुंचा रहे थे। बंदरों को पकड़ने के लिए लोनी चीनी मिल ने मथुरा से एक टीम बुलवाई है और मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम ररी में पिछले चार दिनों से बंदर पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शी ग्राम वासियों के अनुसार बंदरों को पकड़ने के बाद यह टीम छोटे-छोटे पिंजरों में दर्जनों के हिसाब से बंदरों को बंद कर रहे हैं जिसमें वह न तो घूम पा रहे हैं और न ही उनको खाने पीने के लिए कुछ दिया जा रहा है। कुल मिलाकर लोनी चीनी मिल द्वारा बंदरों के साथ अमानवीय कृत्य किया जा रहा है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जब वन विभाग से बंदर पकड़ने के बाबत जानकारी चाही गई तो वन विभाग द्वारा बताया गया कि उनके संज्ञान में ऐसी कोई बात नहीं है। ग्रामीण स्वयं बंदर पकड़ रहे होंगे। यही जवाब लोनी चीनी मिल प्रबंधन तंत्र ने दिया कि चीनी मिल की ओर से बंदर पकड़ने का कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है। गांव वासी स्वयं बंदर पकड़ रहे होंगे।

लोनी चीनी मिल द्वारा मथुरा की टीम से पकड़वाये जा रहे है बंदर

गर्मी में रखा जा रहा भूखा व प्यासा

पकड़ने के बाद छोटे पिंजरे में कैद कर रखे गए दर्जनों बंदर।

दावत से लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। दावत से लौट रहे बाइक सवार को मौरंग से लदे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। वहां पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पिहानी कोतवाली के मंसूर नगर निवासी पतिराखन राठौर (29) पुत्र ओमकार खेती-बाड़ी के साथ-साथ मेहनत-मज़दूरी कर पत्नी और दो बच्चों का पेट पाल रहा था। भाई रंगीले ने बताया कि मंगलवार को रारा गांव में दावत थी। पतिराखन उस दावत में गया हुआ था। रात को करीब 10 बजे वह बाइक से लौट रहा था। रास्ते में पिहानी रोड पर कोतवाली देहात के पूरा बहादुर और बरगावां के बीच ईंट-भट्टे के पास मौरंग लदे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने उसके पास से मिले मोबाइल से घर वालों को हादसे की सूचना दी और ज़ख्मी पतिराखन को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने उसका शव अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पांच भाइयों मे दो पतिराखन से बड़े और दो उससे छोटे भाई है।

सार-संक्षेप

बैठक करते इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी।

कल मनाया जाएगा विश्व रक्तदाता दिवस

हरदोई, अमृत विचार। स्वैच्छिक रक्तदान एक महादान है, जिससे किसी मरते हुए व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। रक्तदाताओं को उनके जीवन दायिनी उपहार के लिए धन्यवाद देने और सुरक्षित रक्त दान को बढ़ावा देने के लिए 14 जून को हर साल दुनिया भर के देशों में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इस जानकारी के साथ नामचीन वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सीके गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम सुरक्षित रक्त और उत्पादों की आवश्यकता के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करता है। इसके तहत शुक्रवार को कटियार ब्लड बैंक धर्मशाला रोड पर गोष्ठी, पोस्टर प्रदर्शनी, नि:शुल्क ब्लड ग्रुप जांच, खून की बीमारियों के लिए नि:शुल्क परामर्श का आयोजन किया जायेगा। गोष्ठी और प्रदर्शनी का उद्घाटन मुकेश अग्रवाल पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष करेंगे।

दिल्ली से लौट रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

हरदोई, अमृत विचार। साथी के साथ दिल्ली से वापस घर लौट रहे युवक की चलती ट्रेन से गिर कर मौत हो गई। उसके साथ लौट रहा उसका साथी गायब हो गया। ऐसे में युवक के घर वाले किसी अनहोनी का अंदेशा जता रहें हैं। बुधवार की सुबह कछौना पुलिस ने उसका शव नैरा गांव के पास रेलवे ट्रैक से बरामद किया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। मंगलवार की रात दिल्ली से वापस लौट रहे युवक की कछौना कोतवाली के नैरा गांव के पास चलती ट्रेन से गिर कर मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर वहां पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जामा तलाशी ली, उसके पास से मिले आधार कार्ड से नाम विकास पुत्र राम केवल निवासी गौरा थाना टिकैत नगर ज़िला बाराबंकी बताया गया। पिता राम केवल ने बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र दिल्ली में रहकर फैक्ट्री में काम करता था। पिता के मुताबिक विकास ने बताया था कि वह अपने साथी के साथ दिल्ली से घर लौट रहा है। हादसे के बाद उसके साथी के गायब होने विकास के घरवालों को किसी अनहोनी का अंदेशा है। एसएचओ कछौना राकेश सिंह ने बताया कोई आरोप नहीं लगाया है। जांच की जा रही है।

बकरीद व बड़े मंगल को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। बकरीद व बड़े मंगल त्योहार को लेकर पुलिस ने क्षेत्र के सभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता सीओ संडीला शिल्पा कुमारी ने की । थाने में आयोजित सीओ संडीला शिल्पा कुमारी ने बैठक में कहा कि बकरीद की कुर्बानी का बचा मटेरियल को सही तरीक़े से डिस्पोज करे। नगर पालिका की गाड़ी में काली पन्नी में डाले प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नही की जाएगी। अफवाहों पर ध्यान नही देना है। प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने कहा कि त्योहार को सभी लोग आपसी भाई चारे के साथ मनाएं। पीस कमेटी की बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका संडीला ने किया। उन्होंने 18 जून मंगलवार को होने वाली शोभायात्रा के विषय में विस्तृत जानकारी दी । सभासद हसन मक्की ने बताया की नगर पालिका मस्जिदों में चुना एवं सफाई , पानी टैंकर आदि की व्यवस्था कराए । सिराहाउस के सज्जादा नसीम राशिद अली ,बबलू सभासद बच्चू, भाजपा नेता ऋषभ खन्ना, कांग्रेस नेता नसीम वारसी आदि प्रधान लोग मौजूद रहे।

नींव खोदते समय दीवार गिरने से मजदूर की मौत

संडीला / हरदोई, अमृत विचार। थाना संडीला क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा के मोहल्ला काजी सराय निवासी 45 वर्षीय रफीक मजदूरी कर जीवन यापन करता था। बुधवार की सुबह घर से मजदूरी करने के लिये कस्बा के ही मोहल्ला इमाम चौक निवासी इकराम के यहां गया था। दोपहर के समय नींव खोद रहा था उसी समय उसके ऊपर दीवार भरभरा कर गिर गयी, जिस कारण वह उसमें दब गया। परिजन व अन्य लोग उसे संडीला सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी नूरबानो के अलावा दो पुत्र एक पुत्री है। कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

15 से शुरू होगा योग सप्ताह

हरदोई, अमृत विचार। आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जिला आयुर्वेद अधिकारी आशा रावत के साथ चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 जून से शुरू होने वाले योग सप्ताह की सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों से चर्चा कर ली जाये। योग कार्यक्रमों के लिए स्थान चिन्हीकरण का कार्य कर लिया जाये। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, आयुर्वेद विभाग के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जम्मू घटना पर बजरंग दल ने फूंका पुतला

हरदोई, अमृत विचार। जम्मू में तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल ने बुधवार को आतंकवाद का पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा। बताते चलें कि जम्मू में आतंकवादियों द्वारा एक बस पर हमला कर दिया गया था। जिसमें 10 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई थी। इसका विरोध बजरंग दल ने किया। बजरंग दल की स्थानीय इकाई ने सिनेमा चौराहे पर आतंकवाद विरोधी नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। ज़िलाध्यक्ष विहिप आशीष माहेश्वरी ने कहा कि यह घटना संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है। इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। पुतला दहन में विभाग संपर्क प्रमुख सुशील, जिला कार्याध्यक्ष मोहित, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु, जिला मंत्री गौरव, जिला सह मंत्री रवि, राहुल, नागेंद्र, नगर संयोजक सुमित व अंकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिनेमा चौराहे पर आतंकवाद का पुतला जलाते बजरंग दल के लोग। अमृत विचार

सभासद ने सफाई नायक को पीटा, आक्रोश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सफाई कर्मी को छुट्टी देने से गुस्साए सभासद ने सफाई नायक की पिटाई कर दी। सफाई नायक ने चेयरमैन के घर में घुसकर किसी तरह जान बताई। पुलिस ने सभासद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली शहर के मोहल्ला पुराना बोर्डिंग हाउस निवासी विकास चन्द्र दीक्षित नगर पालिका परिषद में सफाई नायक है। उसके पास वार्ड नंबर-23 रेलवे गंज के अलावा वार्ड नंबर-6 चंदीपुरवा का भी चार्ज है। सोमवार को वह ड्यूटी पर था, उसी बीच वहां पहुंचे सभासद सुधीर कुमार गुप्ता ने एक सफाई कर्मी को ज़रूरी काम के लिए उसे छुट्टी देने पर गाली-गलौज करते हुए उसे लात-घूंसों से पीटने लगे। सफाई नायक ने वहां से भाग कर चेयरमैन के घर में घुसकर अपनी जान बचाई, उसके बाद भी सभासद ने उसे फोन पर मार डालने की धमकी दी। पुलिस को दी तहरीर में उसने सभासद से अपनी जान को खतरा बताया है। पुलिस ने सभासद सुधीर कुमार गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

सभासद के व्यवहार से आहत पालिका कर्मी शहर कोतवाली पहुंचे उन्होंने सभासद के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। कर्मचारियों ने कहा कि आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। साथ ही कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान की जाए। ऐसे सभासद पालिका में प्रवेश वर्जित किया जाए।

कोतवाली शिकायत करने पहुंचे नगर पालिका कर्मचारी। अमृत विचार

अवंतिका सिंह का गांधी फेलोशिप के लिए चयन

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

अमृत विचार। ग्रामीण अंचल में प्रतिभा हमेशा से फलती फूलती आई है। हथौड़ा ग्राम की अवंतिका सिंह ने स्नातक के बाद से ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प लिया था। जब उन्हे गांधी फेलोशिप प्रोग्राम के बारे में पता चला तो उन्होंने पूरी मेहनत और लगन से इसकी तैयारी करना शुरू की, चयन प्रक्रिया के विभिन्न लेवल सफल रूप से पास करने के बाद उनका चयन गांधी फेलोशिप में हुआ है। यह फैलोशिप दो वर्ष के लिए है जहां इन्हे विभिन्न लीडरशिप स्किल्स सीखने का अवसर मिलेगा।

बताते चलें कि भारत सरकार के नीति आयोग एवं गांधी फैलोशिप की संयुक्त पहल से शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधित कार्य वृहद स्तर पर किया जाता है , इन प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग सीधे जिला मुख्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं फेलोशिप के सीनियर अधिकारियों द्वारा की जाती है। फैलोशिप के दौरान प्रत्येक माह लगभग 25 से 30 हजार रुपए स्टाइपेंड के साथ साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। अवंतिका ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में परिवार और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः॥

निःसंदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

संपादकीय

पाकिस्तान और आतंकवाद

जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है। पाकिस्तान हमेशा से जम्मू क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास करता रहता है। रविवार को आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोग मारे गए। दो दिन बाद, आतंकवादियों ने डोडा में एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया जिसमें छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक अन्य घटना में मंगलवार को कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। बुधवार को एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराए जाने के बाद रात भर चली मुठभेड़ समाप्त हो गई, लेकिन ऑपरेशन में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के मुताबिक मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। तीन दिनों के भीतर हुए इन तीन हमलों से लोगों में डर का माहौल है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों में तेजी इस बात की याद दिलाती है कि पाकिस्तान प्रायोजित नापाक तत्व इस क्षेत्र में अपने पैर पसार रहे हैं और यह सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकार के दावों की सच्चाई को उजागर करता है। कहा जा रहा था कि 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया। परंतु पहले तो आतंकी सिर्फ कश्मीर घाटी में ही हमला करते थे अब तो यह हमले जम्मू संभाग में भी हो रहे हैं, जो एक नई सुरक्षा चुनौती पेश कर रहा है।

अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों का भी यह आरोप रहा है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विभिन्न आतंकी कार्रवाइयों में लिप्त रहा है। प्रमुख इस्लामी आतंकी संस्थाएं जैसे लश्कर-ए-तैयबा, लश्कर-ए-ओमर, जैश-ए-मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह-ए-सहाबा, हिज़्बुल मुजाहिदीन आदि सब के सब पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। महत्वपूर्ण है कि दूसरे कार्यकाल के लिए कार्यभार संभालने के तुरंत बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले सीमा पार आतंकवाद से निपटने के प्रयास किए जाएंगे क्योंकि यह 'एक अच्छे पड़ोसी की नीति' नहीं हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आंतकवादी हमला जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक साजिश का हिस्सा है। कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। आतंकवादियों ने बीएसएफ के सुरक्षा बाड़ को पार कर सुरंग के जरिए घुसपैठ की होगी। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा के करीब है। सरकार को पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी ओर से पाकिस्तान की घेराबंदी जारी रहे।

प्रकृति पर नियंत्रण की चाह में उत्पन्न होती हैं समस्याएं

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है, उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है, जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, जल, मिट्टी, हवा एवं अन्य पर्यावरणीय समस्याएं दिन पर दिन सरकारों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकारों को कम से कम पंचमहाभूतों के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम चलाना होगा, तभी धरती पर जीवन संभव हो सकेगा।

सरकारों को सबसे पहले लोगों की आधारभूत जरूरतों को पूरा करना होगा, जो कि प्रकृति द्वारा मुफ्त में यह सुविधाएं उपलब्ध हैं, इनका सही तरह उपयोग व संरक्षण कैसे हो इस पर एक एकीकृत कार्य योजना तैयार करनी होगी। क्योंकि अभी तक सरकार अलग-अलग तरह से जल, मिट्टी, हवा की विभिन्न समस्याओं को हल करने का प्रयास करती रही हैं जिससे यह समस्याएं और विकराल होती गई, क्योंकि प्रकृति में सबकुछ एक दूसरे से जुड़ा है। अध्ययनों से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण गेहूं और चावल की फसलों में 2030 तक छह से 10 प्रतिशत की कमी देखी जा सकती है। इसी तरह विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण 15 वर्षों में 45 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी की श्रेणी में आ जाएंगे।

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया। 2015 से 2023 तक भारत के समग्र प्रदर्शन स्कोर में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2023 में 165 देशों में भारत 109 वें स्थान पर है। इसके अलावा मानव विकास सूचकांक में भारत ने दिखाई प्रगति, 193 देशों में 134 वें स्थान पर 2021 में गिरावट के बाद, भारत का एचडीआई मूल्य 2022 में 0.633 से बढ़कर 0.644 हो गया जिससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया। शायद यही कारण है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों में से 111 वें स्थान पर रखा गया है जिसमें देश में सबसे अधिक 18.7 फीसदी बाल कुपोषण दर दर्ज की गई है। हालांकि केंद्र सरकार ने तुरंत इस रिपोर्ट को गलत बताते हुए खारिज कर दिया है। इस सूचकांक में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर 'गंभीर' बताया गया है। इसी तरह तमाम इंडेक्स जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर किए जाते हैं, उनमें भारत की तस्वीर कुछ अच्छी नहीं दिखाई देती है।

इन सब समस्याओं के बाबजूद भारत विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश है। यही कारण है कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ एक उम्मीद के साथ नजरे लगाए बैठा है कि भारत ही इस संकट की घड़ी में विश्व को एक नया रास्ता देगा। अतः नई सरकार को चाहिए कि आम आदमी के जीवन को बेहतर प्रबंधन देने के लिए निम्न बिंदुओं पर भी ध्यान दिया जाए तो शायद देश का आम जन अपने को खुश और समृद्ध पा सकेगा, जो योजनाएं धरती के संरक्षण व किसानों की आय में वृद्धि के लिए लागू की गई है, उन्हें उचित प्रबंधन के साथ लागू किया जाए। देश में "प्राकृतिक वसीयत" के लिए अध्यादेश लागू हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर "वसुधैव कुटुंबकम्" का सिद्धांत लागू हो, इसे रोम संविधान के अनुसार दुनिया का सर्वोच्च सिद्धांत माना जाए। इस पर भारत सरकार की तरफ से पहल हो। दुनिया में "सहअस्तित्व" के आधार पर पर्यावरणीय कानून एक समान हो। पर्यावरणीय आकलन करते समय "सहअस्तित्व प्रभाव" भी शामिल किया जाए। महिलाओं की भागीदारी में पिछले सालों में वृद्धि देखी गई, उसको बरकरार रखा जाए। इसके अलावा दिहाड़ी मजदूरों द्वारा बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी आर्थिक समस्याओं को हल करने के लिए सहायता प्रदान की जाए। प्राकृतिक संपदा के आधार पर धनी व्यक्ति का चयन हो। साथ ही सहअस्तित्व प्रभाव के आधार पर प्रत्येक योजना और परियाजनाओं का आर्थिक मूल्यांकन हो। न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता पर आधारित हो। भारत के संविधान में मजबूत "इको साइड" कानून की व्यवस्था हो। इसके अलावा "आर्थिक असमानता" आयोग की स्थापना की जाए। किसानों को 'पंचमहाभूत संरक्षक' के रूप में सम्मानित किया जाए।

इसके इतर वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु मानवीय कृषि को एक उम्दा समाधान मानकर उचित मानदंड स्थापित किए जाए। सामाजिक न्याय और प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए किए गए कार्यों में शामिल किया जाए और वस्तु विनिमय प्रणाली को लागू कर प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जलवायु न्याय के मुद्दे के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहल हो। राजनैतिक पार्टियों की पर्यावरणीय नीति घोषित हो। पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए। साथ ही साथ आम जन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। किसान कौन है, इसके लिए देश के संविधान में किसान की परिभाषा सुनिश्चित हो और मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए। इसके अलावा एक ऐसी कृषि पद्धति का प्रसार हो जिसमे छोटे-बड़े सभी किसान समृद्ध और स्वायत्त हो सके और किसानों के लिए कार्बन क्रेडिट प्रक्रिया में एक स्वायत्त संस्थान की स्थापना की जाए। प्रकृति के नियमों के अनुसार खेती करने वाले किसानों को "राष्ट्रीय किसान" का घोषित किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति की प्राकृतिक जरूरत एवं प्राकृतिक कर्ज का आकलन किया जाए।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है, उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है, जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकार को चाहिए जो योजनाएं व परियोजनाएं गांवों, किसानों, महिलाओं आदि के लिए चलाई जा रही हैं, उनका उचित क्रियान्वयन हो, क्योंकि बहुत सी अच्छी योजनाओं का धरातल पर न आना सरकारी कर्मचारियों की अनदेखी या नियमों का लचीलापन इस पर हावी होता दिखाई देता है। इसलिए जीवन की जो मूलभूत आवश्यकताएं हैं, उनको किस तरह सहअस्तित्व के सिद्धांत के साथ कैसे पूरा किया जाए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी के अंतर्गत शायद यह उपरोक्त सुझाव कुछ सरकारों की मदद कर सके या काम आ सके।

प्रसंगवश

योजनाओं की पुनर्समीक्षा

उत्तर प्रदेश में चुनाव परिणामों के मद्देनजर सरकार को अब लाभार्थी योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी चाहिए। मुफ्त या बेहद सस्ते दरों पर खाद्यान्नों के वितरण, प्रधानमंत्री आवासीय योजना और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद नए सिरे से ये योजनाएं बदले कलेवर में लागू होनी चाहिए।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

'सबका साथ सबका विकास' से क्या नतीजा निकला? खबर है कि एक गांव में दो सौ से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास दिए गए और भाजपा को शून्य मत मिला। ठीक है यह वेल्फेयर स्टेट है, धर्म निरपेक्ष देश है और संविधान भी जाति धर्म के नाम पर भेदभाव की इजाजत नहीं देता। फिर भी कुछ जन कल्याण कार्यक्रमों के पुनर्निर्धारण में क्या हम कुछ बिंदुओं को समाहित नहीं कर सकते? जैसे लाभार्थी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं को मिले जिनका नियोजित परिवार हो। संपन्न सामान्य चुनाव ने सबक दे दिया है। नई सरकार को कड़ी मेहनत और योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी ही होगी और नए रूप में कतिपय नए मानदंडों के साथ लाभार्थी योजनाओं को अमल में लाना होगा। मुफ्त के राशन के अलावा तमाम योजनाओं की अनौचित्यपूर्ण सब्सिडी बंदकर देश की सुरक्षा और अनुसंधान के बजट को बढ़ाया जाना बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की बड़ी जरुरत है।

चुनावों के इतिहास में 2024 में एक खास मजहबी मतदाताओं का जो ध्रुवीकरण हुआ वह अभूतपूर्व है। सौ में सौ फीसदी मत मौजूदा सरकार के विरोध में गए और यह जग जाहिर है कि लाभार्थी योजनाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता यही हैं। बहुसंख्यकों की तुलना में एकदम असमान संसाधनों का वितरण है यहां। इससे बहुसंख्यकों में उचित ही, असंतोष पनप रहा है। आखिर कामन सिविल कोड कब आएगा? केंद्र की कोई मजबूरी हो तो प्रदेश स्वतंत्र तौर पर क्यों नहीं इसे अपनी विधानसभाओं में पारित कर लागू करते जैसा कि एक दो राज्य यह पहल शुरू कर चुके हैं। वैसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इसके पक्ष में कई बार सरकारों को निर्देशित किया है।

शेयर बाजार अचानक क्यों करता है प्रतिक्रिया

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है।

बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए अभूतपूर्व रहा। इस दौरान इसने गिरने और उछलने के दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं था जब बाजार ने इतना तीव्रता से परिवर्तन (शार्प रिएक्ट) किया हो। एग्जिट पोल आने के अगले कारोबारी दिन (3 जून) को शेयर बाजार में उछाल देखा गया, लेकिन उसके अगले दिन यानी मतगणना के दिन बाजार में हाहाकार मच गया। उस दिन बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 8 फीसदी से भी ज्यादा अंकों से नीचे लुढ़क गया। जिस वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में 31 लाख करोड़ रुपए की कमी देखी गई। हालांकि उसके अगले तीन दिनों में बाजार में शानदार रिकवरी देखी गई और 7 जून को तो बीएसई सेंसेक्स अपने सर्वोच्च स्तर पर (ऑल टाइम हाई) यानी कि 76,693 अंक के आंकड़ों पर पहुंच गया।

शेयर बाजार को प्रभावित करने वाले कारक अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन इसे ऊपर या नीचे करने वाले बड़े निवेशकों में से अहम हिस्सेदारी संस्थागत निवेशकों की होती है। ये निवेशक बड़े वित्तीय संस्थान पेंशन फंड, इंश्योरेंस कंपनियां, म्यूचुअल फंड, हेज फंड वगैरह होते हैं। ये देसी और विदेशी दोनों हो सकते हैं। इनके पास कंपनियों की माली स्थिति से लेकर देश के आर्थिक राजनीतिक परिदृश्य वगैरह को समझने और उसकी थाह लेने के लिए पर्याप्त संसाधन और सक्षम टीम होती है। इसलिए ये ऐसी स्थिति को भांपकर बाजार में अपनी चाल तय करते हैं और उन्हीं की चालों से बाजार की गति भी तय होती है। अब सवाल यह है कि वे कौन से प्रमुख कारक होते हैं जिनसे शेयर बाजार अचानक इतना 'रिएक्ट' करता है और निवेशकों की कमाई को एक झटके में ऊपर या नीचे पहुंचा देता है। इसके कुछ प्रमुख कारक हैं। घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है। खासकर विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में निवेश करने से पहले उस देश की राजनीतिक परिस्थितियों पर गौर करते हैं। 3 जून को सेंसेक्स 2507 अंकों यानी 3.55 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वजह थी एग्जिट पोल में मोदी सरकार की हैट्रिक बनने की संभावना। यानी सियासी स्थिरता में और मजबूती, लेकिन जब अगले ही दिन यानी 4 जून को भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो राजनीतिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई और सेंसेक्स 4,389 अंक गिरकर बंद हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक घटनाएं : किसी भी देश की अर्थव्यवस्था बंद नहीं रह सकती। वैश्विक स्तर पर होने वाली आर्थिक गतिविधियों का असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ता है। वर्ष 2008 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी मंदी छाई रही जिसके असर से भारत भी नहीं नहीं बच सका था। सालभर में बीएसई सेंसेक्स में कुल मिलाकर 63 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। यह 2007 के 20,000 पॉइंट्स से गिरकर 7700 तक पहुंच गया था। अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनीति : वैश्विक स्तर पर होने वाली भू-राजनितिक गतिविधियों का भी सीधा असर शेयर बाजार पर होता है। मौजूदा समय में मध्य पूर्व में चल रहे इजराइल हमास युद्ध और यूक्रेन रूस सैन्य संघर्ष इसी तरह के भू-राजनीतिक फैक्टर हैं। इस तरह के तनाव ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त नेगेटिव प्रभाव डालते हैं जिसके फलस्वरूप शेयर बाजारों पर दबाव बनता है।

कोरोना जैसी महामारीः घरेलू सियासी और अंतर्राष्ट्रीय जियो पॉलिटिक्स व आर्थिक स्थितियों के अलावा ऐसी वजह पर भी शेयर बाजार 'शार्प रिएक्ट' करता है, जो सदियों में कभी-कभार पैदा होती हैं और जिसका भविष्य पर भारी असर पड़ना संभावित रहता है। उदाहरण के तौर पर सेंसेक्स में सबसे बड़ी गिरावट 23 मार्च 2020 को आई। एक दिन पहले 22 मार्च रविवार को देश में लॉकडाउन का ट्रायल किया गया था। इसी से यह संभावना लगने लगी थी कि देश में लंबा लॉकडाउन लग सकता है और फिर लगा भी। इसीलिए जब अगले दिन बाजार खुले तो यह 3,934 अंक तक गिर गया। यह 13.15 फीसदी की बड़ी गिरावट थी।

वस्तुतः आज भी ज्यादातर निवेशक तब निवेश करते हैं जब बाजार में तेजी होती है। तेजी में निवेश करना आम निवेशकों के लिए आमतौर पर फायदेमंद नहीं होता है। यदि उस समय निवेश करना भी है तो ऐसे शेयरों से बचना चाहिए, जो अपने उच्चतम स्तर के आसपास हों। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि छोटी कंपनियों के शेयरों की तुलना में ब्लूचिप या दिग्गज कंपनियों के शेयरों में ज्यादा निवेश किया जाए।

सोशल फोरम

अध्यात्मवाद बनाम भौतिकवाद

अग्नि और प्रकाश का अनिवार्य संबंध है। बिना अग्नि के प्रकाश नहीं हो सकता। हर प्रकाश अग्नि का जलने का परिणाम है। जलने से प्रकाश और उर्जा दोनों उत्पन्न होते हैं। हमारे सौर मंडल के सूर्य में न कुछ ठोस है, न द्रव। वह हाइड्रोजन और हीलियम गैसों का एक जलता हुआ पुंज है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस सौर मंडल में प्रकाश और उर्जा का सबसे बड़ा स्रोत भी। जलने की हर क्रिया से उर्जा उत्पन्न होती है। पृथ्वी पर हम जो प्रकाश कृत्रिम रूप से उत्पन्न करते हैं उसमें विद्युत के पॉजिटिव और निगेटिव के मिलने से फिलामेंट जलता है। वह ऐसी वस्तु से बना होता है, जो जलकर नष्ट होने में समय लेती है। तप का आद्य अर्थ है तपाने या जलाने वाला (तप्+ अच्)। दूसरा अर्थ है तपस्या, साधना। वह भी जलाती है और जलाती है तो उर्जा भी उत्पन्न करती है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त की तीसरी ऋचा कहती है, जो अंधकार से आच्छादित अंधकार था उसी से यह (विश्व) 'उसके' तप की महिमा के चलते पुनः उद्भूत हुआ। अंतरिक्ष विज्ञान के अनुसार हमारे सूर्य और सौरमंडल का जन्म भी नेबुला (धूल और गैसों के विशाल बादल) के एक अंश के विस्फोट से उत्पन्न 'तप' से हुआ और उसके एक टुकड़े पृथ्वी पर चेतन जीव का प्रादुर्भाव हुआ। नेबुला के एक अंश का उपरोक्त विस्फोट क्यों हुआ?

अनुमानतः पास के एक अन्य परमाण्विक बादल के आघात से। यह आघात क्यों हुआ? आकस्मिक रूप से या किसी पराचेतन तत्व की योजना से?

यही वह बिंदु है, जो भौतिकवाद और अध्यात्मवाद को पृथक करता है। जब तक विस्फोट का कारण निश्चित रूप से ज्ञात न हो, अध्यात्मवाद को नकारा नहीं जा सकता। चेतना की रहस्यमयता को भेदना भौतिकवाद के वश का रोग नहीं, किंतु अंतरिक्ष विज्ञान ने अध्यात्मवाद को संशयात्मक तो बना ही दिया है। ऐसे में न भौतिकवादियों की कट्टरता के लिए कोई गुंजाइश है, न अध्यात्मवादियों की।

-फेसबुक वॉल से

मंथरा के वंशज

गत लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की गिरावट, उत्तर प्रदेश में विशेष झटका और अयोध्या (फैजाबाद) में हार के परिणामस्वरूप भाजपा के आईटी सेल और समर्थकों ने अयोध्या और यूपी को कोसना आरंभ कर दिया। मर्यादाएं लांघी गईं। यह भी नहीं देखा गया कि स्वयं राम ने अयोध्या की प्रशंसा की है और उसे बैकुंठ लोक से भी श्रेष्ठ कहा है। उन्हें यहां के वासी बहुत प्रिय हैं 'अति प्रिय मोहि इहां के वासी। मम धामदा पुरी सुखरासी'। मैं यह सब टुकुर-टुकुर देखता रहा, लेकिन अब एक चित्रकूटवासी नेत्रहीन धर्माचार्य ने भी अयोध्यावासियों पर कटाक्ष किया है और भाजपा को मतदान न करने वालों को मंथरा का वंशज घोषित किया है। अतः मौन त्यागना पड़ा। स्वामी जी द्वारा चुनाव पूर्व मोदी के पक्ष में भविष्यवाणी करने और अपनी धर्मपीठ पर उनका स्वागत करने के ठीक बाद उन्हें साहित्य का एक बड़ा पुरस्कार मिला था। खैर! यह तो सब चलता ही है, किंतु जनता में जिज्ञासा है कि मंथरा के पति और बेटे कौन थे तथा उसकी वंश बेलि कहां तक फैली? वाल्मीकि और तुलसीदास ने तो कहीं इसका उल्लेख किया नहीं है। धर्माचार्य ने कई किताबें लिखी हैं। पिछले दिनों उन्होंने हनुमान चालीसा में कुछ संशोधन किए और प्रचारित किए। जनता ने वे संशोधन तिरस्कृत कर दिए और हनुमान चालीसा पूर्ववत बना रहा। मंथरा के वंश पर कोई ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। आचार्य को चाहिए कि कालिदास के 'रघुवंश' की तर्ज पर वे 'मंथरा वंश' लिखें। उन्हें बताना होगा कि उसके वंशज कहां-कहां बसे? वैसे संत को निर्मल हृदय और समदर्शी होना चाहिए न कि किसी राजनीतिक दल का पक्षधर। वे तुलसी पीठाधीश्वर हैं और तुलसी बाबा ने तो कहा है, 'सीयराम मय सब जग जानी। करहुं प्रनाम जोरि जुग पानी'।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गलतियों से सीख लेकर विकास पर जोर दे सरकार

लोकसभा का चुनाव सकुशल संपन्न हो चुका है तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने शपथ ले ली है। मंत्रिमंडल में अधिकांश जीते मंत्रियों को उनके पुराने विभाग ही मिले हैं, इससे उन्हें कार्य करने में आसानी होगी। आशा है कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मतलब परस्त नेताओं का सहयोग सरकार को मिलता रहेगा। अबकी बार 400 पार तथा भाजपा की स्वयं 370 सीट लाने की आशा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा में भाजपा के लचर प्रदर्शन के कारण सफल न हो सकी।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत आईजी पुलिस, उप्र.

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अहंकारी हो चला था जिसने टिकट बांटने में निष्ठावान पुराने कार्यकर्ता के स्थान पर दूसरे दलों से आए भ्रष्ट नेताओं को तरजीह दी। भाजपा ने अपनी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी उपेक्षित कर दिया था। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री तथा भाजपा के शिखर के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध न होने तथा टिकट वितरण में लोकप्रिय मुख्यमंत्री को दरकिनार करने के कारण यह हालत पैदा हुई। यहां योगी मंत्रिमंडल के गठन से ही मुख्यमंत्री की उपेक्षा करने वाले मंत्रियों की पीठ ही नहीं ठोकी गई, अपितु योगी के राजभर व चौहान जैसे आलोचकों को पुनः भाजपा में लाकर मंत्री बनवाया गया। राष्ट्रपति भवन के शपथ ग्रहण समारोह में योगी को पिछली पंक्ति में तथा उनके उप मुख्यमंत्रियों को पहली पंक्ति में बिठाकर योगी को नीचा दिखाया गया।

भाजपा के कुछ नेताओं का किसी जाति विशेष की आलोचना करने पर शीर्ष नेतृत्व मौन रहा। इन्हीं सब कारणों से कर्मठ और ईमानदार मुख्यमंत्री होने के बावजूद योगी राज्य में भाजपा को अधिक सीट न दिला सके। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा का चुनाव होने वाला है, यदि नेतृत्व मतभेद शीघ्र न सुलझा और मुख्यमंत्री का अपने मंत्रियों पर नियंत्रण न हो सका तो इस चुनाव में भाजपा को सफलता मिलना मुश्किल होगा। उत्तर प्रदेश में चुनाव जातिगत हो गया है। भाजपा प्रत्येक जाति में नेतृत्व विकसित न कर जातिवादी दलों के नेताओं-अनुप्रिया पटेल, ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, संजय निषाद, जयंत चौधरी आदि पर अधिक निर्भर होती जा रही है। ये नेता हर बात पर अपनी कीमत वसूल रहे हैं। भाजपा को इस पर भी ध्यान देना चाहिए। महाराष्ट्र में शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़कर सरकार बनाने एवं राजस्थान में स्थानीय भाजपाई नेताओं की उपेक्षा के कारण वहां भी अपेक्षित सीट नहीं मिल सकी। महाराष्ट्र में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण अब शिंदे व अजित पवार के अपने पुराने दल में वापस लौटने की अटकलें प्रारंभ हो गई हैं। मंत्रिमंडल में किसी मुस्लिम चेहरा का न होना उचित नहीं लगा। देश की लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी का प्रतिनिधित्व इस मंत्रिमंडल में नहीं है। मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज हुसैन जैसे लिबरल मुस्लिम को मंत्री बनाकर मुस्लिम समाज को निकट लाने का प्रयास किया जा सकता था।

मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह के दिन कश्मीर में तीर्थयात्री बस पर आतंकी हमला यह सिद्ध करता है कि न तो पाकिस्तान बदला है न कश्मीर के आतंकवादी। इसी प्रकार पंजाब में शहीद मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू सहित सभी भाजपाई चुनाव हार गए और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह तथा जेल में बंद आतंकवादी अमरजीत सिंह चुनाव जीत गए, जो भविष्य में देश में सिख आतंकवाद फैलने की चेतावनी दे रहा है। मणिपुर की हिंसा भी देश की संप्रभुता के लिए एक चुनौती बन गई है। विश्वास है कि मोदी 3.0 सरकार अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना कर देश के विकास पर अधिक जोर देगी।

नीट परीक्षा परिणाम

नीट के परिणाम घोषित करने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 14 जून की तारीख घोषित की थी, लेकिन अचानक से इन्हें 4 जून को (लोकसभा चुनाव परिणामों की चर्चा के बीच) घोषित कर दिया गया।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराए जाने वाली तमाम परीक्षाओं पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस बार के परिणामों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने खुलेआम धांधली की सारी हदें तक पार कर दी हैं, जो समझ के बाहर है। इस बार 67 छात्रों के 720/720 अंक हैं। इतना ही नहीं, इन 67 छात्रों में से 6 छात्र एक ही एग्जाम सेंटर पर पेपर देने गए थे। इसी सेंटर से दो और टॉपर्स हैं, जिन्हें ऑल इंडिया रैंक 68 और 69 दे दिया गया है।

सवाल उठता है कि एक ही एग्जाम सेंटर से आठ टॉप ऑल इंडिया रैंक वाले छात्र कैसे आ गए? इन्हीं परिणामों में कुछ छात्रों के 720 में से 718 और 719 मार्क्स आए हैं। याद रहे इस पेपर में, नेगेटिव मार्किंग लागू होती है। पहले तो एनटीए ने बिना कोई सूचना दिए, लोकसभा चुनावों के कोलाहल के बीच परिणाम जारी कर दिए, लेकिन जब इन परिणामों पर बहस शुरू हो गई तो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 6 जून को एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि जिन छात्रों को परीक्षा में कम समय मिल पाया था, उन्हें ग्रेस दी गई है, लेकिन आज तक छात्र पूछ रहे हैं कि ग्रेस देने के नियम क्या है? ये सारे तथ्य बताते हैं कि अन्य परीक्षाओं की तरह नीट में भी बड़े स्तर पर धांधली हुई है जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और सरकारी मशीनरी ढंकने का प्रयास कर रहे हैं। एक तरफ ये परीक्षा छात्रों की जान ले रही है तो दूसरी तरफ धांधलियों के जरिए ईमानदारी से परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। अगर कोई परीक्षा हजारों छात्रों का भविष्य बनाने के बजाए उनकी जिंदगी खत्म कर रही हो तो उसे बदलने की सख्त जरूरत है। जरूरत इस बात की है कि नीट परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।

एक नजर

दबंग ने किसान को पीटा पुलिस ने दर्ज किया केस

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरौरी में बाग की रखवाली कर रहे किसान ने गांव के दबंग पर पुरानी रंजिश में मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम बिरौरी निवासी रामकृष्ण ने बताया कि वह अपने बाग में फसल की रखवाली कर रहा था। गांव के अभिषेक ने गाली-गलौज किया। मना करने पर विपक्षी ने लाठी से उस पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिलाओं के बीच फिर से पहुंचेगी शक्ति दीदी

हरदोई। चुनाव समाप्त हो गया है। चुनाव की बजह से कुछ महीनों के लिए मिशन शक्ति का शक्ति दीदी अभियान बन्द किया गया था। अब यह अभियान फिर से शुरू किया जाएगा। इस संबंध में एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने चिट्ठी जारी की है। हर बुधवार महिलाओं के बीच उनको जागरूक करने के लिए शक्ति दीदी' पहुचेगी। मिशन शक्ति अभियान के दूसरे चरण के तहत महिला पुलिसकर्मी 'शक्ति दीदी' बनकर हर बुधवार को उनके बीच जाएंगी और जागरूक करेंगी। इसके तहत महिला पुलिसकर्मी सार्वजनिक स्थानों और महिलाओं के बीच पहुंचकर योजनाओं के लिए उनको जागरूक करेंगी। महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में भी बताएंगी।

नवीन फल मंडी की गंदगी में गुम हो जा रही आम की महक

समस्याओं का लगा हुआ अंबार, व्यापारियों, किसानों व खरीदारों के लिए पेयजल तक की नहीं व्यवस्था

प्रभात अस्थाना, संडीला, हरदोई

अमृत विचार। नवीन फल मण्डी संडीला में आम का आना शुरू हो गया है कई राज्यों से व्यापारी फल मंडी आकर आम खरीद कर दूसरे राज्यों को ले जाते है, परंतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है मण्डी समिति में न तो पेयजल की कोई व्यवस्था है और मण्डी में गंदगी का अंबार भी लगा हुआ है।

किसान सत्रोहन ने बताया कि फल मंडी में अव्यवस्थाओं के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मण्डी के सामने अधूरे बने ओवर ब्रिज से घंटो का जाम लगा रहता है। अभी तक पीएनसी कंपनी ने सर्विस लाइन का भी निर्माण सही नही किया है जिससे काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। कृषि उत्पादन मंडी समिति नवीन फल मंडी में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं जो भी टंकियां बनी है उनमें जल नहीं आता है एवं मंडी में गाड़ियों का लगा हुआ है।

मण्डी समिति में पानी की टंकी शो पीस बनी हुई है ।व्यापारी दारा, संजय, एवं गुलशेर ने बताया की हम लोग संडीला से आम खरीद कर अलग अलग राज्यों में ले जाकर बेचते है परंतु मंडी में पेयजल की शुद्ध व्यवस्था नहीं है कुछ लोगों ने अपने पैसे से एक टंकी रखवाई है जिससे पानी पीने को मिल जाता है परंतु इस भीषण गर्मी में ठंडा पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। जाम से मंडी के किसानों को समस्या तो होती है परंतु राहगीरों को भी समस्या उत्पन्न होती है केवल दो से तीन होमगार्ड की व्यवस्था की गई है उनसे कोई व्यवस्था सुचारू रूप से नही चल पा रही है। मण्डी सचिव मनोज कुमार खरे ने बताया कि प्रतिदिन आम आने से गंदगी हो जाती है कई बार पीएनसी कंपनी को पत्र लिखकर ओवर ब्रिज जल्द निर्माण की मांग की है, परंतु अभी तक पीएनसी कंपनी ने ओवर ब्रिज का निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है। बताया कि पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से सही है कोई भी किसान को दिक्कत नही होने दी जाएगी।

मण्डी समिति में फैली गंदगी।

शो पीस बनी मंडी में पेयजल के लिए लगी टंकी। अमृत विचार

बिक्री के लिए मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदा आम। अमृत विचार

हर दिन चेक की जाएगी सिपाहियों की बीट बुक

हरदोई, अमृत विचार। अब थाने में तैनात सिपाही मौज मस्ती नहीं कर सकेंगे। किस सिपाही ने बीट में जाकर कितना काम किया है, इसका रोज सत्यापन होगा। पुलिस अधीक्षक केशवचन्द गोस्वामी रोज अलग अलग थाना क्षेत्रों से सिपाहियों को बुलाकर खुद उनकी बीट बुक चैक करेंगे। जिस सिपाही की बीट बुक में कमी पाई गयी। उनको खिलाफ कार्यवाई होगी। इस संबंध में एसपी ने आदेश जारी किए है पुलिस महकमे में बीट व्यवस्था काफी पुरानी चली आ रही है।

बताया गया है कि कोई भी सिपाही अपनी बीट में जाकर कुछ भी पता नहीं करता है। जबकि बीट सिपाही की ड्यूटी है कि वह अपने इलाके की हर अच्छी और बुरी खबर रखे। उसके क्षेत्र में कितने मंदिर हैं, कितने धर्मशाला, मजिस्द, गेस्ट हाउस, होटल, ढाबे, कितने मकान, जनसंख्या आदि तमाम जानकारियां रखनी होती है। मगर सिपाही थाने से बीट बुक लेने के बाद उसे अपने रूम पर ले जाकर रख लेते हैं। यह लोग रोज बीट में नहीं जाते है। जबकि सिपाही का रोज अपनी बीट में जाना बेहद जरूरी है। इसी कारण आए दिन घटनाएं हो रही हैं इस सम्बंध में 10 जून को एसपी ने फरमान जारी कर दिया है कि बारी-बारी से हर थाने का सिपाही अपनी बीट बुक लेकर उनके सामने उपस्थित होंगे।

30 नामजद सहित 200 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

मंगलवार को युवराज हत्याकांड के विरोध में बसपा नेता की अगुवाई में हुआ था बवाल

संवाददाता, पाली, हरदोई

अमृत विचार। युवराज सिंह हत्याकांड को लेकर मंगलवार को निज़ामपुर पुलिया पर हुए उपद्रव और पुलिस पर पथराव के मामले में पुलिस ने खुलासा किया बताया कि उपद्रवियों ने आरोपियों के घर जलाने की मंशा थी। एसएचओ पाली की तहरीर 30 नामजद समेत 100 से 150 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। साथ ही 3 बाइक, 7 मोबाइल फोन व एक वॉकी-टॉकी वायरलेस सेट भी गिरा हुआ बरामद किया है। पुलिस ने गाड़ियों को सीज़ कर दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएचओ अरविंद कुमार राय ने मंगलवार देर रात दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 मई को पाली के मोहल्ला बिरहाना में युवराज सिंह उर्फ यूवी पुत्र संजय सिंह निवासी इस्माइलपुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, इस मामले में परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

सोमवार को उन्हें जानकारी हुई कि युवराज सिंह उर्फ यूवी की हत्या के विरोध में करणी सेना व क्षत्रिय समाज के लोग बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू के साथ पाली में आकर हत्यारोपियों के घर जलाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की योजना है। सूचना के आधार पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए अतिरिक्त पुलिस बल शांति व्यवस्था व सुरक्षा की मांग की गई। विभिन्न स्थानों पर पुलिस एवं पीएसी बल के जवानों को लगाया गया। मंगलवार को घटना के संबंध में पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ कस्बा में भ्रमणशील किया गया। उसी बीच सूचना मिली कि युवराज की हत्या के विरोध में करणी सेना, क्षत्रिय समाज के लोग व बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू अपने समर्थकों के साथ रूपापुर की ओर से कस्बा पाली आ रहे हैं। निजामपुर पुलिया पर पुलिस बल के साथ मौजूद प्रभारी निरीक्षक सवायजपुर, प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद एवं प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू को रोक लिया ।उनके साथ अपने साथ करीब 150 से 200 लोग साथ थे। रोके जाने के विरोध में बसपा नेता अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन करते हुए चौराहा जाम कर दिया। बसपा नेता कों जनपद में धारा 144 लागू होने सहित अन्य वजहें बताकर मौके पर जाने से रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं माने। हंगामा बढ़ने पर भीड़ ने पुलिस पर पथराव करने लगे। पथराव में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। स्थिति पर नियंत्रण करने के लिए एसडीएम सवायजपुर व सीओ शाहाबाद के निर्देश पर हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर बितर किया गया। इसके बाद बसपा नेता राजवर्धन सिंह उर्फ राजू, आशीष तिवारी, विनय सिंह, आमिर को मौके से गिरफ्तार किया गया।

इन लोगों पर भी केस

बताया कि उपद्रव करने और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने में राकेश, रामकुमार, राजू उर्फ राघवेंद्र, दिनेश सिंह, राम बहादुर उर्फ कव्वाल, आलोक, सचिन, श्याम मोहन, रमेश, ओमवीर, विनय, सोनू, विजय, श्याम सिंह, नीलू, अभय प्रताप सिंह, संदीप, अतुल, आकाश निवासीगण ग्राम बसेलिया थाना पाली, सर्वेश सिंह निवासी ग्राम विरुआपुर, पवन कुमार उर्फ पुजारी निवासी रमापुर, अमित, कन्हैया, नाने, सुशील सिंह निवासी ग्राम अली हाजीपुर, उत्तम सिंह निवासी इस्माइलपुर सहित 30 नामजद व 100 से 150 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

डॉक्टरी परीक्षण के बाद सीएचसी में बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू।

डाक्टरी परीक्षण के बाद बसपा नेता को भेजा जेल

शाहाबाद, हरदोई। पाली में युवराज हत्याकांड के विरोध में मंगलवार को समर्थकों के साथ बवाल करने के आरोपी बसपा नेता राजवर्धन सिंह उर्फ राजू को बुधवार को जेल भेज दिया गया। उससे पहले राजू का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। बता दें कि मंगलवार को करणी सेना के बैनर तले पाली में बड़ी संख्या में ठाकुर बिरादरी के लोगों ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन का नेतृत्व बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू कर रहे थे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद राजू को गिरफ्तार कर लिया था। मंझिला पुलिस ने बुधवार को दोपहर तकरीबन 2 बजे राजवर्धन सिंह राजू का मेडिकल परीक्षण कराया यहां सीएचसी शाहाबाद पर बसपा नेता राजू का मेडिकल परीक्षण किया गया और यहां से सीधे उन्हें जेल भेज दिया गया।

सवर्ण लोगों पर टिप्पणी करने वाले पर केस दर्ज

हरदोई/टड़ियावां, अमृत विचार। अम्बेडकर पार्क में जोड़ी गई पंचायत में राम और सवर्ण जाति का नाम लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। लोगों ने उसकी जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई है। बताते चलें कि सोमवार को टड़ियावां थाने के पुरवा देवरिया के अम्बेडकर पार्क में पंचायत हुई। जिसमें मामपुर निवासी सोबरन लाल उर्फ़ गुंडे ने भीड़ को उकसाते हुए सवर्ण जाति के लोगों पर विवादित टिप्पणियां की। वीडियो वायरल होने के बाद क्षत्रिय और ब्राह्मण समाज के लोगों में काफी आक्रोश है। बुधवार को सैकड़ो लोग टिप्पणी कार्रवाई की मांग लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने भैंसरी निवासी रंजीत सिंह की तहरीर पर सोबरन लाल उर्फ गुंडा के खिलाफ केस दर्ज किया है। लोगों ने कहा कि ऐसे ही लोगों की वजह से समाज में कलह बढ़ रही है। एसएचओ का कहना है पुलिस की टीमें आरोपी को ढूंढ रहीं हैं,जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

सार-संक्षेप

सीओ ने पकड़ी खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्रॉली, सीज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। शाहाबाद कोतवाली, पाली और पचदेवरा पुलिस की मिली भगत से मिट्टी खनन का गोरखधंधा बड़े पैमाने पर हो रहा है। इस गोरख धंधे की खबर पाकर क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने सुबह के वक्त ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले किया है जिसे सीज कर दिया गया है। थाना पाली के ग्राम किलकिली निवासी रंजीत उर्फ नाटू और भुड़िया थाना शाहाबाद निवासी माफिया पिछले काफी दिनों से मिट्टी खनन का काम कर रहा है। उसने शाहाबाद, पाली और पचदेवरा पुलिस से सांठगांठ कर रखी है। रात्रि के वक्त खेत बराबर करने वाली मशीन से नाटू द्वारा मिट्टी निकाली जाती है और ट्रालियों में भरकर मनमाने रेट से लोगों को बिक्री की जा रही है। पिछले एक सप्ताह से आगमपुर और मुरीदापुर के बीच में खनन किया जा रहा था। जिसकी सूचनाएं पुलिस को लगातार मिल रही थी परंतु शाहाबाद कोतवाली पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी। जैसे ही यह भनक क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा को लगी। अनुज मिश्रा ने मौके पर जाकर एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया जिसमें मिट्टी भरे जाने का प्रयास किया जा रहा था। मिट्टी बराबर करने वाली मशीन एवं अन्य ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर चालक फरार हो गए। पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्राली को क्षेत्राधिकारी द्वारा कोतवाली के सुपुर्द किया गया।

मंगलवार को निकलेगा श्री महावीर जी का झंडा

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। नगर में श्री महावीर झंडा मेला कमेटी की ओर से जेष्ठ के आखिरी मंगलवार को श्री महावीर का झंडा धूमधाम से निकाला जाएगा। कमेटी ने इस सम्बंध में तैयारियां जोरों से शुरू कर दी है। श्री महावीर झंडा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने डीएम को पत्र भेजकर शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था सहित ट्रैफिक डायवर्जन करने की मांग की है। शैलेश अग्निहोत्री ने बताया कि जेष्ठ के आखिरी मंगलवार को पिछले 35- 40 वर्षों से श्री महावीर का झंडा बड़े धूमधाम से निकाला जाता है। काजीसराय स्थित हनुमान मंदिर से पूजन हवन के बाद सुबह 11 बजे श्री महावीर झंडों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा काजी सराय से माकुम कुंआ, लोहारन टोला, संडीला प्रेस गली से होते हुए शाम को छोटा चौराहा पहुंचेगी। यहां पर गांवों से आने वाले झंडो के एकत्र होने के बाद शाम 6 :30 बजे गाजे-बाजे व झांकियों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए रात 8 :30 बजे मुख्य चौराहे पहुंचेगी।

कब्रिस्तान में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

हरदोई, अमृत विचार। गोपामऊ निवासी युवक मां के साथ शहर में अधिवक्ता के घर किराए पर रहकर मज़दूरी करता था। बुधवार की दोपहर उसी युवक का शव कब्रिस्तान के अंदर फांसी पर लटका हुआ देखा गया। गोपामऊ कस्बे के मोहल्ला बंजारा निवासी 27 वर्षीय अय्यूब शहर के मोहल्ला सरायथोक पूर्वी मोमिनाबाद में अधिवक्ता मोहम्मद रिज़वान के घर में किराए पर रह कर मज़दूरी करता था। बुधवार की सुबह शहर के कब्रिस्तान में उसका शव फांसी पर लटका मिला। अय्यूब के दो बड़े और दो उससे छोटे भाई है। उसकी पहली पत्नी की मौत हो गई थी,फिर उसका दूसरा निकाह हुआ था। पुलिस सारे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। कब्रिस्तान में जिस युवक का शव फांसी पर लटका हुआ था, उसके दोनों पैर पूरी तरह से ज़मीन पर रखे हुए थे। ऐसा कुछ देख वहां लगी भीड़ आपस में तरह-तरह की अटकलें लगाने लगी। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

एप्टेक-11 ने 159 रनों से दर्ज की शानदार जीत

हरदोई, अमृत विचार। स्पोर्ट्स स्टेडियम में एप्टेक अंडर-16 कप का तीसरा मैच एप्टेक -11 और खालसा क्लब के बीच खेला गया । मैच में टॉस खालसा क्लब के कप्तान किशन ने जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एप्टेक -11 ने 35 ओवर में सभी विकेट खोकर 218 रनों का स्कोर खड़ा किया । एप्टेक 11 की तरफ से हर्षित 36 रन, अरनव 33रन , व अनुज ने 24रनों का योगदान किया। खालसा क्लब की तरफ से राजा, रितेश व मानस ने 2 विकेट, अब्दुल , रिषभ , अनिकेत व सूरज देव ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने खालसा क्लब की टीम 18 .5 ओवर में सभी विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त न कर सकी। खालसा क्लब की तरफ से किशन 9 रन, हर्षित राजा 6 रन, अनिकेत न 04 रनों का योगदान किया। एप्टेक -11 की तरफ से कृष्णा 5विकेट, पवन , अमन, सूर्या कुमार, अरनव ने 1-1 विकेट लिया तथा 1 खिलाडी रन आउट रन आउट हुआ। एप्टेक 11 ने 159 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच कृष्णा को मिला। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का चौथा मैच 17 जून को सुबह 7 बजे से खेला जाएगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व अनुज वर्मा ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।

ट्रेन में मोबाइल छीनकर भगा युवक, दिया धक्का

हरदोई। ट्रेन से हरदोई आ रहे युवक का ट्रेन में सवार अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल छीन लिया और भागने लगा। पीड़ित ने मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को जब पकड़ने का प्रयास किया तो युवक को ट्रेन से गिरा दिया, जिसके चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोलिया शिवपार के रहने वाले अतुल यादव बताते हैं कि उनका भाई अनूप यादव शाहजहांपुर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में काम करते हैं प्रतिदिन शाहजहांपुर हरदोई के बीच यात्रा करते हैं। मंगलवार की रात बरेली से बनारस जा रही 14236 बरेली वाराणसी एक्सप्रेस से हरदोई आ रहे थे। तभी ट्रेन में ही सवार अज्ञात व्यक्ति ने घटना को अंजाम दिया।

मेडिकल कॉलेज में भर्ती पीड़ित यात्री की हालत गंभीर

हरदोई। अनूप यादव के भाई अतुल यादव ने बताया कि घटना के बाद आसपास के लोगों द्वारा उनके भाई अनूप यादव को हरदोई मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद लोगों द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने मेडिकल कॉलेज से हरदोई के एक निजी नर्सिंग होम में अनूप यादव को भर्ती कराया है जहां उनका उपचार जारी है । अनूप यादव गंभीर रूप से घायल है उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। अनूप यादव के भाई अतुल यादव ने बताया कि उनके भाई के मोबाइल की अनुमानित कीमत 15 से 16 हज़ार रुपए के बीच हैं। अतुल ने बताया कि उनके भाई की हालत गंभीर बनी हुई है हालांकि अभी तक अनूप की ओर से पुलिस व जीआरपी को घटना की सूचना नहीं दी गई है। अनूप के भाई अतुल ने बताया कि आज जीआरपी में वाह तहरीर देंगे।

बालाजी धाम पर चल रहा नौ कुंडीय हनुमत महायज्ञ

हरदोई, अमृत विचार। बालाजी धाम खेतुई में इन दिनों नौ कुंडीय हनुमत महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आचार्य बालकृष्ण शुक्ल द्वारा भागवत कथा भी भक्तों को श्रवण कराई जा रही है। बताते चलें कि बालाजी धाम खेतुई पर प्रतिवर्ष जेठ माह में नौ कुंडीय हनुमत महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। रविवार का उक्त आयोजन चलेगा। यहां पर भारी संख्या में भक्तों का जमावड़ा रहता है। मंदिर प्रांगण में भक्ति रस की अविरल धारा भी भागवत कथा के माध्यम से प्रवाहित हो रही है। आचार्य श्री शुक्ल द्वारा भगवान के विस्तृत रूपों का वर्णन किया जा रहा है।

नगर निकायों में हो शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगरीय निकायों में शुद्ध पेय जलापूर्ति एवं नाला नालियों की साफ सफाई तथा जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि निकायों में ख़राब हैण्डपम्प व ट्यूबवेल की मरम्मत का कार्य करा लिया जाये। नाले व नालियों की सफाई का कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाये। सफाई कार्य की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रेषित की जाये। नालों को इस प्रकार से बनाया जाये जिससे जलभराव न हो सके। गत वर्षों में जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाये। जल निकासी के लिए टीमों का गठन कर लिया जाये। जल निकासी की व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना कर ससमय सक्रिय किया जाये। स्ट्रीट लाइट को ठीक कराया जाये। जर्ज़र तारों को ठीक कराया जाये। कचरा संग्रह केन्द्रो को ठीक कराया जाये। उन्होंने हरदोई नगर पालिका को एमआरएफ सेंटर पर जल्द विद्युत संयोजन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

डीएम ने की जल निगम (ग्रामीण) की समीक्षा

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जल निगम(ग्रामीण) की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप कनेक्शन की संख्या बढ़ाई जाये। ग्राम पंचायतों के पूर्ण संतृप्तीकरण के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों की मरम्मत तत्काल करायी जाये। ग्रामीणों से लगातार संवाद किया जाये। लोगों को जागरूक किया जाये। समय समय पर पानी की टंकी की सफाई की जाये। जल संरक्षण व पानी के उपयोग के तरीकों के बारे में भी लोगों को बताया जाये।

गर्मी से जनपदवासी रहें सतर्क : जिलाधिकारी

हरदोई, अमृत विचार। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद वासियों से सतर्कता रखने की अपील की है। कहा है कि जनपद वासी दोपहर के समय लम्बे समय तक गर्मी के संपर्क में आने से बचें। हल्के, हल्के रंग के, ढीले व सूती वस्त्रों को प्राथमिकता दें। निर्जलीकरण से बचने के लिए पर्याप्त पानी पियें। स्वयं को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, चावल का पानी, नीम्बू पानी व छाछ आदि का उपयोग करें।

मौसम गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल, भीषण गर्मी से आम जनजीवन अस्त व्यस्त

हीटवेव का असर बढ़ा, पारा 45 डिग्री सेल्सियस

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पछुआ हवा के साथ गर्मी का पारा चढ़-उतर रहा है। हीटवेव का असर तेज हो रहा है। बुधवार को पारा फिर 45 पर पहुंच गया।

सुबह से ही निकली तीखी धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग बेहाल दिखे। सड़कों और बाजारों में लगभग सन्नाटा दिखा। इसी तरह शाहाबाद संवाददाता के अनुसार भीषण गर्मी और तपन के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। मुख्य बाजारों में तपन के कारण सन्नाटे की स्थिति बनी रहती है। लोग पूरी तरह से घरों में कैद होकर रह गए हैं । पिछले दो सप्ताह से भीषण गर्मी और तपन हो रही है। दो दिन आसमान में बादल छाए रहने के कारण थोड़ी सी राहत मिली। एक दिन हल्की सी बूंदाबांदी हुई लेकिन उसके बाद फिर से वही हालत हो गये। नगर के मुख्य बाजार पुरानी सब्जी मंडी, पुरानी गल्ला मंडी, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक, बस स्टैंड, अल्लाहपुर तिराहा जैसे प्रमुख स्थानों पर सड़कों पर सन्नाटा दिखा। सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक तीखी बेहाल करने वाली रही। भीषण गर्मी और तपन के कारण इंसान के साथ ही पशु पक्षियों का भी हाल बेहाल है। छुट्टा गोवंश और बंदर आदि व्यास से व्याकुल दिखते हैं। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी से बचाव के लिए जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं।

धूप से बेहाल राहगीर।

अब तक का सबसे गर्म दिन रहा बुधवार

बुधवार का दिन अब तक का सबसे गर्म दिन रहा है। मौसम वेधशाला ने 45 डिग्री सेल्शियस अधिकतम तापमान तथा 31.5 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया। छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं ने मौसम को और भी गर्म कर दिया। जिले में गर्मी से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।

बाल श्रमिकों को मुक्त करा शिक्षा से जोड़ने का संकल्प

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरोध दिवस के अवसर पर कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, हरदोई में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज में बाल श्रमिकों को मुक्त करते हुये उन्हें शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता सुशील अवस्थी छोटे महराज अध्यक्ष क्रय विक्रय सहकारी समिति ने करते हुए कहा कि समाज व देशहित में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम करवाना कानूनन दण्डनीय अपराध है। यही बच्चे हमारे देश के भविष्य है इनके साथ में किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाशत नहीं किया जायेगा। इनसे मजदूरी आदि न करवाकर इन्हें शिक्षा की ओर मोड़े जिससे भविष्य में यह बच्चे समाज व देश को एक नई दिशा दे सके। विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह आजाद प्रान्त गौसेवा प्रशिक्षण प्रमुख ने कहा कि बाल श्रम हमारे समाज व देश के लिए अत्यन्त खतरनाक है, इसे जड़ से खत्म करने के भरसक प्रयास किये जायेंगे। लोगों से अपील की कि वह समाज में बाल श्रम रोकने में विभाग का सहयोग करें। अशोक कुमार यादव ने कहा कि बाल श्रम कानूनन अपराध है तथा इसके लिए उनके माता-पिता को भी जागरूक करने की आवश्यकता है।

दरगाह दादा मियां में 246वां वार्षिक उर्स शुरू

खैराबाद, अमृत विचार। स्थानीय दरगाह कलंदरिया दादा मियां में सैय्यद हबीब अनवर कलंदर का 246वां वार्षिक उर्स 12 जून से शुरू हो गया। जिसमें रात के समय कव्वाली हुईं और चादर पेश की गई जबकि 13 जून को प्रातः कुरानख्वानी होगी और पूर्वान्ह दादा मियां का कुल शरीफ होगा।

इसी रात दादा मियां के पौत्र हजरत सैय्यद मकबूल अनवर कलंदर के 66 वें उर्स के सिलसिले में सांय काल मीलाद शरीफ होगा तत्पश्चात महफिल ए समा होगी और 14 जून को प्रातः कुरआन ख्वानी तथा 10 बजे से कव्वाली शुरू होगी और दोपहर में मकबूल मियां शाह का कुल शरीफ होगा।दादा मियां की महफिले उर्स के अवसर पर दरगाह के सज्जादा नशीन सैय्यद तरीक अहमद किरमानी ने कहा कि हमें आपसी भाई चारा कायम रखना चाहिए और आपस में मेल मिलाप बना कर चलना होगा तभी अच्छे समाज का निर्माण हो सकता है। दादा मियां की शब के अवसर पर उपस्थित सज्जादगान में सैय्यद तरीक अहमद किरमानी, नजमुल हसन शोएब मियां, सैय्यद लईक अहमद किरमानी, शेख इशरत अली सादी सज्जादी तथा अन्य में सैय्यद वसीक मियां, सैय्यद खुर्शीद किरमानी, सैय्यद इमरान किरमानी, हाफिज सैय्यद शारिक किरमानी,हाफिज सैय्यद ताहिर किरमानी, सैय्यद इंतेसाब किरमानी जुगनू, जूनू किरमानी, मौलाना अकीक अहमद, साजिद, इमरान आदि मौजूद रहे

दादा मियां दरगाह। अमृत विचार

हैंडपंप मरम्मत के लिए लाखों खर्च, फिर भी पानी नहीं

रामपुर मथुरा, अमृत विचार। प्रदेश सरकार ग्राम पंचायत में धन आवंटित करके आम जनमानस को सभी सुविधाएं ग्राम स्तर पर ही मुहैया कराना चाहती है। वहीं जिम्मेदार पूरी सरकारी मशीनरी और जनता को गुमराह कर रहे हैं। ग्राम पंचायत मझिगवां में 12 हैंडपंपों की मरम्मत के नाम पर 4 लाख 30 हजार रुपए खर्च किये गये, फिर भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। सात हैंडपंप खराब पाए गए थे। अधिकारियों ने कहा कि जांच चल रही है। अब एक नया मामला सामने आया है। जिसमें पंचायत भवन का लगभग सारा रूपए निकल गया, लेकिन पंचायत भवन में अभी तक न तो फर्श लगी है और न ही प्लास्टर, रंगाई पुताई कराई गई है।

वॉल पेंटिंग के नाम पर 55 सौ निकाल लिए गए और कागज की खानापूर्ति की गई। वहीं प्राथमिक विद्यालय मझिगवां की बाउंड्रीवॉल विद्यालय गेट की मरम्मत के लिए 27528 रुपए तथा मजदूरी के नाम पर 4615 रुपए निकल गए। हकीकत यह है कि प्राथमिक विद्यालय में फरवरी महीने में कोई कार्यक्रम था। जिसमें गुलाबचंद बहादुरगंज का टेंट हाउस लगने के लिए बाउंड्री के अंदर ट्रैक्टर ट्राली जा रही थी। उसी दौरान ट्राली का झटका लगने से गेट के एक पिलर का ऊपर का थोड़ा सा हिस्सा टूट गया था। तब टेंट मालिक गुलाब चंद ने स्वयं चार हजार लगाकर गेट व पिलर सही कराया था। तो बाउंड्रीवॉल विद्यालय गेट की मरम्मत और मजदूरी के लिए निकाले गये रूपये कहां गये। जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा से फोन पर जानकारी का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। जब इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार से बात की गई तो बताया कि मुझे जानकारी नहीं है दिखवाते हैं।

प्राथमिक विद्यालय मझिगवां। अमृत विचार

एक नजर

विष्णु महायज्ञ व मूर्ति स्थापना का हुआ आयोजन

सीतापुर। बिसवां इलाके में केवानी नदी के तट पर स्थित श्री राधाकृष्ण आश्रम पर सोमवार से शुरू हुई श्री विष्णु महायज्ञ एवं मूर्ति स्थापना पर वेदी पूजन व आरती हुई। सायं काल स्थापित की जाने वाली श्री शनि देव की मूर्ति को आचार्यों नीरज कृष्ण शास्त्री, देव कृष्ण शास्त्री, पंडित दीपक मिश्र, आनन्द मिश्र व प्रेम मिश्र द्वारा वैदिक विधान की रीति से गंगा जल व पंचगव्य से स्नान कराया गया। इस मौके पर पांचों मुख्य यज्ञमानों संजीव रस्तोगी (सोनू), दिनेश प्रकाश रस्तोगी, शिव कुमार गुप्ता, विजय जायसवाल व गीतेश जायसवाल आदि ने सपत्नीक पीतवस्त्रों में उपस्थित होकर पुनः वेदियों का पूजन अर्चन व आरती की। इस मौके पर दर्जनों अन्य महिलाओं ने भी वेदी पूजन आरती में भाग लिया। महंत बाबा विशम्भरदास ने बताया कि बुधवार को यज्ञ की यज्ञशाला में अग्नि का प्रादुर्भाव कर हवन शुरू हो जायेगा जो पूर्णाहुति तक निरन्तर चलता रहेगा। इस पूजन अर्चन व आरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए आयोजक बाबा विशम्भरदास ने प्रसाद की व्यवस्था की थी जिसमें सैकड़ों उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

डिप्टी सीएमओ ने की कार्यों व स्टॉक बुक की जांच

लहरपुर। स्थानीय सीएचसी के कुष्ठ रोग विभाग के कार्यो का सत्यापन बुधवार को उपमुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश चंद्रा, जिले की नाभिक टीम के नरेंद्र नाथ चैबे व आशुतोष सिंह ने किया। टीम ने कुष्ठ रोग विभाग के कार्यों का सत्यापन एवं स्टॉक बुक, डिस्वेलिटी रजिस्टर, एम सीआर फुटवियर रजिस्टर, पीईपी रजिस्टर, हेल्दी कांटेक्ट रजिस्टर आदि की विस्तार से जांच की गई। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग से संबंधित नए एवं पुराने कुष्ठ रोगियों की समीक्षा की गई है, सूचना मिली थी कि बिना स्टेबलाइजर के आइएलआर लगे हुए हैं जो की लो वोल्टेज की वजह से जल जाते हैं, स्थानीय सीएचसी पर व्यवस्था लगभग ठीक-ठाक पायी गयी है, उन्होंने कहा कि अप्रैल मई माह में कुष्ठ रोगियों का रजिस्ट्रेशन अलग-अलग नहीं किया था। जिसको ठीक करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा, डॉ गोविंद गुप्ता, डॉ प्रज्ञा शरण आनंद, डॉक्टर विनय भदोरिया सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

लू और भीषण गर्मी से लोग परेशान बिजली की ट्रिपिंग से हुए हलकान

45 पहुंचा तापमान, मंगलवार की अपेक्षा 2 डिग्री दर्ज की गई बढ़ोतरी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। मौसम विभाग की तरफ से जारी एडवाजरी के अनुसार चार दिनों तक तपाने वाली गर्मी ने मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को तापमान में 2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है। भीषण गर्मी और तपिस के बीच अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया है। पछुवा हवा और लू के थपेड़ों ने आम जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। सड़कों पर दोपहर के समय पसरा सन्नाटा भीषण गर्मी की गवाही देता नजर आता है। आसमान से बरस रही आग ने लोगों को जीना मुहाल कर दिया है। मौसम विभाग के जानकारों की माने तो आगमी तीन दिनों तक गर्मी अधिक परेशान करेगी।

दिन	तापमान
शनिवार	41 डिग्री
रविवार	43 डिग्री
सोमवार	42 डिग्री
मंगलवार	43 डिग्री
बुधवार	45 डिग्री

मंगलवार की अपेक्षा बुधवार सबसे अधिक गर्म दिन रहा है। मंगलवार को दर्ज अधिकतम तापमान को बुधवार ने क्रॉस करते हुए 2 डिग्री की उछाल मारी है। बुधवार को सुबह से शुरू हुई धूप की तपिस दोपहर होते होते और अधिक बढ़कर तापमान को 45 डिग्री तक पहुंचा दिया। सड़कों पर निकलने वाले राहगीर कपडे से मुंह को ढककर निकलने के बाद भी लू के थपेड़ों से बच नहीं पाये। भीषण गर्मी के बीच लोड अधिक बढ़ने पर ट्रांसफार्मर भी हाफने लगे है। लगातार हो रही विधुत कटौती और ट्रिपिंग से लोगों का जीना मुहाल है। जिम्मेदारों की माने तो जिन मोहल्लो में सबसे कम लोड देखा जा रहा था उन कॉलोनियों में सबसे अधिक भार दर्ज किया जा रहा है।

भीषण गर्मी के बीच सिर को दुप्पटे से ढककर बाजार से गुजरती युवती। अमृत विचार

वृंदावन के कलाकारों ने जालंधर वध का किया मंचन

पिसावां। बहुबनी के ब्रम्हदेव स्थान पर चल रही विष्णु महायज्ञ के दौरान वृंदावन से आये कलाकारों ने जालंधर वध का मंचन किया। जिसमें दिखाया गया कि जालंधर ने शिव से अमरता के समान वरदान प्राप्त कर लिया, इसके बाद उसने ब्रह्मा, विष्णु आदि देवी देवताओं से भी शक्ति प्राप्त की, जिससे वह बलशाली हो गया और उल्टा ही देवी देवताओं को परेशान करने लगा।

इस पर नारद इंद्रदेव के पास पहुंचे और कहा कि भगवान शिव ने देवताओं के साथ छल कर उन्हें छोटा राज्य व असुरों का बड़ा राज्य अपने पास रखे हुए हैं। इस पर इंद्रदेव शिव के पास पहुंचे और उनसे असुर राज्य मांग लिया। इस बात का पता चलते ही जालंधर ने इंद्र को जीत लिया, तो इंद्र शिव की शरण में जा पहुंचे। सभी देवताओं ने भगवान विष्णु के पास जाकर आपबीती सुनाई। इस पर उन्होंने सभी को नारद के पास भेजा। नारद ने बताया कि जालंधर को वरदान है कि जब वह किसी स्त्री के साथ शादी करेगा और उसका पतिवृत धर्म खंडित होगा तभी उसकी मृत्यु संभव है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि जमुना प्रसाद, भानसिंह, आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

नीट धांधली को लेकर निकाला जन आक्रोश मार्च

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते सपा छात्रा सभा जिलाध्यक्ष शिवम सिंह।

सीतापुर, अमृत विचार। नीट यूपी परीक्षा में धांधली के विरोध में बुधवार को समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह की अध्यक्षता में लाखों विद्यार्थियों के साथ हुए अन्याय के समर्थन में जन आक्रोश मार्च निकालकर सरकार का विरोध किया। समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों ने सरकार विरोधी नारे के साथ समाजवादी कार्यालय से जिला कलेक्ट्रेट तक हल्ला बोला। बैनर व तख्ती लिए समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों ने सरकार के प्रति काफी रोष जताया। जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा और नीट परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई व पुनः परीक्षा कराये जाने की मांग की। इस मौके पर रजनीश राठौर, सोनू सिंह, विश्राम पाल, विवेक गौतम, कुलदीप कुमार, बबलेन्द्र सिंह, आलोक, राज मिर्जा, अंकित, राहुल, शिवेंद्र, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

लाइनमैन की पिटाई, पुलिस से की शिकायत

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। हरगांव थाना क्षेत्र के बकसोहिया गांव मे विद्युत लाइन खोलने गये लाइन मैन व उसके सहयोगी की दबंगों ने पिटाई कर दी। हरगांव थाना क्षेत्र के गांव रुकनापुर निवासी शेर सिंह ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसकी उपकेंद्र हरगांव के हैदरपुर फीडर पर लाइन मैन के पद पर नियुक्त है। बुधवार को पीड़ित बकसोहिया गांव के पास लाइन खोलने गया था और लाइन खोलकर दूसरे साइड की लाइन चालू करके खंभे से उतरा तो वहां मौके पर मौजूद बकसोहिया गांव निवासी शिवभगवान, रिम्पी, रामजीवन ने पीड़ित व उसके सहयोगी रिंकू के साथ गाली-गलौज किया मना करने पर लाठी डंडो से पिटाई कर दी और कपड़े भी फाड़ दिये और कहा यदि दुबारा लाइन खोलने आओगे तो तुम्हें जान से मार देंगे। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आग से पीड़ित ग्रामीणों को विधायक ने बांटी राहत सामग्री

पीड़ितों को राहत सामग्री बांटतीं विधायक आशा मौर्या। अमृत विचार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। महमूदाबाद के केदारपुर (न्यामतपुर) में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में 5 परिवारों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई तो वहीं शमसाबाद में 10 घरों में आग लगी थी। जिसके चलते परिवार जन काफी परेशान थे। मामले की सूचना मिलने पर महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उनके जरूरत का सामान, राशन, गृहस्थी जुटाने के लिए धनराशि, वस्त्र आदि दिये और सम्बंधित अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द उचित लाभ की बात कही। विधायक ने आर्थिक राहत दिए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया व हर संभव मदद के लिए आश्वासन भी दिया।

लहरपुर में बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल के संचालन पर रोक

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों के विरुद्ध बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने जांच कर एक अस्पताल का संचालन बंद कराया।

बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित एपेक्स हॉस्पिटल की जांच की और अस्पताल को बिना पंजीकरण संचालित पाए जाने पर अस्पताल के संचालन पर रोक लगा दी। उन्होंने बताया कि जांच के समय अस्पताल का पंजीकरण नहीं पाया गया जिस पर अस्पताल के संचालकों को बिना पंजीकरण अस्पताल का संचालन न करने के लिए निर्देशित किया गया।

अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सीज करते अधिकारी-कर्मचारी। अमृत विचार

स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार होना जरूरीः नरेंद्र

महमूदाबाद, अमृत विचार। सरकारी विद्यालयों व चिकित्सालयों की दुर्दशा व उनमें खाली पड़े पदों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने बुधवार को निज आवास पर एक प्रेसवार्ता आयोजित की।

क्षेत्र के कई जगहों पर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व माध्यमिक विद्यालयों की दुर्दशाओं के बारे में उन्होंने कहा कि कई विद्यालयों के भवन जर्जर है और कई विद्यालयों में अध्यापक नहीं है जिससे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को दीमक लग गया है। उन्होंने बताया कि तहसील महमूदाबाद के कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बने खड़े हैं लेकिन उनको सरकार चालू नही कर रही है। कई जगह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक ही नही तैनात हैं, जिससे जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि पहले स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था में सुधार हो, जो अति आवश्यक है।

सरकारी विद्यालयों व चिकित्सालयों की दुर्दशा व खाली पड़े पदों पर की चर्चा

पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा। अमृत विचार

बाइकर्स गैंग का खौफ खत्म नहीं, भैंस चोर गैंग ने दर्ज कराई आमद

महोली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में बाइक पर सवार होकर लूट, छिनैती की वारदातों को अंजाम देने वाले बाइकर्स गैंग का पुलिस अभी पता भी नहीं लगा पाई थी कि भैंस चोर गैंग ने भी इलाके में अपनी आमद दर्ज करा कर लोगों में असुरक्षा का भाव भर दिया है। मामला महोली कोतवाली क्षेत्र के नेकपुर और रायपुर गांव से जुड़ा है।

पहला मामला नेकपुर गांव का है। कस्बे के वार्ड मिल कालोनी पश्चिमी की निवासी विनीता दीक्षित पत्नी अवधेश दीक्षित ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि करीब एक वर्ष पहले उन्होंने अपने भाई पप्पू त्रिवेदी पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम नेकपुर के कहने पर अपनी एक मंदराजी भैंस को नेकपुर गांव निवासी गुड्डू रैदास को बटाई पर दे दिया था। भैंस की कीमत करीब 75 हजार रुपए थी। मंगलवार के तड़के करीब 4 बजे उन्हें सूचना मिली की भैंस चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। तमाम प्रयासों के बावजूद भैंस अथवा भैंस चोर गैंग का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

दूसरा मामला रायपुर गांव का है। यहां के निवासी कमलेश पुत्र आशाराम ने बताया कि वह खेती-किसानी करते हैं और घर में एक भैंस भी पाले हुए थे। प्रतिदिन की तरह उनकी भैंस घर के बाहर खूंटे से बंधी थी। परिवार के लोग घर मे सो रहे थे। किसी समय अज्ञात चोर खूंटे से उनकी भैंस खोल गये। सुबह जब भैंस खूंटे से बंधी नही मिली तो उन्हें भैंस चोरी हो जाने का विश्वास हुआ। उनका तर्क है अज्ञात चोरों ने गांव के बाहर अपना वाहन खड़ा किया और उसी में भैंस लाद ले गये। उन्होंने मामले की सूचना कोतवाली में दी है।

> भैंस चोरी होने की सूचना मिली थी। मामले को लेकर स्थानीय पुलिसकर्मी गहनता से पड़ताल कर रहे हैं। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
> **-उमाकांत शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक, महोली**

सूखे खेत राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया

किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन से जिला अध्यक्ष छैल बिहारी मिश्रा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को दिया गया।

मांग की गई है कि क्षेत्र की सभी माइनर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाए। जिससे किसान अपनी गन्ना व धान की फसल को सींच सकें, ग्राम पंचायत जगमालपुर के मजरा अकबापुर के सरकारी ट्यूबवेल में नाली न होने से किसानों की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है, तत्काल प्रभाव से बनवाया जाए। क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की भरमार है जिससे किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है उन्हें संरक्षित किया जाए। पुलिस द्वारा आए दिन ग्रामीण किसान मजदूरों को प्रताड़ित किया जा रहा है तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, क्षेत्र में बिजली समस्या के कारण किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं विद्युत व्यवस्था ठीक कराई जाए, विकासखंड परसेंडी के ग्राम उदनापुर कलां में दबंगों ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर रखा है उसे मुक्त कराया जाए। अंत में ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि आगामी 22 जून तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आगामी 25 जून से, अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से अजीत वर्मा, रोहित कुमार, राम प्रकाश, महेंद्र कुमार, अंकित वर्मा व नुरुल हक उपस्थित थे।

एसडीएम आकांक्षा गौतम को ज्ञापन देते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

असलहा सहित दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल

महोली, सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने इलाके में दो अलग-अलग स्थान पर दो अलग-अलग लोगों को असलहे सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति में से एक व्यक्ति पूर्व में दर्ज एक मामले में वांछित था।

इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने बताया कि गजपतीपुर गांव निवासी अभियुक्त बबलू पुत्र यूनुस पूर्व में दर्ज मुकदमों में वांछित चल रहा था। इसका असलहे से फायर करते हुए वीडियो भी वायरल हुआ था। बुधवार को उसे असलहे सहित गिरफ्तार कर लिया गया। लिखा-पढ़ी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

पाताबोझ पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रजनीश वर्मा की टीम ने कुसैला रोड पर जलालपुर क्रासिंग के पास से हुई। महोली कस्बा निवासी सचेंद्र दीक्षित पुत्र शिवाकांत को बुधवार की सुबह 8.25 बजे असलहे सहित गिरफ्तार किया और सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की गई। सचेंद्र के विरुद्ध पहले से कोतवाली में दो मुकदमे दर्ज हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-4, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक- 933/निविदा/2024-25 दिनांक- 07.06..2024

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस खण्ड के अन्तर्गत निम्नांकित निष्प्रयोज्य सामग्री जो जहां है, जैसी स्थिति में है, की सार्वजनिक नीलामी बोली दिनांक 25.06.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-4, लो0नि0वि0, सीतापुर में होगी।

क्र सं	वृक्ष का नाम	वृक्ष की दशा	संख्या
1	2	3	4
1	01 वृक्ष नीम	हरा खड़ा	1
2	01 वृक्ष सिरस	हरा खड़ा	1

बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति विनिदिष्ट स्थल पर उपस्थित होकर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार रू0 949.00 मात्र की जमानत धनराशि कैशियर के पास जमा करके नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं।

नीलामी की शर्तें-

1. नीलामी में भाग लेने से पूर्व बोली लगाने वाले व्यक्ति सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं।
2. नीलामी के पश्चात उच्चतम बोलीदाता को पूर्ण धनराशि खण्डीय कैशियर के पास जमा करना होगा।
3. सामग्री जहाँ जैसा है के आधार पर नीलामी की जायेगी।
4. जी0एस0टी0 बोली की धनराशि के अतिरिक्त नियमानुसार देय होगा।
5. जिस भी व्यक्ति की बोली अधिकतम होगी, वह सभी को मान्य होगी।
6. नीलामी की स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त होने के उपरान्त ही वृक्षों की कटाई/ढुलाई की अनुमति दी जायेगी।
7. नीलामी बोली की स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कोई कारण बताये अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
8. नीलामी की विस्तृत शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
9. नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को वृक्षों के कटान के उपरान्त अभिवहन हेतु उ0प्र0 अभिवहन नियमावली-1978 के अन्तर्गत आवश्यक अनुमति सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(इं0 राघवेन्द्र सिंह)
अधिषासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-4, लो0नि0वि0, सीतापुर

UP-205914 दिनांक 11.06.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

एक नजर

गांव के पास तेंदुए के मिले पगचिन्ह

खेत में मिले तेंदुए के पगचिन्ह।

मानपुर। मानपुर के मजरा बिरैचा के ग्राम भवानीपुर में बीते दिनो में गांव के बाहर नदी किनारे स्थित जंगल से तेंदुआ गांव में घुस आया और पालतू पशुओं पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसकी खबर पाकर वन विभाग के दरोगा अमित सिंह व रेंजर राजकुमार मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। अधिकारियों ने बताया कि पगचिन्हों से पता चला है की मादा तेंदुआ आबादी में घुस आई है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है, फिलहाल अभी तेंदुआ वन विभाग की पकड़ से बाहर है। परसेंडी पशु चिकित्सक सलीम खान ने टीम भेजकर पशु का इलाज कराया है। गांव निवासी विजय शंकर, श्रीकेशन, प्रेमप्रकाश आदि ने बताया कि उन्होंने तेंदुए को जंगल की तरफ जाते हुए देखा।

इग्नू की सत्रांत परीक्षा का किया निरीक्षण

सीतापुर। इग्नू के अपर निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने इग्नू अध्ययन केन्द्र आरएमपी महाविद्यालय पर चल रही जून 2024 की सत्रांत परीक्षा का निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय नियमावली के अनुसार शुचिता एवं शांतिपूर्ण परीक्षा व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त किया। डॉ. मिश्रा ने इग्नू अध्ययन केन्द्र पर कार्यरत पदाधिकारियों से वार्ता करते हुए बताया कि इस समय इग्नू के 300 से अधिक कार्यक्रमों के लिए जुलाई 2024 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30जून 2024 है। डॉ मिश्रा ने यह भी बताया कि जुलाई 2024 सत्र में इग्नू के बीए, बीकाम, बीएससी कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। इन अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से भरना है। इस वार्ता में कालेज के प्राचार्य प्रो. रजनी कान्त श्रीवास्तव, इग्नू समन्वयक डॉ. जय दीप सिंह और हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विजय प्रकाश मौजूद रहे।

पूर्व पालिका अध्यक्ष हनीफ अंसारी का निधन

खैराबाद। दो बार नगरपालिका अध्यक्ष रहे हाजी मोहम्मद हनीफ अंसारी का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। खबर मिलते ही उनके सुजावलपुर स्थित निवास पर लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए इकट्ठा होने लगे। नगर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, सुशील गुप्ता, बृजेश मिश्रा, एजाज खान, राकेश गुप्ता, आलोक बाजपेई, शाहिद हसन व एजाज हसन आदि ने शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

उधार पेट्रोल न देने पर पंप कर्मियों को पीटा

गोला गोकर्णनाथ। मोहम्मदी रोड पर राधे पेट्रोलियम कंपनी के मैनेजर मनीष कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी पेट्रोल पंप पर बाइक सवार चार युवक पहुंचे और 500 रुपये का पेट्रोल उधार मांगा। पंप पर मौजूद स्टाफ ने पेट्रोल उधार देने से मना कर दिया। जिस पर वे मारपीट करने लगे। मनीष का कहना है कि मारपीट देखकर वह केबिन से बाहर दौड़े और बीच बचाव करना चाहा, तब उन चारों युवकों ने उन्हें जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर मारा पीटा और धमकी दी कि ऑफिस और पंप में आग लगा दी जाएगी। शोर शराबा होने पर आसपास के दुकानदार भी पहुंचने लगे जिन्हें देखकर वह चारों युवक भाग निकले। मनीष का कहना है कि चारों युवक शराब के नशे में धुत थे। पेट्रोल पंप के मैनेजर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पैंथर क्लब ने गुलुलवा एलेवन को दी शिकस्त

खीरी टाउन। शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न 4 का दूसरा मुकाबला पैंथर क्लब और गुलुलवा एलेवन के बीच खेला गया जिसमे पैंथर क्लब ने गुलुलवा एलेवन को आठ विकेट से शिकस्त दी। मुख्य अतिथि चौकी प्रभारी लाल बहादुर मिश्र व लल्ला गोस्वामी मौजूद रहे। खीरी कस्बे के कालर फील्ड के मैदान में चल रहे शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न 4 में मैच के दूसरे दिन पैंथर क्लब के कप्तान लिटिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला लिया। जिसमे गुलुलवा एलेवन की तरफ़ से पारी की शुरुआत विशाल जलोटा और श्याम मोहन ने की विशाल जलोटा मात्र सात रन ही बनाकर आउट हो गए, जिसके बाद श्याम मोहन ने अपनी टीम के लिए 27 रन जोड़े, वहीं तोहा रज़ा ने ताबड़ तोड़ 12 गेंदों पर 29 रन बना कर अपनी टीम को एक सम्मान जनक स्कोर तक ले गए।

आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल ने फूंका पुतला

सीतापुर, अमृत विचार। बुधवार को बजरंग दल ने लालबाग चैराहे पर आतंकवाद का पुतला फूंका गया। जिसके बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। जिसमें कहा गया है कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय नौ जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने कायराना हमला किया। जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए। ऐसे में इस घटना से पूरा देश आहत है और आक्रोश में है।

जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन उग्रवादियों का मनोबल

आक्रोश

- आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग
- डीएम के माध्यम से दिया राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। संगठन की मांग है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें और इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो। कार्यक्रम में प्रांत संयोजक बजरंग दल उत्तम सिंह, जिला संयोजक अनुज भदोरिया, सह संयोजक प्रियांशु, सूरज लोधी, पंकज, अरुण, कप्तान, सोनू, अभिषेक, राघवेंद्र, उत्तम, रंजीत, चंद्रकांत, प्रमोद, अजय, महेश, सुनील, शिवम, नीरज, प्रदीप, सुनील, भानु रोहित, राजकुमार, राजा, संदीप, विपुल , नवीन, आकाश ,गौतम, चमन, साकेत, छोटे, कुलदीप आदि सैकड़ों बजरंगी उपस्थित रहे।

आतंकवाद का पुतला फूंकते बजरंग दल कार्यकर्ता। अमृत विचार

पैर फिसलने से नहर में डूबे युवक की मौत

मछली पकड़ने गया था अकबरपुर गांव निवासी युवक, तैर न पाने की वजह से हुआ हादसा

संवाददाता, तंबौर, सीतापुर

अमृत विचार। मछली पकड़ने गया युवक पैर फिसलने से नहर में गहरे पानी में चला गया। तैर न पाने की वजह से डूबने से उसकी मौत हो गई। गोताखोरों के काफी देर तलाश करने के बाद युवक मिला। आनन-फानन में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तंबौर थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी जमशेद उम्र 20 वर्ष पुत्र गुड्डू बुधवार सुबह करीब 10 बजे मछली पकड़ने गांव के बगल बह रही शारदा नदी किनारे गया था। जहां अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। तैर न पाने की वजह से वह डूब गया। पास में ही खड़े जमशेद के चाचा ने शोर मचाकर गांववालों को इकट्ठा किया। स्थानीय गोताखोरों ने नहर में युवक की काफी तलाश की। जमशेद के मिलने पर आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर ले जाया गया। जहां तैनात डॉक्टरों

मृतक जमशेद का फाइल फोटो।

ने जांच करने बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना किसी के कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। इस प्रकरण में तंबौर थाना प्रभारी विजयेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि परिजनों ने बिना किसी सूचना के अंतिम संस्कार कर दिया है। मालूम हो कि इन दिनों जबरदस्त गर्मी भी पड़ रही तापमान करीब 41 से 45 तक पहुंच जा रहा है। ऐसे में स्थानीय लोग नदियों में नहाते हैं। एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे सेल्फी लेने पहुंच रहे हैं। जिनको रोक पाने में स्थानीय पुलिस पूरी तरह नाकाम है।

नहर किनारे मौजूद मृतक के परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

नहर में उतराता मिला शौच के लिए गये वृद्ध का शव

तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार। घर से सुबह शौच के लिए गये एक वृद्ध का शव शारदा सहायक नहर में उतराता मिला। वृद्ध की खोजबीन कर रहे परिजनों ने शव को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

थाना हरगांव क्षेत्र के बहेरवा मजरा अमितिया निवासी जगदीश पुत्र विशंभर उम्र 70 वर्ष बुधवार सुबह करीब छः बजे नहर की तरफ शौच के लिए गये थे। काफी देर जब वह घर नहीं पहुंचे तब सभी परिवारजनों ने उनकी तलाश करना शुरू कर दी, उसी दौरान तालगांव कोतवाली इलाके के बाजारपुरवा के निकट नहर में किसी वृद्ध का शव उतराने की जानकारी घरवालों को हुई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान करते हुए उन्हें बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के बेटे उत्तम कुमार की तहरीर पर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार अचानक पैर फिसल जाने से गहरे पानी में जाने से मौत हुई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार राय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

गेंहू खरीदः लक्ष्य हासिल करना नामुमकिन

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः गेहूं खरीद सत्र का समापन 15 जून को हो जाएगा। शासन की ओर से जो लक्ष्य दिया गया था वह पूरा होते नहीं दिख रहा। गेहूं खरीद योजना जिले में बेदम हो गई है। गेहूं खरीदने के लिए जो भी व्यवस्था की गई थी वह पूरी तरीके से नाकाफी सिद्ध हुई है। ऐसे में लक्ष्य पूरा कर पाना अब असंभव हो गया है। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने में किसान रुचि नहीं दिखा रहा है। जिसके चलते जो लक्ष्य गेहूं खरीद का शासन के द्वारा दिया गया है, वह पूरा होता है नहीं दिख रहा है। जनपद में करीब पांच लाख किसान गेहूं की खेती करते हैं जिनको देखते हुए मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद में 116 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। लेकिन अभी तक मात्र 1685 किसानों ने ही अपनी उपज सरकारी क्रय केंद्रों पर बेची है। किसानों के न आने से केंद्र प्रभारी में हड़कंप मचा है।

खरीद सत्र का समापन 15 जून को हो जाएगा लेकिन अभी तक मात्र 8.73 फ़ीसदी गेहूं खरीद हो पाई है। खरीद न होने से गेहूं खरीद से जुड़े अफसरों परेशान हैं। खरीद के

मंडी का खाली पड़ा क्रय केंद्र। अमृत विचार

आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक सबसे ज्यादा गेहूं खरीद भारतीय खाद्य निगम ने किया है। अफसर व कर्मचारी किसानों के घर पहुंच रहे है। सबसे अधिक गेहूं खरीदने का लक्ष्य पीसीयू को मिला है। इस बार गेहूं खरीद सत्र का शुभारंभ 1 मार्च से हो गया था। जनपद में इस बार छ एजेंसी को गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी सौंप गई है। जिसमें खाद्य विभाग 20000 मीट्रिक टन, पीसीएफ को 33000 मीट्रिक टन, पीसीयू को 42000 मीट्रिक टन, यूपीएसएस को 20000 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम को 11700 मीट्रिक टन तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति को 4000 मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है। जनपद को जो इस बार लक्ष्य दिया गया है वह 98000 मीट्रिक टन है।

बताया जाता है कि खुले बाजार में गेहूं का रेट अधिक होने के चलते सरकारी केंद्र पर किसान नहीं आ रहे हैं। केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे हैं। गेहूं खरीद ना होते देखकर शासन ने किसानों के घर पर जाकर गेहूं खरीद की शुरुआत की है। मोबाइल खरीद शुरू होने से थोड़ा बहुत सरकारी खरीद हो पा रही है। किसानों का भुगतान भी समय से हो रहा है उसके बावजूद सरकारी क्रय केंद्र सुने पड़े हुए हैं। किसानों के सुगमता के लिए सरकार की ओर से कई केंद्र की संख्या में भी इजाफा किया गया है लेकिन उसका लाभ गेहूं खरीद से जुड़ी एजेंसियों को मिलता नहीं दिख रहा है। गांव में गेहूं खरीद से जुड़े अफसर व केंद्र

- शासन की ओर से 98000 मीट्रिक टन का था लक्ष्य
- अब तक मात्र 8555.02 मीट्रिक टन ही हो सकी है खरीद

प्रभारी जाकर गेहूं खोज रहे हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जिले में छ एजेंसियां गेहूं खरीद कर रही हैं। अब तक सबसे ज्यादा खरीद भारतीय खाद्य निगम ने किया है। सभी एजेंसी के प्रभारी को गेहूं खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया जा रहा है। जिले में 116 केंद्रों पर खरीद की जा रही है। केंद्र प्रभारी गांव में जाकर किसानों से संपर्क कर रहे है ताकि किसान अपनी उपज को लेकर सरकारी केंद्र पर आए। उन्होंने बताया कि अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष 8 .73 फीसदी ही खरीद हो पाई है। अब तक जिले में सरकारी क्रय केंद्र पर 1668 किसानों ने अपनी उपज को बेचा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिस तरीके से खरीद हो रही है उससे तो यही लग रहा है कि लक्ष्य पाना बहुत दूर की बात है। फिर भी अभी भी गेहूं खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। कर्मचारी गांव में जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं।

रेल मंत्री को ज्ञापन भेज की ट्रेनें बढ़ाने की मांग

गोला गोकर्णनाथ। छोटी काशी विकास संघर्ष समिति ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन भेजकर लखनऊ वाया गोला गोकर्णनाथ बरेली रेल मार्ग पर चार एक्सप्रेस ट्रेन तथा बरेली लखनऊ जाने के लिए दो एक्सप्रेस ट्रेन और वाया अयोध्या वाराणसी तक दो एक्सप्रेस ट्रेन, मथुरा के लिए दो एक्सप्रेस ट्रेन और जोधपुर के लिए दो एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की है।

समिति के अध्यक्ष लोकेश कुमार गुप्ता ने रेलमंत्री को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि आठ वर्ष पूर्व जब यहां छोटी लाइन थी तो बरेली लखनऊ आने जाने के लिए 16 ट्रेनें चलती थी, किंतु अब बड़ी रेल लाइन होने के बाद इस रेल मार्ग पर तीन पैसेंजर और एक एक्सप्रेस ट्रेन मैलानी से लखनऊ का आवागमन है। जबकि गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के नाम से शिव जी का प्रसिद्ध धार्मिक नगर है। यहां गोकर्ण कॉरिडोर का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होना है। मैलानी रेलवे स्टेशन के आगे दुधवा नेशनल पार्क है। गोला गोकर्णनाथ में लाखों तीर्थयात्री और दुधवा नेशनल पार्क में तमाम सैलानी पहुंचते हैं, किंतु ट्रेनों की सुविधा न होने के कारण उन्हें कठिनाई होती है।

सार-संक्षेप

जच्चा-बच्चा की जान बचाने वाली आशा बहु को मिला सम्मान

आशा बहु रेनू को सम्मानित करते सीएचसी अधीक्षक अवनीश कुमार।

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। एम्बुलेंस में ही प्रसव कराकर जच्चा बच्चा की जान बचाने वाली आशा बहु को अधीक्षक ने नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को पखरपुर निवासी बब्लू की पत्नी पूनम के प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस से सीएचसी लाया जा रहा था, उसी दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण महिला की हालत बिगड़ने लगी। आशा बहु रेनू राज ने सूझबूझ के साथ एमटी बहोरन व पायलट विवेक सिंह के सहायता से एम्बुलेंस रास्ते मे ही रोककर सुरक्षित प्रसव कराकर जच्चा बच्चा की जान बचाकर सीएचसी पर भर्ती कराया आशा बहु के इस साहसिक कार्य के लिये स्वास्थ विभाग के लोगों ने उसकी जमकर प्रशंसा की। इस साहसिक कार्य हेतु सीएचसी अधीक्षक अवनीश कुमार व वीसीपीएम दुर्गेश सिंह तोमर ने नकद राशि देकर उसे सम्मानित किया।

कानूनों को लेकर न रहे भ्रम की स्थिति

पराविधिक स्वयंसेवकों के साथ बैठक करते अपर जिला जज नरेंद्रनाथ त्रिपाठी।

सीतापुर, अमृत विचार। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय के निर्देशानुसार, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को एक बैठक का आयोजन समस्त पराविधिक स्वयंसेवकों के साथ आहूत की गयी। बैठक में एक जुलाई 2024 से लागू होने वाले कानूनों, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, के विषय में व आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त पराविधिक स्वयंसेवकों से वार्ता की गयी। उपस्थित समस्त पी.एल.वी.गण को उपरोक्त तीनों नये कानून के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी, जिससे कि आम जनमानस में उक्त कानूनों को लेकर किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न होने पाये तथा समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों को यह भी निर्देश दिये गये कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आम जन मानस को उक्त नये कानूनों के बारें में जानकारी दी जाये तथा उक्त विषय के सम्बन्ध में रूप-रेखा तैयार किये जाने के विषय पर चर्चा की गयी।

कुमुद स्मृति सम्मान समारोह में कवि को किया सम्मानित

कवि को सम्मानित करते कार्यक्रम के मुख्य अतिथि। अमृत विचार

सीतापुर। बिसवां विकासखण्ड इलाके में कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय कवि संगम को बरेली के लोक खुशहाली सभागार में अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्हें ख्याति प्राप्त कवि साहित्यकार स्वर्गीय ज्ञानस्वरूप कुमुद स्मृति सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के नाते आमंत्रित किया गया था। श्री मृदु ने इस अवसर पर अपनी आशु कविता का परिचय देते हुए अपने काव्य पाठ से सभी को चकित कर दिया। काव्यपाठ के दौरान खचाखच भरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कवि सम्मेलन में नगर व आसपास से पधारे लगभग 72 कवि एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया। इसी क्रम में जयपुर के वरिष्ठ कवि रामकिशोर वर्मा व पूरन पुर पीलीभीत के वरिष्ठ कवि व पत्रकार सतीश मिश्र अचूक का अभिनंदन करते हुए अंगवस्त्र व सम्मान पत्र भेंट किया गया। समारोह का सफल संचालन राष्ट्रीय कवि संगम बरेली के अध्यक्ष रोहित राकेश ने किया। स्वागताध्यक्ष रणधीर प्रसाद गौड़ धीर व सचिव डा महेश मधुकर ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्थाध्यक्ष करुणानिधि गुप्ता व संस्थापक संयोजक उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने आभार व्यक्त किया।

धरने पर बैठे युवक ने की आत्मदाह की कोशिश

खीरी टाउन,अमृत विचार। मोहल्ला शेखसराय निवासी जाबिर का कस्बे के ही सादाप खान से काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जाबिर का कहना है कि उसने थाने से लेकर डीएम-एसपी तक शिकायत पत्र दिये और विवाद का निपटारा कराने की मांग की, लेकिन अफसरों और पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। इससे परेशान होकर बुधवार को जाबिर अपने परिवार के साथ कस्बे में स्थित जिला सहकारी बैंक शाखा के सामने धरने पर बैठ गया। इसकी जानकारी नगर चौकी पर तैनात सिपाही मनीष यादव को मिली तो वह मौके पर पहुंच गए। इसी बीच जबकि ने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया और आग लगाने की कोशिश की, लेकिन सिपाही ने बड़ी चालाकी के साथ उसे दबोच लिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर खीरी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पीड़ित जाबिर को काफी समझाया-बुझाया। कार्रवाई का आश्वासन देकर उसे थाना लाये। पूरे विवाद की जानकारी ली। मामला सदर कोतवाली की राजापुर पुलिस चौकी का था। इस पर चौकी इंचार्ज संचित यादव भी थाना खीरी पहुंचे और आरोपी को साथ लेकर पुलिस चौकी राजापुर आए। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई की है। चौकी इंचार्ज संचित यादव ने बताया कि दूसरे पक्ष को भी दस्तावेजों के साथ चौकी पर बुलाया गया है। दोनों के कागजों की जांच राजस्व विभाग से कराई जाएगी। साथ ही राजस्व विभाग की मदद से विवाद का निपटारा कराया जाएगा। दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

अकीदत से मना बाबा शहीद मर्द रहमतुल्लाह अलैह दो रोजा उर्स

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचार : कटरा रोड रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित बाबा शहीद मर्द रहमतुल्लाह अलैह का दो रोजा सालाना उर्स पूरी अक़ीदत के साथ मनाया गया।

सोमवार व मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम की अगुवाई सज्जादा नशीन अनवारुल हक शाह, इसरारुल हक शाह, मेराजुल हक शाह गुड्डू, शानू व गुलजार ने की। जहां सोमवार की रात्रि खानकाही व सूफियाना क़व्वाली तथा मंगलवार की रात्रि कव्वाल ठाकुर आवेंद्र सिंह व शाहवेज वारसी के बीच जबर्दस्त क़व्वाली का मुकाबला हुआ। नगर व दूर

उर्स में कव्वाली पेश करते कलाकार। अमृत विचार

दराज से सैकड़ो की संख्या में आए जायरीनों ने अकीदत के साथ पूरी रात्रि क़व्वाली का आनंद उठाया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नगर चौकी प्रभारी आशीष कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी लाल मोदनवाल, पूर्व चेयरमैन व इमामे ईदैन शमीम अहमद अच्छन, सपा जिला उपाध्यक्ष फहीम अहमद पप्पू, इब्राहीम मास्टर, शाहिद रजा एडवोकेट, हाजी जुबेर, ताज मोहम्मद खान, मोहम्मद इरफान सभासद, मोइनुद्दीन कुरैशी, बॉबी रजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बीडीओ ने लिया कार्यों का जायजा दिए दिशा-निर्देश

रुपईडीह, अमृत विचारः ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह व अवर अभियंता लघु सिंचाई अवधेश सिंह के साथ ग्राम पंचायत बेलवा बाजार का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने मनरेगा के तहत हो रहे जलाशय के सुंदरीकरण, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय के निर्माण व आगामी दो जुलाई को जिलाधिकारी द्वारा लगाए जाने वाले चौपाल के बारे में जानकारी हासिल की। सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधूरा रहने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान उत्तम चंद्र दुबे व पंचायत सचिव यमुना प्रसाद से शौचालय का निर्माण पूरा कराये जाने का निर्देश दिया।

गृहमंत्री की पत्नी सोनल शाह ने छपिया मंदिर में किया पूजन

प्रसाद ग्रहण करतीं सोनल शाह।

दर्शन करते प्रदेश के परिवहन मंत्री।

संवाददाता, मसकनवा

अमृत विचारः गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह ने बुधवार को भगवान घनश्याम महाराज की जन्मस्थली स्वामीनारायण मंदिर का दर्शन किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह मौजूद रहे। उन्होंने स्वामीनारायण भगवान घनश्याम महराज का दर्शन पूजन किया। सोनल शाह ने कहा कि यहां आकर मन मस्तिष्क को शांति मिली। छपिया धाम सबसे पवित्र स्थल है। यह उनका व्यक्तिगत और साधरण धार्मिक यात्रा रही। मंदिर के महंत ब्रह्मचारी स्वामी देव प्रकाश जी ने सभी को माला और पट्टिका पहनाकर आशीर्वाद दिया।

12 लेखपालों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः एसडीएम सदर ने कई लेखपालों को मूल क्षेत्र के साथ-साथ अतिरिक्त लेखपाल क्षेत्र की जिम्मेदारी दी है। लेखपाल आत्माराम वर्मा को नारायणपुर माफी के साथ लोनावा दरगाह तथा बभनी सराय, बृजेश मिश्रा को मूल क्षेत्र के साथ खैरा, प्रशांत विक्रम सिंह को अयाह के साथ करूवा पारा, सिसई बहलोलपुर, अभय श्रीवास्तव को इटियाथोक के साथ-साथ गोसेंद्रपुर तथा पारासराय, गिरीश यादव को परेड सरकार के साथ-साथ सरैयां माफी तथा केशवपुर पहड़वा, अवधेश कुमार को मूल क्षेत्र के साथ खरगूपुर इमलिया, राकेश यादव को मूल क्षेत्र के साथ विशुनपुर बेलभरिया, राम बहादुर को वीरपुर की जिम्मेदारी मिली है।

एक नजर

योगी ने मोहन चरण माझी को दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री और कनक वर्धन सिंह देव व प्रवति परीदा को ओडिशा के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। योगी ने पृथ्वीराज हरिचंदन को भी कैबिनेट मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं। लोस. चुनाव के दौरान ओडिशा जाकर योगी आदित्यनाथ ने पृथ्वीराज हरिचंदन के पक्ष में वोट की अपील की थी। इससे पहले योगी बुधवार को ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

नई जेल रोड योजना में किफायती दर पर 5 हजार भूखंड देगा आवास विकास

छह महीने में शुरू हो जाएगा पंजीकरण, दो हजार रुपये प्रति वर्ग फिट होगा रेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 137 से 300 वर्ग फिट के होंगे भूखंड, 300 एकड़ की है योजना

अमृत विचार : मोहनलालगंज की नई जेल रोड योजना में आवास एवं विकास परिषद आशियाना बनाने के लिए 5,000 भूखंड आवंटित करने जा रहा है। 137 और 300 वर्ग फिट के भूखंडों को मध्यम आय वर्ग को ध्यान में रखकर किफायती दर पर देने का खाका खींच लिया गया है। परिषद ने इसकी शुरुआती दर 2000 रुपये प्रति वर्ग फिट निर्धारित की है। परिषद ने अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए मार्केटिंग सेल का गठन किया है। दर कम होने के बावजूद संपत्तियों के खरीदार न मिलने की समस्या को दूर करने के लिए विपणन में दक्ष एमबीए पास युवकों की संपत्ति प्रबंधक पद पर नियुक्तियां की जाएंगी। बुधवार को आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लग गई।

आचार संहिता हटने के बाद बुधवार को आवास एवं विकास परिषद की 266वीं बोर्ड बैठक मुख्यालय के प्रशासनिक भवन में अध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। आवास विकास मोहनलालगंज में नई जेल रोड स्थित भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या एक में 5,000 लोगों को भूखंड देगा। इसके लिए परिषद छह महीने में आवंटन शुरू कर देगा। बोर्ड बैठक के बाद आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।

प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते अपर आवास आयुक्त एवं सचिव और उप आवास आयुक्त।

उन्होंने बताया कि योजना में 137 वर्ग फिट से लेकर अधिकतम 300 वर्ग फिट के भूखंड रहेंगे। इनका रेट लगभग 2,000 रुपये प्रति वर्ग फिट होगा। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि लैंड पूलिंग पर आधारित इस योजना में 50 एकड़ जमीन और जुड़ जाने से यह योजना 300 एकड़ की हो गई है। योजना के काश्तकारों और भू-स्वामियों को आपसी समझौते और लैंड पूलिंग स्कीम का भी विकल्प देने के लिए रखे गए प्रस्ताव को बोर्ड ने मंजूरी दे दी। बोर्ड बैठक में आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, वित्त नियंत्रक महेश चन्द्र पांडे, मुख्य अभियंता डीवी सिंह, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक अनिल मिश्रा, मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप आदि उपस्थित रहे।

एमबीए पास बेचेंगे आवास विकास की सम्पत्तियां

आवास विकास की खाली सम्पत्तियां नहीं बिक रही हैं। इसके लिए आवास विकास अब सम्पत्ति कार्यालयों में 10 प्रतिशत एमबीए पास सम्पत्ति प्रबंधक रखेगा। आवास विकास के सभी सम्पत्ति प्रबंध कार्यालयों में अभी एक सम्पत्ति प्रबंधक नियमित है। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि आवास विकास 11 सम्पत्ति प्रबंधकों की भर्ती के लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेज रहा है।

खाली फ्लैट बेचने के लिए बनेगा मार्केटिंग सेल

आवास विकास की योजनाओं में लगभग 10,000 फ्लैट खाली हैं। इनमें आवास विकास का करोड़ों रुपये फंसा है। छूट देने के बाद भी इन सम्पत्तियों के खरीदार नहीं मिल रहे हैं। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि लखनऊ जोन, गाजियाबाद और मेरठ में सम्पत्तियों को बेचने के लिए आवास विकास मार्केटिंग सेल बनाएगा। इनमें आउटसोर्सिंग पर कर्मचारी रखे जाएंगे। इससे खाली सम्पत्तियां बेचने में मदद मिलेगी।

खाली फ्लैट पर छूट के साथ पंजीकरण खोलेगा परिषद

दो चरणों की सफलता के बाद आवास विकास खाली सम्पत्तियां बेचने के लिए छूट के साथ पंजीकरण खोलने जा रहा है। पहले चरण में आवास विकास ने 233 व दूसरे चरण में 194 खाली फ्लैट निकाले थे। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में वृंदावन योजना, अवध विहार योजना और राजाजीपुरम योजना में आवास विकास के 4127 फ्लैट खाली हैं। गाजियाबाद में 3719 और मेरठ में 1488 फ्लैट खाली हैं। छूट के प्रस्ताव को बोर्ड ने अनुमोदन प्रदान कर दिया।

5 वर्षों तक निर्माण न करने पर नहीं लगेगा अनिर्माण शुल्क

आवास विकास की योजनाओं में भूखंड आवंटित कराने के 5 वर्षों तक अनिर्माण शुल्क नहीं लगेगा। 5 वर्षों से 10 वर्षों के बीच 5 प्रतिशत और इसके बाद 10 प्रतिशत अनिर्माण शुल्क लगेगा। यह जानकारी अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि 5 वर्षों तक अनिर्माण शुल्क शून्य है। अनिर्माण शुल्क एवं समयवृद्धि शुल्क के पुनर्निर्धारण संबंधी प्रस्ताव को बोर्ड ने अनुमोदन प्रदान कर दिया।

सेवानिवृत्त सहायक अभियंता की होगी विभागीय जांच

गाजियाबाद की वसुंधरा योजना में तीन की जगह चार और पांच मंजिला निर्माण करवाने में सेवानिवृत्त सहायक अभियंता महेश कुमार के विरुद्ध विभागीय जांच गठित की गयी है। बोर्ड ने जांच संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया।

अयोध्या में ब्लैक कैट कमांडो करेंगे राम भक्तों की सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएसजी हब बनाने की तैयारी में गृह मंत्रालय
- देश का छठवां और प्रदेश का पहला एकीकृत हब बनाया जाएगा

अमृत विचार: अयोध्या जल्द ही नेशनल सिक्योरिटी गार्ड का हब बनेगा। एनएसजी का यह देश का छठवां और प्रदेश का पहला हब होगा। गृह मंत्रालय ने यह निर्णय राम मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर लिया है। अभी परिसर की सुरक्षा एसएसएफ के हवाले है।

अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के बाद से लगातार यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठते रहे हैं। इसके अलावा मंदिर को लेकर कई गंभीर इनपुट केंद्र सरकार को मिले भी हैं। दो बार पुलिस के टोल फ्री नंबर पर भी धमकियां आ चुकी हैं। ऐसे में सरकार की ओर से अयोध्या में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड का एकीकृत हब बनाया जाएगा। अयोध्या में राम भक्तों की सुरक्षा एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो करेंगे। एनएसजी को अयोध्या में आतंकवाद विरोधी और अपहरण रोधी अभियानों का विशिष्ट दायित्व सौंपा जाएगा।

भाजपा नहीं जीत सकी अयोध्या वालों का दिल

उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एनएसजी हब पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा अच्छी बात है, लेकिन भाजपा ने अयोध्या वासियों का दिल नहीं जीता। अयोध्या में इंवेंट और मार्केटिंग करने की जगह जो लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं, उनके लिए बेहतर व्यवस्था करनी चाहिए।

ऑपरेशन कायाकल्प से 28,797 ग्राम पंचायतें दूर

लखनऊ: ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 28,797 ग्राम पंचायतों के विकास का खाका जिले अपलोड नहीं कर पाए। इसमें सबसे खराब प्रगति अलीगढ़, एटा, बागपत, आगरा व श्रावस्ती की है। सभी जिलों को निदेशक पंचायती राज ने चेतावनी दी है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्रदेश की सभी 57,691 ग्राम पंचायतों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश निदेशालय ने दिए हैं। इस प्रक्रिया से गांव में विकास संबंधित कार्य कराए जाने हैं, लेकिन रिपोर्ट 28,894 ग्राम पंचायतों की अपलोड की गई, जबकि 28,797 की निर्देश के बाद भी रिपोर्ट नहीं दी गई। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने समीक्षा की तो सभी जिलों की लापरवाही सामने आई। इनमें सबसे कम एटा द्वारा 10 ग्राम पंचायत, अलीगढ़ 12, बागपत 13, आगरा 26 व श्रावस्ती की 26 ग्राम पंचायतों की रिपोर्ट फीड की गई। इन जिलों की खराब प्रगति निदेशक ने नाराजगी जताई और कार्रवाई की चेतावनी देकर तीन दिन में रिपोर्ट अपलोड करने का समय दिया है।

सात वर्षों से नियुक्ति विभाग में जमे विशेष सचिव हटे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने बुधवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को आयुक्त राज्यकर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

आयुक्त राज्यकर मिनिस्ती एस. दो माह की छुट्टी पर गई हैं। विशेष सचिव नियुक्ति के पद पर सात वर्षों से तैनात धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्य कर बनाया गया है। यह पद काफी समय से खाली चल रहा था। वहीं, विशेष सचिव नियुक्ति का अब पूरी तरह कार्यभार विशेष सचिव खनन विजय कुमार संभालेंगे। उनके पास अभी तक विशेष सचिव नियुक्ति का अतिरिक्त प्रभार था। अध्ययन अवकाश से लौटे डॉ. मन्नान अख्तर को विशेष सचिव खनन बनाया गया है।

आने वाले समय में पंचम तल से लेकर शासन स्तर तक के कई अधिकारियों को इधर से उधर किया जाना है। एक दर्जन से अधिक जिलों के डीएम को भी हटाए जाने की चर्चाएं हैं। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से एनओसी भेज दी गई है।

केंद्र में तैनाती मिलने के बाद जल्द ही दोनों आईएएस अधिकारियों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

आईएएस अभिषेक सिंह की वापसी पर रोक

विशेष सचिव नियुक्ति धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्य कर बनाया गया	आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को आयुक्त राज्य कर का अतिरिक्त प्रभार	विशेष सचिव नियुक्ति का कार्यभार आईएएस विजय कुमार संभालेंगे

इस बीच, 2011 बैच के आईएएस अभिषेक सिंह के नौकरी में दोबारा आने के प्रयास पर सरकार ने रोक लगा दी है। सरकार ने केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग द्वारा अभिषेक सिंह की सेवा में पुनः वापसी के प्रार्थना पत्र पर मांगी गई आख्या व सहमति को अस्वीकृत कर दिया है और अपनी संस्तुति भेज दी है।

पेंशन देने के लिए शुरू हुआ सत्यापन कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन और कुष्ठावस्था पेंशन की राशि 30 जून तक भेजी जाएगी पात्रों के खाते में
- 31 मार्च को 55.68 लाख वृद्धजनों, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं और 10.40 लाख दिव्यांगजनों को व 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को दी गई थी पेंशन

अमृत विचार : पात्रों को पेंशन योजना का लाभ देने के लिए सत्यापन कार्य शुरू हो गया है। 30 जून तक पात्रों के खाते में वृद्धावस्था, निराश्रित, दिव्यांगजन और कुष्ठ पीड़ितों को पेंशन का तिमाही भुगतान करना है।

बता दें कि 31 मार्च 2024 को समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 55 लाख 68 हजार 590 को भुगतान किया था। साथ ही, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं और 10.40 लाख दिव्यांगजनों को हर माह एक हजार रुपये की धनराशि पेंशन के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। इसी प्रकार, 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को प्रतिमाह तीन हजार रुपये पेंशन दी जाती है।

अप्रैल में नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही लोगों ने पेंशन के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री ने भी 8 जून को बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को आदेश दिए थे कि 30 जून तक पात्रों के खाते में पेंशन की धनराशि पहुंच जाए।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आवेदनकर्ता पात्रों के आधार कार्ड से मिलान का काम चल रहा है। साथ ही आवश्यक दस्तावेज भी देखे जा रहे हैं। जो भी पात्र होंगे उनके खाते में पेंशन की राशि 30 जून तक पहुंच जाएगी।

1900 रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पदोन्नति के लंबित पदों पर भी शुरू होगी प्रक्रिया

अमृत विचार : प्रदेश सरकार सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस क्रम में पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 और पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। वहीं, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में भी 154 पद रिक्त हैं, जबकि 289 पद भरे हुए हैं।

दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह 'घ' के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी।

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियों एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। यहां उन्होंने योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी करने का निर्देश देते हुए लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करने को कहा। शासन की ओर से इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र जारी किया जाए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर लोकभवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

नदियों-झीलों के किनारे ऐतिहासिक स्थलों पर होगा योगाभ्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 से 21 तक हर जिले में किया जाएगा योग सप्ताह का आयोजन

अमृत विचार : इस बार सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, सभी अमृत सरोवरों और प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य वाले स्थलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' है। इसी थीम को लेकर उप्र. में 15 से लेकर 21 जून तक हर जिले में योग सप्ताह का आयोजन किया जाना है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को लोकभवन में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों के प्रभारी मंत्रीगण की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। पहले दिन के समारोह में सांसद, मंत्री, विधायक, पार्षद, ग्राम प्रधानों और अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा, सभी ग्राम पंचायतों व नगर निकायों में संबंधित जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में योगाभ्यास होना चाहिये। मुख्य सचिव के अनुसार योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए सभी स्कूलों की सफाई व्यवस्था करायी जाए। कार्यक्रम में छात्रों के बीच मिठाई, फल और पेयजल बंटवाया जाए।

अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

बैठक में वाई-ब्रेक प्रोटोकाल के तहत मुख्य सचिव समेत मौजूद सभी अधिकारियों ने सीट पर बैठे-बैठे योगाभ्यास भी किया। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी, प्रमुख सचिव परिवहन वेंकेटेश्वर लू, आयुक्त एवं सचिव ग्राम्य विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी, सचिव महिला कल्याण बी. चंद्रकला, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

चित्रकूट, अयोध्या, विंध्याचल धाम तक चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन निगम 5000 बसों के अनुबंध के लिए 14 को निकालेगा टेंडर

अमृत विचार: प्रयागराज से 200 किलोमीटर परिधि के शहरों और तीर्थस्थलों तक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए परिवहन निगम 14 जून को 5000 बसों को अनुबंधित करने के लिए टेंडर निकालेगा। अभी चल रही निगम की बसों की जगह वाराणसी, कानपुर, विंध्याचल धाम, चित्रकूट, अयोध्या और लखनऊ तक इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।

प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में प्रयागराज के अलावा आगरा और गाजियाबाद क्षेत्रों से 200 किलोमीटर परिधि वाले जनपदों तक इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसें अनुबंध के आधार पर लगाई जाएंगी। चालक बस मालिक की ओर से रखे जाएंगे। परिचालक रखने का भी उनके पास विकल्प होगा। मालिक के न रखने पर परिचालक यूपीएसआरटीसी उपलब्ध कराएगी।

इलेक्ट्रिक बसों का किराया अभी संचालित 3 गुणा 2 और 2 गुणा 2 सीटर एसी बसों के बराबर ही होगा। बसों के चार्जिंग की व्यवस्था डिपो में परिवहन निगम करेगा। 12 वर्षों तक बसों की मरम्मत के अलावा चालकों के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी बस मालिक की होगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि तीन प्रकार की बसों का अनुबंध किया जाएगा। इसमें 12 मीटर लंबी 2 गुणा 2 सीटर, 12 मीटर लंबी 3 गुणा 2 सीटर, 9 मीटर लंबी 2 गुणा 3 सीटर बसें शामिल रहेंगी।

वर्ग पहेली-99

बाएं से दाएं

3.1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।

5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।

8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।

9.1. चुप, शांत रहना, ख़ामोश, न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)-स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।

10.1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड

11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

ऊपर से नीचे

1.1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।

2.1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।

4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।

5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है

6.1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।

7. खनखन करने वाली चीज़।



वर्ग पहेली -98 का हल

	1 यु	गा	नु	2 कू	ल	
				ट		
3 सिं		4 छु		क		
5 चि	ट	न	वी	6 स		7 खुं
त		मु		8 चा	फं	द
	9 पि	न	पि	न		का
						र

सुडोकू-12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8				4			7	
	4		3				5	
6	7				9		8	
		5		1			3	
4	1	7				2	9	6
	8			6		4		
	3		4				2	9
	2				8		6	
	9			5				1

सुडोकू - 11 का हल

3	6	5	7	1	4	9	8	2
7	9	2	3	8	6	1	5	4
1	8	4	2	9	5	6	7	3
4	7	3	8	5	1	2	6	9
2	5	9	4	6	7	8	3	1
6	1	8	9	3	2	5	4	7
9	2	6	5	4	3	7	1	8
5	4	7	1	2	8	3	9	6
8	3	1	6	7	9	4	2	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.33 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14 जून 05.08 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष — आज विवाह संबंधी मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। कानूनी मामलों में लापरवाही भारी पड़ सकती है। विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च होगा। आप कुछ बड़े एवं साहसिक निर्णय ले सकते हैं, लेकिन अभी परिणाम को लेकर जल्दबाजी करना उचित नहीं है।

वृष — आज परिवार के लोगों से आपका तालमेल काफी अच्छा रहेगा। कुछ लोग आपको गलत सलाह देकर भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आप खानपान को लेकर काफी शौकीन हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

मिथुन — आज इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। यात्राओं के लिए दिन काफी सुखद रहेगा। कारोबार में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं।

कर्क — आज लोग आपसे धन उधार ले सकते हैं, लेकिन वापस करने में विवाद कर सकते हैं। इसीलिए आपको धन उधार नहीं देना चाहिए। आपकी अपेक्षा के अनुसार काम नहीं होंगे। मन कुछ अप्रसन्न हो सकते हैं। परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं रहेंगी।

सिंह — आज कारोबार में आप विस्तार कर सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धन लाभ होने से आपको लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में तेजी से सुधार होगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा।

कन्या — आज आपके सहकर्मियों के साथ अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपको धन से जुड़े हुए मामलों में सावधानी रखनी होगी। आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आ सकते हैं जिनसे आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

तुला — आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को सफलता मिल सकती है। धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग से अपनी बातें मनवाई जा सकती है। लंबे समय से आप जिस अवसर की प्रतीक्षा में थे, वह आपको मिल सकता है।

वृश्चिक — आज शत्रु आपके सामने काफी कमजोर पड़ेंगे। बीमा आदि के द्वारा आपको धन लाभ होगा। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। परिजन आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

धनु — आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। धन के मामलों को लेकर आपको सावधान हो जाना चाहिए। पैरों में चोट लग सकती है। उधार लिए हुए धन को लौटाने का दबाव आपको परेशान कर सकता है। परिवार को लेकर चिंता हो सकती है।

मकर — आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान रखना होगा। चिंता व तनाव लेने से आपको बचना चाहिए। होटल व्यवसायियों को मैनेजमेंट को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आपकी किसी योजना के लंबित होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज कानूनी मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का पूर्ण समाधान मिल सकता है। धन को लेकर आप काफी भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम विवाह के लिए परिवार का समर्थन मिल सकता है।

मीन — आज व्यवसाय को लेकर यात्रा होने के योग बन रहे हैं। कुछ लोग आपके काम में कमी निकालने का प्रयास करेंगे। आपको वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिलेगा। परिवार को लेकर तनाव दूर होगा। आप नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्रेम दीवाने — सुबह : 10.03
- हिरासत — रात : 07.00

&pictures
- खूंखार — सुबह : 10.43
- जर्सी — रात : 08.00

SONY PIX
- स्मर्फ्स : द लॉस्ट विलेज — सुबह : 10.40
- इट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12.09
- मायोन — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- रंगीला — सुबह : 11.46
- क्वीन — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा।

सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?

मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?

चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए

डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?

चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1080 बोल्ड 1110 डीएमओ 820।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

मोदी 3.0 कैबिनेट गठन के बाद बाजार पर सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद

अब जब मोदी 3.0 कैबिनेट का गठन हो चुका है जो मुख्य रूप से मोदी 2.0 जैसा ही है जिसमें गृह, रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग अनुभवी मंत्रियों को दिए गए हैं? सवाल उठता है कि भारतीय शेयर बाजार के प्रदर्शन का क्या होगा, क्या इससे यह धारणा बढ़ेगी कि सरकार के 100 दिन के एजेंडे का शेयरों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आइए समझते हैं कि खुदरा निवेशकों को छोटी, मध्यम और लंबी अवधि के लिए किन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता-बाजार की धारणा और निवेशकों का विश्वास बढ़ाना: तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी सरकार के दोबारा चुने जाने से, मोदी 2.0 के समान कोर कैबिनेट सदस्यों को बनाए रखते हुए, बाजार सहभागियों और खुदरा निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण उत्साह पैदा हुआ है। इस निरंतरता को नीतिगत स्थिरता और चल रहे आर्थिक सुधारों के संकेत के रूप में माना जाता है, जिसका शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। पहले 100 दिनों के लिए सरकार का एजेंडा बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल परिवर्तन, कृषि सुधार और वित्तीय समावेशन सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनका उद्देश्य आर्थिक विकास को बनाए रखना और निवेश आकर्षित करना है। इस लेख में, हम उन शेयरों का पता लगाएंगे जिन पर खुदरा निवेशकों को वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर लघु, मध्यम और दीर्घकालिक निवेश के लिए विचार करना चाहिए।

रजत मेहरोत्रा, वित्तीय और कर सलाहकार।

100 दिन के एजेंडे को समझना: स्टॉक अनुशंसाओं पर विचार करने से पहले, सरकार के 100 दिनों के एजेंडे और विभिन्न क्षेत्रों पर इसके संभावित प्रभाव को समझना आवश्यक है...

बुनियादी ढांचा विकास: आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और नौकरियां पैदा करने के लिए सड़क नेटवर्क, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विस्तार पर जोर।

डिजिटल परिवर्तन: डिजिटल इंडिया, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसी पहलों पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया।

कृषि सुधार: किसानों की आय में सुधार, कृषि का आधुनिकीकरण और बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नीतियां लागू करना।

निष्कर्ष : मोदी 3 .0 कैबिनेट की निरंतरता और सरकार के महत्वाकांक्षी 100 दिनों के एजेंडे ने बाजार की धारणा और निवेशकों के विश्वास को मजबूत किया है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं, डिजिटल परिवर्तन में तेजी आ रही है, कृषि सुधार लागू हो रहे हैं और वित्तीय समावेशन के प्रयास मजबूत हो रहे हैं, कई क्षेत्र विकास के लिए तैयार हैं। खुदरा निवेशक इन क्षेत्रों के शेयरों पर ध्यान केंद्रित करके, अपने निवेश को अपनी जोखिम सहनशीलता और निवेश क्षितिज के साथ जोड़कर लाभ उठा सकते हैं। हालांकि इस लेख में दी गई स्टॉक अनुशंसाएं वर्तमान बाज़ार रुझानों और अपेक्षित नीति प्रभावों पर आधारित हैं, निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपना स्वयं का शोध करें और यदि आवश्यक हो तो पेशेवर सलाह लें। सूचित रहकर और रणनीतिक निवेश निर्णय लेकर, खुदरा निवेशक सरकार के एजेंडे द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

ध्यान दें : इस लेख में उल्लिखित स्टॉक केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए हैं और इन्हें वित्तीय सलाह के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। शेयर बाजार में निवेश करने में जोखिम शामिल है और कोई भी निवेश निर्णय लेने से पहले गहन शोध करना या परामर्श आवश्यक है।

वित्तीय समावेशन: वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ाने के लिए जन धन योजना जैसी पहल को मजबूत करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना।

क्षेत्रीय प्रभाव और स्टॉक अनुशंसाएं: उपरोक्त एजेंडे को देखते हुए, कई क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ होने की संभावना है। आइए उन शेयरों पर गौर करें जिन पर खुदरा निवेशकों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए...

1. बुनियादी ढांचा-अल्पकालिक निवेश: लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) लार्सन एंड टुब्रो भारत में एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है, जिसके पास मजबूत ऑर्डर बुक और मजबूत निष्पादन क्षमताएं हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार के दबाव के परिणामस्वरूप एलएंडटी के ऑर्डर में वृद्धि और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होगा।

मध्यम अवधि का निवेश: अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू होंगी, सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री की मांग बढ़ेगी। भारत में सबसे बड़े सीमेंट उत्पादकों में से एक होने के नाते, अल्ट्राटेक सीमेंट को इस बढ़ी हुई मांग से लाभ होगा।

दीर्घकालिक निवेश: आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स सड़क और राजमार्ग निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी है। सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, आईआरबी दीर्घकालिक विकास के लिए अच्छी स्थिति में है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) परियोजनाओं पर कंपनी का ध्यान स्थिर राजस्व प्रवाह और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करता है।

2. डिजिटल परिवर्तन- अल्पकालिक निवेश: इंफोसिस आईटी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी इंफोसिस, डिजिटल परिवर्तन पहल से लाभान्वित होने के लिए तैयार है। डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा में कंपनी की उपस्थिति इसे अल्पकालिक लाभ की स्थिति में लाती है क्योंकि व्यवसायों और सरकार ने डिजिटल अपनाने को बढ़ावा दिया है।

मध्यम अवधि का निवेश: टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज एक अन्य आईटी दिग्गज टीसीएस के पास सेवाओं का एक विविध पोर्टफोलियो और एक मजबूत ग्राहक आधार है। चल रहे डिजिटल परिवर्तन से टीसीएस की सेवाओं की मांग बढ़ेगी, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

दीर्घकालिक निवेश: प्रमुख दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल भारत की डिजिटल क्रांति में सबसे आगे है। 5जी तकनीक में कंपनी का निवेश और अपनी ब्रॉडबैंड सेवाओं का विस्तार इसे एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश बनाता है। जैसे-जैसे डिजिटल सेवाओं का प्रसार होता है, कंपनी को निरंतर विकास से लाभ होगा।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,750
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,450
गिन्नी (प्रति नग)	54,750-54,950

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	71,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,500
चांदी तैयार	89,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	71,600
सोना जेवरात गिन्नी	70,600
चांदी पक्की	883 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,050
चांदी आभूषण	89,300।

सोने की कीमत में 250 और चांदी में 800 रुपये की हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये उछलकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन 3 माह के निचले स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के मुताबिक पांच प्रतिशत बढ़ा उत्पादन

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन की वजह से 3 माह के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, इस दौरान खनन और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों का सूचक माना जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल महीने में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च, 2024 में 5.4 प्रतिशत रही थी जबकि फरवरी में यह 5.6 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह अप्रैल में यह सूचकांक मासिक आधार पर घटा है। आईआईपी का पिछला निचला स्तर जनवरी, 2024 में 4.2 प्रतिशत रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में आईआईपी वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी।

चौहान ने कृषि क्षेत्र में नई जान फूंकने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनाई

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया।

जीवन बीमा कंपनियों को पॉलिसी पर उपलब्ध करानी होगी ऋण सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी

- इरडा ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों के लिए लागू किया नियम

भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है, जिससे पॉलिसीधारकों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में सभी विनियमों को एकीकृत करने वाले मास्टर परिपत्र को बुधवार को जारी करते हुए इरडा ने कहा कि फ्री-लुक अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। फ्री-लुक अवधि में पॉलिसी के नियमों तथा शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय प्रदान किया जाता है। नया मास्टर परिपत्र सामान्य बीमा पॉलिसी के लिए नियामक द्वारा की गई इसी प्रकार की प्रक्रिया के बाद आया है। इरडा ने कहा-यह बीमा नियामक द्वारा पॉलिसीधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए सुधारों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव और संतुष्टि को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।

राष्ट्रीय

दबाव बनाने की रणनीति पर नहीं जारी कर सकते एलओसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बैंक की ओर से जारी किया गया लुकआउट सर्कुलर खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब धोखाधड़ी या पैसे की हेराफेरी का कोई आरोप न हो तो बैंक कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी नहीं कर सकता।

अदालत ने उस कंपनी के पूर्व निदेशक के खिलाफ जारी एलओसी को खारिज कर दिया, जो कर्ज चुकाने में विफल रही और जिस पूर्व निदेशक ने कर्ज के लिए गारंटी दी थी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि एलओसी विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति के लिए एक बड़ी बाधा है। इसने कहा कि

किसी व्यक्ति को बहुत ही मजबूर करने वाले कारणों के अलावा विदेश जाने के उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 28 मई को पारित अपने फैसले में कहा-इस न्यायालय की राय है कि कानून में उपलब्ध सभी उपायों का सहारा लेने के बाद बैंक उस व्यक्ति से कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर एलओसी जारी नहीं कर सकता, जो अधिक भुगतान करने में असमर्थ हो और उसके खिलाफ ऋण धोखाधड़ी में शामिल होने या ऋण राशि के गबन का आरोप न हो।

अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है और न ही उसके खिलाफ गबन में शामिल होने का कोई आरोप है। याचिकाकर्ता कंपनी के निदेशकों में से एक था, जिसने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त 69 करोड़ रुपये के ऋण की गारंटी दी थी। बाद में उसने कंपनी से इस्तीफा दे दिया और दूसरी संस्था में नौकरी करने लगा। कंपनी के ऋण चुकाने में विफल रहने के बाद बैंक ने विभिन्न कानूनों के तहत उसके (निदेशक के) खिलाफ कार्यवाही शुरू की और एलओसी जारी करने का भी अनुरोध किया।

अदालत ने कहा कि यद्यपि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत विदेश यात्रा करने के अधिकार की गारंटी दी गई है और इसे मनमाने एवं अवैध तरीके से नहीं छीना जा सकता है, लेकिन "अब बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां बैंक बिना किसी आपराधिक कार्यवाही शुरू किये पैसे वसूलने के उपाय के तौर पर लुकआउट सर्कुलर खोलने पर जोर दे रहे हैं।

न्यायालय ने कहा-बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता

अदालत ने कहा कि केंद्र के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एलओसी तब जारी किया जा सकता है जब किसी व्यक्ति की विदेश रवानगी भारत की संप्रभुता या सुरक्षा या अखंडता या द्विपक्षीय संबंधों अथवा भारत के रणनीतिक और/या आर्थिक हितों के लिए हानिकारक हो। अदालत ने कहा कि बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता है, क्योंकि नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उपर्युक्त के मद्देनजर, याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को रद किया जाता है।

ओडिशा के 15वें मुख्यमंत्री बने मोहन माझी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- केवी सिंहदेव और प्रभाती परिदा बने डिप्टी सीएम

आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी

मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भुवनेश्वर में शपथ लेते हुए। ●

बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह पहली बार है जब ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी है। समारोह में मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जुएल उरांव, अश्विनी वैष्णव और अन्य लोग शामिल हुए।

सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गणेश राम सिंह खूंटिया, सूर्यबंशी सूरज, प्रदीप बालासनंता, गोकुला नंदा मल्लिक और संपद कुमार स्वैन ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र) के रूप में शपथ ली।

चंद्रबाबू ने संभाली आंध्र की कमान, पवन कल्याण बने उपमुख्यमंत्री

अमरावती। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं पवन कल्याण अब बतौर डिप्टी सीएम आंध्रप्रदेश का कार्यभार सभालेंगे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की। हाल में हुए चुनाव में नायडू ने अपनी कुप्पम सीट बरकरार रखी, जबकि पवन कल्याण और लोकेश ने पिथापुरम और मंगलगिरि विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जे.पी. नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण और अभिनेता रजनीकांत तथा चिरंजीवी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

एक नजर

येदियुरप्पा ने की पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने अपने खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग करते हुए राज्य के उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। श्री येदियुरप्पा ने 12 जून को दायर की गई याचिका में तर्क दिया गया है कि शिकायत में अपराध के किसी भी तत्व का अभाव है। यह मामला 14 मार्च का है, जब एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

ठाणे में एक रसायन कारखाने में लगी आग

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में बंद पड़े एक रसायन कारखाने में बुधवार को सुबह आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख दीपक निकम ने बताया कि आग से अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग के साथ-साथ कारखाने की एक इकाई में विस्फोट भी हुआ है। उन्होंने कहा कि कारखाने से निकल रहे धुएं को दूर से देखा जा सकता था। यह कारखाना अमुदन केमिकल्स के पास स्थित है।

लोग परेशान हैं, टैंकर माफिया के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आप सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। न्यायालय ने कहा कि यदि उसी पानी को टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है, तो उसे पाइपलाइन के माध्यम से क्यों नहीं उपलब्ध कराया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कानून हो सकते हैं तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते। पीठ ने कहा-यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में कहां जा रहा है? यहां इतनी चोरी हो रही है, टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। क्या आपने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई की है? यदि आप कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम इस मामले को दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे। लोग परेशान हैं। टैंकर से वही पानी आ रहा है लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं है। इसने मौखिक रूप से कहा-हर चैनल पर तस्वीरें देख रहे हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया काम कर रहा है। आपने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं? हलफनामे से पता चलता है कि ये मामले 2018, 2019 और 2021 में भी सामने आए हैं। हर बार यह अदालत कहती है कि हम ऐसा नहीं कर सकते, यह काम यमुना जल बोर्ड (ऊपरी यमुना नदी बोर्ड-यूवाईआरबी) द्वारा किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा-यदि यह समस्या बार-बार आती है तो आपने दोनों बैराज से आने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं? कृपया हमें बताएं कि आपने टैंकर माफियाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है या कोई प्राथमिकी दर्ज की है।

फीजिक्स वाला ने नीट-यूजी में कृपांक दिए जाने को शीर्ष अदालत में दी चुनौती

नई दिल्ली। शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फीजिक्स वाला के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे ने मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा नीट-पीजी 2024 में शामिल होने वाले 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कथित तौर पर बेतरतीब ढंग से कृपांक दिए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 की शुचिता प्रभावित हुई है। न्यायालय ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर नीट-यूजी 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जवाब मांगा है।

मप्र में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत, कई अन्य अस्पताल में भर्ती

भिंड। मध्यप्रदेश के भिंड जिले के फूप कस्बे में पिछले दो दिनों में कथित तौर पर दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सोमवार सुबह से क्षेत्र के मुख्य रूप से नगर निगम के तीन वार्डों से जल जनित संक्रमण की सूचना मिली, इसके बाद उल्टी और दस्त से पीड़ित रोगियों की संख्या 84 हो गयी। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि के चलते एक शिविर स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री ने रियासी आतंकी हमले पर क्यों साध रखी है चुप्पी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा मोदी को हमले की निंदा करने का नहीं मिला समय

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले का हवाला देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की नया कश्मीर नीति के विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस हमले की निंदा करने का समय नहीं मिला और उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सवाल किया कि आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमले की साजिश करने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये

गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश जवाब मांग रहा है-आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की झूठे ही सीना ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा-पिछले तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की बाढ़ आ गई है, जबकि पीएम मोदी पाकिस्तानी नेताओं-नवाज शरीफ और शाहबाज शरीफ के बधाई ट्वीट्स (एक्स पर पोस्ट) पर जवाबी पोस्ट करने में व्यस्त हैं। उन्होंने नृशंस आतंकी हमलों पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोला? उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी है? उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के भाजपा के बड़बोलेपन और खोखले दावों की पूरी तरह से पोल खुल गई है। खेड़ा ने आरोप लगाया, यह तथ्य कि भाजपा ने कश्मीर घाटी में चुनाव लड़ने की भी जहमत नहीं उठाई, इस बात का प्रमाण है कि उनकी नया कश्मीर नीति पूरी तरह विफल रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया, क्या यह सच नहीं है कि पिछले 2 वर्षों में पीर पंजाल रेंज - राजौरी और पुंछ, अब सीमा पार आतंकवाद का गढ़ बन गया है और पिछले दो वर्षों में इन इलाकों में हुए आतंकी हमलों में 35 से ज्यादा जवान शहीद हो चुके हैं।

श्रीलंका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो, एजेंसी

- 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे चुनाव

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत हार-जीत के बजाय द्वीपीय राष्ट्र की सफलता और असफलता का निर्धारण करेंगे। बुधवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले महीने श्रीलंका के चुनाव आयोग ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव इसी साल 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।

बुधवार को नीति सुधार पर एक चर्चा के दौरान 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने कहा, आगामी चुनाव का परिणाम केवल मेरी व्यक्तिगत जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि यह चुनाव निर्धारित करेगा कि हमारा देश सफल होगा या विफल। जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे ने फिर से चुनाव कराने को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने उनके बयान को दिखाया, जिसमें उन्होंने कहा, यह चुनाव हमारे देश की प्रगति के लिए सबसे प्रभावी प्रणाली को चुनने का है।

अमेरिका ने रूस पर लगाए और प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस पर लगे प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाते हुए 300 से अधिक नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिनका मकसद चीन, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की समेत विभिन्न देशों के व्यक्तियों व कंपनियों को रूस की सहायता करने से रोकना है। अमेरिका ने यह कदम इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन से पहले उठाया है, जिसमें यूक्रेन के लिए समर्थन बढ़ाना और रूस की युद्ध मशीनरी को खत्म करना शीर्ष प्राथमिकताएं होंगी।

बुधवार को लगाए गए प्रतिबंधों में उन चीनी कंपनियों को निशाना बनाया गया है, जो युद्ध में रूस की मदद कर रही हैं। अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से चार हजार रूसी कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिसका मकसद रूस को मिलने वाले धन और हथियारों पर रोक लगाना है।

गधों के सहारे पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

इस्लामाबाद, एजेंसी। कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गयी है। मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण (पीईएस) 2023-24 जारी किया गया जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

घोड़े और खच्चरों की संख्या में खास बदलाव नहीं

बोझ ढोने वाले जानवरों की संख्या 2019-2020 में 55 लाख थी। यह संख्या 2020-21 में 56 लाख, 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 59 लाख हो गई है। इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, तथा यह क्रमशः चार लाख और दो लाख है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढ़कर 12 लाख हो गई है।

मीट और दवाओं के लिए होता है उपयोग

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गधे की कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये प्रति किलो के बीच है। गधे की खाल से शक्तिवर्धक और ब्यूटी केयर से संबंधित दवाएं चीन में बनाई जाती हैं। इसीलिए पाकिस्तान से गधों का सबसे बड़ा आयातक चीन है।

हर साल सदाबहार मित्र को बेचता है पांच लाख गधे

पाकिस्तान हर साल पांच लाख गधे चीन को बेचता है। पाकिस्तान की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का अधिक से अधिक निर्यात करने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत के ओंकारा जिले में 3000 एकड़ से ज्यादा का एक फार्म का भी निर्माण कराया है।

दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी चीन में

पाकिस्तान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी गधों की आबादी वाला देश है। वो अपने सदाबहार मित्र चीन को गधों का निर्यात करके लाखों कमाने की योजना पर काम कर रहा है। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था, लेकिन इन दोनों देशों पर प्रतिबंध लगने के बाद चीन पाकिस्तान से गधे मंगा रहा है।

(अमृत विचार न्यूज डेस्क)

एक नजर

जॉर्जिया में गोलीबारी चार लोगों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत की राजधानी अटलांटा के पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी। मेयर आंद्रे डिकेंस ने यहां अपने बयान में कहा, पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में चार लोगों को गोली मारे जाने के बाद इमारत को अब बंद कर दिया गया है। मैं चीफ के साथ सार्वजनिक सुरक्षा मुख्यालय में हूं। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। अटलांटा पुलिस विभाग ने एक्स पर लिखा कि अधिकारी 235 पीचट्री स्ट्रीट एनडब्ल्यू में हुयी गोलीबारी की जांच में जुटे हैं, जिसमें कई लोग मारे गये।

फ्रांसीसी गायिका हार्डी का निधन

पेरिस। फ्रांस की गायिका और अभिनेत्री फ्रेंकोइस हार्डी का निधन हो गया है। वह 80 वर्ष की थीं। हार्डी के बेटे, गायक और गिटारवादक थॉमस ड्यूट्रोनक ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। ड्यूट्रोनक ने मंगलवार को कहा, माँ चली गई और युवा हार्डी के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने मंगलवार को गायिका के रिश्तेदारों का हवाला देते हुए बताया कि वह कई वर्षों से लिंफोमा से लड़ रही थीं और 2019 में उन्होंने घोषणा की कि उन्हें एक नए कैंसर का पता चला है। हार्डी ने 2024 में घोषणा की कि वह फिर कभी नहीं गा सकेंगी।

कांगो में नाव डूबने से 86 लोगों की मौत

किंशासा। पश्चिमी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में सोमवार देर रात एक नदी में नाव डूबने से 21 बच्चों सहित कम से कम 86 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे लेदिबा गांव के पास हुआ। नाव मुशी शहर से डीआरसी की राजधानी किंशासा जा रही थी। सूत्रों ने कहा कि अब तक 185 लोगों को बचाया गया है एवं मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

हंगरी के प्रधानमंत्री से मिलेंगे नाटो प्रमुख

मॉस्को। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग बुधवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से वहां मुलाकात करेंगे। नाटो की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच अमेरिका के वाशिंगटन में होने वाले आगामी नाटो शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा होने की उम्मीद है। एजेंडे में यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन भी शामिल है।

उत्तरी इजरायल में 160 रॉकेट दागे गए : सेना

पूर्व में इजरायली हमलों में मारे गए थे हिजबुल्लाह के चार सदस्य

यरूशलम, एजेंसी

- अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर जाकर गिरे
- गोलाबारी के जवाब में इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया

इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तरी इजरायल में लेबनान की ओर से लगभग 160 रॉकेट दागे गए। यह हमला बुधवार सुबह इजरायली हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें एक शीर्ष कमांडर सहित हिजबुल्लाह के चार सदस्य मारे गए। सात अक्टूबर, 2023 को इज़राइल-हमास संघर्ष के नए दौर की शुरुआत के बाद इस गोलीबारी ने इजरायल पर लेबनान आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े रॉकेट हमले को चिह्नित किया।

सेना ने कहा कि सुबह लगभग 90 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई जिसे लेबनान की ओर से दागा गया। राष्ट्रीय अग्निशमन एवं बचाव प्राधिकरण ने कहा कि रॉकेटों से कई इलाकों में आग लग गई। बाद में सुबह में, ऊपरी गैलिली क्षेत्र में पश्चिमी गैलिली और माउंट मेरोन की ओर लगभग 70 रॉकेट दागे गए, जहां एक प्रमुख हवाई रक्षा नियंत्रण इकाई स्थित है। सेना ने कहा कि कई प्रक्षेपास्त्रों को रोक दिया गया। उनमें से अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर गिरे। सेना ने कहा कि विवरण की जांच की जा रही है। अब तक, इजरायल की ओर से किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। नवीनतम गोलाबारी के जवाब में, इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया। ऊपरी गैलिली क्षेत्रीय परिषद ने निवासियों से अतिरिक्त गोलीबारी का हवाला देते हुए बाहरी गतिविधियों को केवल आवश्यक कार्यों तक सीमित करने का आह्वान किया।

प्रस्तावित समझौते को हमास ने किया खारिज

मॉस्को। फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने बंधकों को मुक्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रस्तावित समझौते को खारिज कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को एक इजरायली अधिकारी के हवाले यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमास ने बाइडेन के प्रस्ताव के मुख्य मापदंडों को बदल दिया है।

कांगो की पहली महिला प्रधानमंत्री ने शपथ ली

किंशासा। जूडिथ सुमिनवा तुलुका ने बुधवार को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। तुलुका ने अपने बयान में कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाली पहली कांगो महिला प्रधानमंत्री बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह पद ग्रहण कर मैं इस क्षण के ऐतिहासिक महत्व से पूरी तरह अवगत हूं। मुझे अपने ऊपर जिम्मेदारी का भार और गणतंत्र के भीतर प्रतिनिधित्व करने के विचार पर अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है।

नोबेल पुरस्कार विजेता पर आरोप तय

ढाका, एजेंसी

- 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन का मामला

बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी ग्रामीण टेलीकॉम पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने यूनुस और अन्य लोगों पर ग्रामीण टेलीकॉम के श्रमिक कल्याण कोष से करीब 20 लाख अमेरिकी डॉलर का गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण टेलीकॉम देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी ग्रामीणफोन की 34.2 प्रतिशत हिस्सेदार है। ग्रामीणफोन नॉर्वे की दूरसंचार दिग्गज टेलीनॉर की सहायक कंपनी है। कंपनी पर धन शोधन का भी आरोप है।न्यायाधीश हुसैन ने कहा कि अभियोजन पक्ष पहले ही अपनी दलीलों को साबित कर चुका है, जिसमें पैसों को अवैध रूप से विदेश भेजने के आरोप भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुकदमे पर सुनवाई 15 जुलाई से शुरू होगी। यूनुस को जनवरी में श्रम कानूनों के उल्लंघन के एक अलग आरोप में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी।

यूक्रेन को मिलेगी एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली

वाशिंगटन, एजेंसी

रूस के शक्तिशाली हमलों से जूझ रहे उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में जवाबी हमलों के लिए हवाई सुरक्षा संबंधी मदद मांग रहे यूक्रेन को अमेरिका एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली देगा। दो अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है। अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली यह दूसरी पैट्रियट प्रणाली होगी। इस निर्णय की हालांकि सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है। इस निर्णय के बारे में सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी है।

अमेरिका, यूक्रेन के राष्ट्रपति करेंगे द्विपक्षीय बैठक

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की इस सप्ताह के अंत में इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बैठक में गुरुवार को राष्ट्रपति बाइडेन और राष्ट्रपति जेलेंस्की यूक्रेन के वर्तमान और भविष्य के लिए अमेरिका के समर्थन पर चर्चा करेंगे। बाइडेन ने यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब डॉलर के नए वित्तपोषण के लिए एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पिछले महीने के अंत में अमेरिका से पैट्रियट प्रणाली मांगी थी। मिसाइल प्रणाली भेजने का यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों के रक्षा विभाग से जुड़े नेता यूक्रेन की सुरक्षा आवश्यकताओं पर अपनी मासिक बैठक की तैयारी में जुटे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन गुरुवार को ब्रसेल्स में बैठक की मेजबानी करेंगे।

नाथन लॉ सहित छह विदेशी कार्यकर्ताओं का पासपोर्ट रद

हांगकांग, एजेंसी

- हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की कार्रवाई

हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेश स्थित छह कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। इसके साथ ही देश छोड़कर गए असंतुष्टों पर कार्रवाई तेज हो गई है। इससे प्रभावित होने वालों में लोकतंत्र समर्थक नाथन लॉ, श्रमिक नेता मुंग सिउ-टैट और कार्यकर्ता साइमन चेंग, फिन लाउ, जॉनी फॉक और टोनी चोई शामिल हैं। अधिकारियों ने सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है।

सरकार ने कहा कि वे ब्रिटेन भाग गए हैं। पिछले साल पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए उनके बारे में सूचना देने वाले को 128,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की थी, जिसकी पश्चिमी देशों की सरकारों ने तीखी आलोचना की थी। आधिकारिक बयान के अनुसार अधिकारियों ने अन्य प्रतिबंधों के अलावा किसी को भी इन छह लोगों को धन या आर्थिक संसाधन प्रदान करने, उन्हें संपत्ति पट्टे पर देने या उनके साथ कोई संयुक्त उद्यम शुरू करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

सरकार से बातचीत को तैयार इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष ने अपना विचार बदला

अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था। जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए। पीटीआई इमरान की पार्टी है। इमरान अभी अडियाला जेल में बंद हैं।

पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा, हमने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे।

पाकिस्तानी यूट्यूबर को हिरासत में लिया गया

लाहौर। पाकिस्तान के लोकप्रिय यूट्यूबर और टेलीविजन एंकर इमरान रियाज खान को बुधवार को यहां लाहौर हवाई अड्डे पर खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों ने कथित तौर पर हिरासत में ले लिया। उनके वकील ने यह दावा किया। रियाज को सेना का मुखर आलोचक माना जाता है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक रियाज हज की खातिर सऊदी अरब रवाना होने के लिए सुबह लाहौर हवाई अड्डे पर पहुंचे। रियाज के वकील एडवोकेट अजहर सिद्दीकी के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने उनका अपहरण कर लिया, जिनके साथ पुलिसकर्मी भी थे। उन्होंने कहा कि खान ने अपने अपहरण का विरोध भी किया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

हज यात्रा के लिए 15 लाख से अधिक मुसलमान पहुंचे मक्का

मक्का, एजेंसी

- 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज यात्रा की थी

इस सप्ताह के आखिर में शुरू हो रही हज यात्रा से पहले हज जायरीन बड़ी संख्या में सऊदी अरब के मक्का पहुंचे हैं। सऊदी अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार तक 15 लाख से अधिक विदेशी हज जायरीन देश में पहुंच चुके हैं, जिनमें से अधिकतर दुनिया भर के अलग-अलग देशों से हवाई मार्ग से यहां पहुंचे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर शुरू हो रहे हज के लिए और भी लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा, सऊदी अरब में रहने वाले हजारों मुसलमान और अन्य लोग भी हज में शामिल होंगे।

सऊदी अधिकारियों ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल हज यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 2023 से ज्यादा होगी। उन्होंने बताया कि 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज किया था जबकि कोविड वैश्विक महामारी से पहले, 2019 में 24 लाख से ज्यादा मुसलमानों ने हज किया था। फलस्तीनी मंत्रालय के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में मक्का पहुंचने वाले हज जायरीनों में 4,200 फलस्तीनी लोग भी शामिल हैं। मक्का की विशाल मस्जिद में मंगलवार को हज जायरीनों की भारी भीड़ दिखाई और उन्होंने काबा के चारों ओर सात बार घूमकर एक अनुष्ठान पूरा किया।

बॉलीवुड हलचल

निरहुआ-आम्रपाली का गाना फसल में जान बसल रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और देसी क्वीन आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म फसल का गाना फसल में जान बसल वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया है। फसल में जान बसल गाना देसी अंदाज में खेतों में हल चला रहे किसान साथियों के साथ निरहुआ और आम्रपाली पर फिल्माया गया है। इस गाने में जहां किसान के लुक में दिनेशलाल यादव निरहुआ सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं तो वहीं ग्रामीण औरत के देसी लुक में आम्रपाली दुबे अपनी अदा का बिजली गिरा रही हैं। इस गाने को सिंगर कल्पना पटवारी और आलोक कुमार ने गाया है वहीं इसका संगीत ओम झा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फ़िल्म फसल के निर्माता प्रेम राय हैं, जबकि निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फ़िल्म फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखा है। फ़िल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है।

अजय फिर मचायेंगे धमाल

मुबई, एजेंसी। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी। अब इंद्र कुमार धमाल 4 लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि धमाल 4 को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे।यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।

फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। इश्क विश्क रिबाउंड वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी। ट्रेलर में दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जिनके बीच लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा।

खगोल विज्ञान विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की

तारों के विकास को प्रभावित करता है ब्लैक होल

अमृत विचार, नैनीताल

- खतरनाक होते हैं आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट
- अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया

आकाशगंगाओं के विकास को प्रभावित करने में सक्रिय ब्लैक होल अहम रोल अदा करते हैं। यह तारों को नष्ट करने के अलावा उनके विकास में भी सहायक होते हैं। विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो दस हजार मील प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ते हैं और अपने पड़ोसी तारों को छिन्न भिन्न कर जाते हैं या फिर बन रहे तारों के विकास में योगदान कर जाते हैं। इस घटना में बड़ा लाभ आकाशगंगा को मिलता है। जिसमें उसका विकास आगे बढ़ता है। यह एक ऐसी खोज है, जो इस बात पर प्रकाश डालने में मदद करती है कि कैसे सक्रिय ब्लैक होल लगातार नए सितारों के विकास को गति देकर या समाप्त करके अपनी आकाशगंगाओं को आकार दे सकते हैं। खगोल विज्ञानी प्रो कैथरीन ग्रायर और रॉबर्ट व्हीटली के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने अरबों प्रकाश वर्ष दूर विशेष रूप से उज्ज्वल और अशांत प्रकार के ब्लैक होल के क्वासर से एकत्र किए गए वर्षों के डेटा का उपयोग करके त्वरित गैस का पता लगाया। तब इस रहस्य का पता चल पाया। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया।

आकाशगंगाओं के बीच होते हैं ब्लैक होल

नैनीताल : वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक होल अधिकांश आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। क्वासर महाविशाल ब्लैक होल हैं जो ब्लैक होल की विशाल गुरुत्वाकर्षण शक्ति द्वारा खींचे जाने वाले पदार्थ की डिस्क से घिरे होते हैं। यह असीम शक्तिशाली होते हैं। जो अपने नजदीकी तारों को निगल जाने की ताकत रखते हैं।

ब्लैक होल से निकलते विकिरण की तस्वीर।